

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 51 | रांची, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 (माघ शुक्ल 02, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## झारखंड के रामगढ़ में साइबर अपराधियों ने ठगे आठ लाख

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



- अपर समाहर्ता के बिजनेस एनालिस्ट को किया हाउस अरेस्ट


**रामगढ़।** साइबर क्रिमिनल्स आम नागरिकों को हाउस अरेस्ट और अश्लील तस्वीरें दिखाकर अक्सर ठगने का काम करते हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। रामगढ़ शहर में अपर समाहर्ता कार्यालय के बिजनेस एनालिस्ट सुरेंद्र प्रसाद को भी साइबर क्रिमिनल्स ने अपना शिकार बनाया। उन्हें ऑनलाइन ही हाउस अरेस्ट कर दिया और इतना डराया कि उन्होंने 8 लाख रुपए साइबर क्रिमिनल्स को ट्रांसफर कर दिया। उन्हें बाद में संदेह हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है, तो वह सीधे थाने पहुंचे। रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

प्राथमिकी के अनुसार अपर समाहर्ता के राजस्व शाखा में बिजनेस एनालिस्ट के रूप में कार्यरत सुरेंद्र प्रसाद रामगढ़ थाना क्षेत्र के हेसला गांव के रहने वाले हैं। शेष पेज 08 पर

# संसद का बजट सत्र आज से, गूंजेगा महाकुंभ भगदड़ का मुद्दा

एजेंसियां

**पेश हो सकते हैं वक्फ संशोधन बिल समेत 16 विधेयक**



**पेश किए जा सकते हैं ये विधेयक**

- बैंकिंग (संशोधन) विधेयक, 2024
- रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024
- आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024
- तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024
- बॉयलर बिल, 2024
- गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2024
- वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024
- मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024
- बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2024
- समुद्र द्वारा माल की ढुलाई विधेयक, 2024
- तटीय नौवहन विधेयक, 2024
- मर्चेंट शिपिंग बिल, 2024
- वित्त विधेयक, 2025
- विमान वस्तुओं में हितों का संरक्षण विधेयक, 2025
- 'त्रिभुवन' सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025
- आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र शुक्रवार, 31 जनवरी से शुरू हो रहा है। इस दौरान राष्ट्रपति अभीभाषण के साथ आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार 16 महत्वपूर्ण बिल भी बजट सत्र के दौरान सरकार पेश करेगी।

बजट सत्र को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में सरकार की तरफ से बजट सत्र का एजेंडा पेश किया गया। साथ ही सभी दलों के नेताओं से बजट सत्र में शांतिपूर्ण सत्र चलाने की अपील की गई। सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने अपने इरादे साफ कर दिए। समाजवादी पार्टी ने महाकुंभ में हुए हादसे के मुद्दे पर सदन में चर्चा की मांग की। इस घटना पर पारदर्शिता के साथ जांच कराई जाने की भी बात कही।

**बुलाई गई सर्वदलीय बैठक :** बजट सत्र को लेकर गुरुवार, 30 जनवरी को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू को तरफ से सर्वदलीय बैठक संसद में बुलाई गई थी। बैठक में एनडीए के अलावा विपक्षी दल के फ्लोर लीडर्स भी शामिल हुए। बैठक में सरकार ने बजट सत्र का एजेंडा रखते हुए बताया कि सरकार की ओर से इस सत्र के बजट पेश करने समेत 16 महत्वपूर्ण बिल पेश किए जाएंगे। जिसमें वक्फ संशोधन बिल 2024, मुसलमान वक्फ रिपील बिल 2024 भी शामिल है।

बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की, जो राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और सत्र के दौरान उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### पांच को प्रयागराज जाएंगे पीएम मोदी, महाकुंभ में करेंगे पवित्र स्नान



**नई दिल्ली।** प्रयागराज में जारी महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी संगम में डुबकी लगाने वाले हैं। प्रधानमंत्री 5 फरवरी को प्रयागराज जाएंगे और पवित्र स्नान करेंगे। ऐसी खबर है कि पीएम मोदी महाकुंभ में करीब 4 घंटे रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने जाएंगे। 1 फरवरी को उपराष्ट्रपति प्रयागराज जाएंगे, तो राष्ट्रपति मुर्मू 10 फरवरी को महाकुंभ जाने वाली हैं।

### लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी गई जेपीसी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** वक्फ कानूनों में संशोधनों से संबंधित विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को 11 मतों की तुलना में 15 मतों के बहुमत से स्वीकार कर लिया गया। जेपीसी लोकसभा सचिवालय को गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी और आगामी बजट सत्र में इसे दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। मानसून सत्र के दौरान पेश किए जाने के समय से ही विपक्ष वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करता रहा है। जेपीसी की बैठक के दौरान भी यह देखने को मिला।

### अमेरिका: प्लेन व हेलीकॉप्टर क्रैश में सभी 67 की मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास आसमान में अमेरिकन एयरलाइंस के एक विमान और हेलीकॉप्टर में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर के बाद विमान और हेलीकॉप्टर टूट कर एक नदी में गिर गए। शेष पेज 08 पर

# मंईयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़ा: एक ही बैंक खाते से 94 बार हुआ आवेदन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) में किये गए भौतिक सत्यापन में लगातार चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। अब तक हुए सत्यापन में कुल 11 सरकारी एवं निजी बैंकों के 50 ऐसे बैंक खातों को चिन्हित किया गया है, जिनका उपयोग कई बार आवेदन करने में किया गया है। आवेदन के क्रम में एक ही बैंक खाता का 96 बार, 90 बार, 80 बार, 70 बार, 50 बार, 40 बार व 30 बार इस्तेमाल किया गया है। इस कार्य में संलिप्त कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को भी चिह्नित किया गया है। इस मामले में बड़ा खुलासा होने के बाद उपायुक्त ने फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।

**इन बैंकों के खातों का किया गया इस्तेमाल :** आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़ा करने के लिए फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड, इंडसइंड बैंक लिमिटेड बोकारो, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीबीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक एवं एयरटेल पेमेंट बैंक के 50 बैंक खातों का इस्तेमाल किया गया है। शेष पेज 08 पर

**उपायुक्त के आदेश पर दर्ज होगा मुकदमा**




**एक ही बैंक खाते से अलग-अलग नाम से किया आवेदन**

आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा योजना के लाभुकों के भौतिक सत्यापन के क्रम में एक ही बैंक खाता का नंबर दर्ज कर अलग-अलग नाम से अलग-अलग प्रखंडों से कुल 95 बार आवेदन किया गया है। इसमें चास प्रखंड, चास नगर निगम क्षेत्र से कुल 67 बार एवं गोमिया प्रखंड से 28 बार आवेदन किया गया है। जांच क्रम में यह भी पता चला है कि इंडसइंड बैंक में ही ऐसे ज्यादातर बैंक खाता खुले हैं। यह सभी आवेदन पलामू जिले के डालटनगंज के मेदनीनगर स्थित सीएससी वीएलई सुमित कुमार के आइडी सं. 542316220013 से किया गया है।

## सीएम हेमंत ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि कहा-बापू के विचार हमारे लिए प्रेरणा स्रोत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बापू वाटिका, मोरहाबादी, रांची में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने बापू की प्रतिमा के समक्ष पूर्वाह्न 11 बजे से 2 मिनट का मौन धारण किया।

**विचारों का महत्व :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। महात्मा गांधी भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और आदर्श हमें हमेशा मार्गदर्शन देंगे। उनके विचारों से देशवासियों को निरंतर प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना, उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**महापुरुषों की प्रेरणा :** मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारे बीच ऐसे अनेक महापुरुष हुए हैं, जिनके पदचिन्हों पर चलकर हम आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने बापू को शत-शत नमन करते हुए सभी को उनके विचारों का सम्मान करने का आह्वान किया।

**झारखंड शिक्षक भर्ती को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

## अब जेटेट पास अभ्यर्थी ही कर सकेंगे आवेदन

- सीटेट या अन्य टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए झटका

एजेंसियां



**नई दिल्ली।** झारखंड में 26,000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) और अन्य राज्यों की टीईटी (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने की इजाजत दी गई थी। अब सिर्फ झारखंड टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेटेट) पास उम्मीदवार ही इन पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे।

**क्यों खारिज हुआ हाईकोर्ट का फैसला :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि झारखंड के प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं (संथाली, खोरठा, नागपुरी) का ज्ञान जरूरी है, जो सिर्फ जेटेट पास अभ्यर्थियों के पास ही होता है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने माना कि सीटेट या दूसरे राज्यों के टीईटी पास अभ्यर्थियों को इन भाषाओं की जानकारी नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ेगा। शेष पेज 08 पर

**क्या होगा अब**

- अब तक हुए सभी इंटरव्यू और परीक्षा प्रक्रिया को जेटेट पास अभ्यर्थियों के आधार पर ही आगे बढ़ाया जाएगा।
- सीटेट या अन्य टीईटी पास उम्मीदवारों के लिए यह निर्णय बड़ा झटका है, क्योंकि वे अब इस भर्ती में शामिल नहीं हो सकेंगे।
- झारखंड सरकार ने यह भर्ती प्रक्रिया राज्य के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शुरू की थी।
- सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से साफ है कि झारखंड जैसे राज्यों में स्थानीय भाषाओं और संस्कृति को शिक्षा में प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि, इससे राज्य में शिक्षक भर्ती को लेकर चल रही उलझनें अभी खत्म नहीं हुई हैं।

## हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा पास किए बिना नहीं मिलेगी वार्षिक वेतनवृद्धि व पेंशन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**वित्त विभाग ने जारी किया आदेश**

**रांची।** झारखंड के सरकारी कर्मियों की वार्षिक वेतनवृद्धि और पेशन को लेकर वित्त विभाग ने 27 जनवरी, 2025 एक आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी विभाग के संयुक्त सचिव पंकज कुमार सिंह ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त, विभागाध्यक्ष, उपायुक्तों को दी है।

आदेश में कहा गया है कि निर्देशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा नियमावली-1968 के आलोक में चतुर्थ वर्ग के कर्मियों को छोड़कर शेष सभी कर्मियों को हिन्दी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा अथवा हिन्दी लिखने पढ़ने की परीक्षा उत्तीर्ण हुए बिना वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति नहीं दी जा सकती। यदि उक्त परीक्षा उत्तीर्ण हुए बिना वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति दी जाती है, तो उसे अनियमितता माना जाना चाहिए। यदि किसी मामले में वेतनवृद्धि स्वीकृत कर ली गयी है और सेवानिवृति/सेवाकाल में मृत्यु के बाद यह ज्ञात होता हो कि दी गयी वेतनवृद्धियां अनियमित थी, तो ऐसी स्थिति में पेंशन की गणना के लिए भूल सुधार करते हुए वेतन का पुनर्निर्धारण इस प्रकार किया जाय। जैसे बिना वेतनवृद्धि स्वीकृत हुए वेतन अनुमान्य होता, अर्थात परिकल्पित रूप में बिना वेतनवृद्धि के जो वेतन सेवानिवृति की तिथि को अनुमान्य होना चाहिए उसे पुनर्निर्धारित करते हुए उसके आधार पर पेंशन एवं उपदान की गणना की जानी चाहिए। शेष पेज 08 पर



### दुष्कर्म के आरोप में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर गिरफ्तार

**सीतापुर।** कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को पुलिस ने गुरुवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उस समय हुई, जब वह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। राठौर पर एक महिला से रेप का आरोप है और हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। शेष पेज 08 पर

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा को मिली जीत, आप और कांग्रेस गठबंधन की हार

**तीन पार्षदों की क्रॉस वोटिंग**



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा को जीत मिली है। यहां पार्टी की ओर से घोषित कैंडिडेट हरप्रीत बाबला को जीत मिली है। उन्हें 19 वोट मिले हैं, जबकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की संयुक्त उम्मीदवार प्रेमलता को 17 वोट ही मिल पाए। भाजपा की हरप्रीत बाबला दूसरी बार की पार्षद हैं। वह सेना के रिटायर्ड कर्नल की बेटी हैं और पूर्व पार्षद देविंदर सिंह बाबला की पत्नी हैं। वह पहले कांग्रेस में रही हैं, लेकिन अब भाजपा के साथ हैं। इस चुनाव में क्रॉस वोटिंग की भी खबर है। भाजपा के पास 16 वोट ही थे, लेकिन उसे तीन मत क्रॉस वोटिंग के भी मिले हैं। इस बार मेयर का पद महिला पार्षद के लिए आरक्षित था। इसलिए दोनों तरफ से महिला कैंडिडेट ही थीं। शेष पेज 08 पर

# महाकुंभ में भगदड़ के बाद एक्शन में योगी सरकार, सभी वीआईपी पास रद्द

**मेले में नहीं जाएंगी गाड़ियां**

एजेंसियां

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ में बुधवार को हुई भगदड़ के बाद अब योगी सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। मौनी अमावस्या के दिन हुई इस भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 90 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक आयोग से जांच करवाने के आदेश दिए हैं, साथ ही पुलिस इन्क्वायरी भी शुरू कर दी गई है। हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये के मुआवजे का एलान किया गया है। शेष पेज 08 पर



### महाकुंभ में फिर लगी आग, कई पंडाल जलकर खाक

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के एक दिन बाद गुरुवार को आग लगने की खबर मिल रही है। बताया जा रहा है कि कई पंडाल आग की चपेट में आए हैं। देखते-देखते कई टेंट जलकर खाक हो गए। प्रयागराज के चटनाग घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुले क्षेत्र में लगे कुछ टेंटों में आज आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अनुसार आग पर काबू पा लिया गया है और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया, महाकुंभ में लगी आग पर फिलहाल काबू पा लिया गया है। आग महाकुंभ के झूसी छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास लगी है। आग की खबर मिलने के साथ ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी इसकी फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है।

### अयोध्या में जुटा भक्तों का हुजूम 4 दिन में 65 लाख श्रद्धालु पहुंचे



**अयोध्या।** मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में पवित्र संगम में डुबकी लगाने के बाद शाम से ही श्रद्धालुओं के अयोध्या आने का शुरू हुआ सिलसिला गुरुवार दोपहर बाद तक जारी रहा। भक्त राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन की इच्छा लिए रात से ही कतारों में खड़े दिखाई दिए। रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ नया कीर्तिमान भी बना रही है। रामलला के दरबार में भक्तों की भीड़ इस कदर उमड़ रही है कि राममंदिर ट्रस्ट को व्यवस्थाएं बदलनी पड़ी। सरकार द्वारा गुरुवार को जारी एक बयान के मुताबिक गत 96 घंटे में करीब 65 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। भीड़ के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और पूरी रात पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। एक बयान के मुताबिक प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर स्नान करने के बाद श्रद्धालु सीधे रामनगरी पहुंच रहे हैं। तड़के चार बजे से ही सरयू के घाटों पर स्नान का सिलसिला शुरू हो जा रहा है और इसके बाद श्रद्धालु हनुमानगढ़ी व राम जन्मभूमि मंदिर का रुख कर रहे हैं। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में रोजाना कम से कम तीन लाख श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। इसकी वजह से मंदिर में दर्शन का समय बढ़ाकर लगभग 18 घंटे कर दिया गया है।

## अपनी आंखों से दुनिया की नजरों में आई मोनालिसा की बॉलीवुड में एंट्री



**प्रयागराज।** महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा की प्रयागराज आने से किस्मत ही चमक गई है। माला बेचते-बेचते मोनालिसा अपनी नीली भूरी और नीली आंखों के कारण वायरल हुई। अब मोनालिसा की बॉलीवुड में एंट्री हो गई है। मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने अपनी अगली फिल्म के लिए मोनालिसा को साइन किया है। दो अभिनेत्रियों वाली इस फिल्म में मोनालिसा की भी उनमें से एक यानी लीड रोल रहेंगी। मोनालिसा महाकुंभ में माला बेचने के लिए परिवार के साथ आई थी। इसी दौरान कुछ यूट्यूबरों ने उसका वीडियो बनाया और देखते ही देखते वह सोशल मीडिया पर छा गई थी। उसकी लोकप्रियता इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उसे खुद को छिपाना पड़ गया था। यूट्यूबरों और मीडिया चैनलों ने इसके बाद भी उसका पीछा नहीं छोड़ा, तो उसे वापस अपने घर इंदौर आना पड़ गया। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### घर के बाहर खड़ी बोलेरो की हुई चोरी

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीजूपाड़ा के समीप बीती रात अनिल उरांव नामक व्यक्ति के बोलेरो जे एच 09 यु7222 को अज्ञात अपराधियों के द्वारा चोरी कर लिया गया। घटना के संबंध में भुक्त भोगी के अनुसार प्रत्येक दिन की तरह उसकी बोलेरो घर के बाहर खड़ी थी। सुबह बाहर आने पर देखा कि उसका बोलेरो घर के बाहर नहीं है। अगल बगल के लोगों से पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं मिली तो उसने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ स्थानीय चान्हो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी।

### सरस्वती पूजा तीन को तैयारियां शुरु

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा की तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। आगामी तीन फरवरी को होने वाले सरस्वती पूजा को लेकर मूर्तिकार मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। प्रतिमा को निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने के लिए मूर्तिकार दिन-रात लगे हुए हैं। वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थानों व संगठनों की ओर से प्रतिमाओं का अग्रिम बुकिंग किया जा रहा हैं। बच्चे, छात्र-छात्राएं, नौजवान आपस में चंदा जुटाकर पूजा की रणनीति बना रहे हैं। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार ऑर्डर के अनुरूप मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में बसंत पंचमी के अवसर पर प्रखंड के सभी पंचायत के गांवों में सरस्वती पूजा धूम-धाम से मनाया जाता है। बेड़ो में प्रतिमा को निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने के लिए मूर्तिकार पूरी लगन से काम कर रहे हैं। नए साल के शुरू होते ही मूर्तियों की बुकिंग शुरू हो जाती है। इसके लिए लोग अपने लिए प्रतिमाओं की अग्रिम बुकिंग कर लेते हैं।

### सो रहे बुजुर्ग को जंगली हाथी ने कुचला

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के कंडरकेल गांव के झोगड़े नाला के समीप जंगली हाथी ने बिती रात गांव से बाहर एक खेत में प्लास्टिक से बने झोपड़ीनुमा कुंबा में सो रहे बुजुर्ग को कुचल कर मार डाला है। मृतक की पहचान मोगो मांझी 78 वर्षीय कुरकुरीया टकुआ टोली निवासी हैं, बताया जाता है मोगो मांझी यहां अकेले रहता था, जबकि उसका बेटा - बहु मालगो पंचायत के रायटोली गांव में रहता है। वन विभाग के वनपाल उपेन्द्र प्रसाद व वनरक्षी सुभाष प्रमाणिक, रामकिशोर सिंह, लापुंग पुलिस घटना स्थल पहुंची व तत्काल मृत्यक के स्वजनों को 25 हजार रुपये सहायता राशि दी गई। वहीं लापुंग पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स दिया। मोगो मांझी कुछ दिन पहले तक कंडरकेल के एक नवनिर्माणधीन मकान में रहा करता था। जिसके बाद कुछ दिन पहले गांव से बाहर प्लास्टिक का झोपड़ी नुमा कुंबा बनाकर रहने लगा।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

# महात्मा गांधी आज भी अपने विचारों से देश का कर रहे मार्गदर्शन : डीसी



प्रातःनागपुरी टीम

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आज भी अपने विचारों से देश का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आज उनकी पुण्यतिथि हम मना रहे हैं । लेकिन वे आज भी हमारे दिलों में जिंदा है। यह बातें गुरुवार को रामगढ़ दामोदर नदी तट पर स्थित मुक्ति धाम गांधी स्मारक में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में डीसी चंदन कुमार ने कही। डीसी ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने मरने से पहले एक बात कही थी। "तुम मुझे तो मार दोगे, लेकिन मेरे विचारों को कैसे मरोगे"।
उनकी यह पंक्तियां आज भी लोगों के कानों में गूंजती हैं। महात्मा गांधी के निधन के बाद देश में समाजवाद के कई सिद्धांत समाज में आए। लेकिन गांधीवाद आज भी सबसे ऊपर है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि गांधी जी की आत्मकथा "मेरा जीवन, सत्य का प्रयोग" यह आम इंसानों को सोचने पर मजबूर कर देती है। जब जीवन में गंभीर संघर्ष चल रहा हो, तब आप गांधी जी की जीवनी को पढ़ें। आपको एक नया मार्ग मिलेगा। डीसी ने इस मौके पर डीएमएफटी फंड से गांधी द्वार बनाने की घोषणा की। सभी अधिकारियों की मौजूदगी में योजना का शिलान्यास किया गया। महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर विधायक ममता देवी, डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता अन्य अधिकारियों के साथ मुक्तिधाम पहुंचे। यहां उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी के निधन के बाद उनका अस्थि कलश देश के विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया गया था। उनमें रामगढ़ भी शामिल है। रामगढ़ दामोदर नदी तट के किनारे महात्मा गांधी का अस्थि कलश स्थापित कर आज भी उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। सन 1940 में कांग्रेस के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में महात्मा गांधी ने भाग लिया था।

### विधायक ने राष्ट्रपिता को किया नमन



**खूंटी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने गुरुवार को झामुमो कार्यकताओं के साथ दतिया चौक स्थित गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि आज ही के दिन 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी ने अपनी शहादत दी थी। वे एक नेक इंसान थे, जो अहिंसा से हिंसा पर विजय प्राप्त करते थे। हमें समाज में एकता, सद्भाव और शांति बनाए रखने के लिए बापू के बताए मार्ग पर चलना होगा, तभी समाज और देश का विकास होगा। मौके पर वीरेंद्र सिंह, शमीम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### खूंटी में भी दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**खूंटी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने समाहरणालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने कहा कि अहिंसा के पूजारी बापू के योगदान को संपूर्ण राष्ट्र सदैव याद रखेगा। उनका जीवन सत्य, अहिंसा और प्रेम का प्रतीक था। उन्होंने न केवल भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभाई, बल्कि पूरी दुनिया को शांति और मानवता का संदेश दिया। आज उनकी शिक्षा हमें सत्य के मार्ग पर चलने और समाज में सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उपायुक्त ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## सोनाहातू: एक तरफा प्यार के कारण युवक की हुई हत्या

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**सोनाहातू।** प्रखंड के सरियाद - रंगाडीह मोड़ के समीप 26 वर्षीय युवक अजीत कुमार महतो का शव पुलिस ने बरामद किया था। युवक गोला थाना क्षेत्र का रहने वाला था। ओर एक बच्ची का बाप भी था युवक के शादी सिल्ली में हुआ था। पुलिस हत्या मानते हुए छानबीन शुरू किया था।
हत्या के आरोपी बाप बेटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों चोगा गांव के रहनेवाले है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि युवक अजीत सोनाहातू थाना क्षेत्र के चोगा गांव के रहने वाली कविता कुमारी से शादी करना चाहता था।युवक एक साल से शादी का दवाब बना रहा था। युवती शादी के लिए सहमत नहीं था।22 जनवरी को जबरन शादी पर जोर दे रहा था। युवती अनगड़ा में रह कर पढ़ाई कर रही है। युवती ने अपने पिता भैरव कोइरी को सारी बातों को जानकारी दिए। भैरव कोइरी अपने बेटी को बाइक लेकर घर आ रह रहा था। बुंडू में भी युवक और युवती के पिता के साथ बहस हुआ था।युवक पीछा करते हुए गांव के समीप पहुंच गया था। बात को बिगड़े देख युवती के पिता ने सड़क किनारे बांस के गरीबियन को उखाड़ कर मारना शुरू किया। बांस के बंबू की चोट से युवक का मौत हुआ था। सोनाहातू पुलिस ने मोबाइल ट्रैक ओर काफी पूछताछ की बाद मामले की तह तक पहुंची थी। दोनों आरोपी की जरूरी करवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

## कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**खूंटी।** झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के आदेश के आलोक में गुरुवार को मुचयमंत्री उकृष्ट विद्यालय खूंटी में प्रखंड स्तरीय रसोइया-सह-सहायिका की कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी की प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा शामिल हुए। प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों की रसोइयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय डुमरदगा को दूसरा स्थान तथा मध्य विद्यालय कॉन्वेंट को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भोजन बनाने की विधि और स्वाद की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी होने की शुभकामनाएं दी।

## रामगढ़ में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की तैयारियों को परखा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और सभी परीक्षा केंद्रों के प्राचार्यों के साथ बैठक की। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने बताया कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। डीसी ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से संपंन्न कराने का निर्देश दिया। डीसी ने केंद्र अधीक्षकों को दिशा-निदेशों से संबंधित पुस्तिका दी। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## डीसी की मौजूदगी में अफीम की खेती को किया गया नष्ट



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के नेतृत्व में जिले में अफीम के खेती विनष्टिकरण के लिए एक महीने तक चलने वाले व्यापक अभियान की शुरूआत गुरुवार को हुई। अभियान के तहत गुरुवार को उपायुक्त ने अपनी मौजूदगी में मुरहू थाना क्षेत्र के डेहकेला और मुरूद ग्राम के प्लॉट नंबर 09 में 18.20 एकड़ भूखंड में लगी अफीम की खेती को नष्ट करवाया।
मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, मुरहू के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे। इस मामले में नौ रैयतों के विरुद्ध मुरहू थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन के जरिये इस अभियान के माध्यम से अफीम की खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया गया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि अफीम की खेती सहित अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि जिले को अफीम मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने जिले में अफीम की खेती त्यागकर लोगों से वैकल्पिक खेती करने की अपील की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवैध अफीम की खेती मामले में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर एफआइआर समेत अन्य कार्रवाई का निर्देश दिया।

## दिगंबर जैन समाज का अष्ट मूलगुण संस्कार समारोह आयोजित



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी गुरुदेव के शिष्य मुनिश्री 108 प्रज्ञान सागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 प्रसिद्ध सागर जी मुनिराज का बुधवार की शाम प्रवास रामगढ़ में हुआ। गुरुवार को मुनि संघ के सानिध्य में अष्ट मूलगुण समारोह का भव्य आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज के जरिये किया गया।
इसके तहत मुनि संघ के जरिये श्रद्धालुओं को जैन धर्म की प्रथम श्रेणी मद्य, मांस, मधु एवं पंच उदम्बर फल का परित्याग कराया गया। मौके पर मुनिश्री ने कहा कि जैन श्रद्धालु को अपने धर्म पालन की प्रथम श्रेणी का त्याग अवश्य कर अपने सच्चे जैनत्व का प्रथम उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इस दौरान समारोह में 50 से अधिक श्रद्धालु ने मुनिश्री के सानिध्य में अष्ट मूलगुण को अपनाने की शपथ ली। वही, त्याग करने वाले श्रद्धालुओं को मुनिश्री का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ। प्रातः काल मुनिश्री के मुखारविंद से शांति धारा कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित थे। समाज के सचिव योगेश सेठी ने मुनिश्री से कुछ दिनों का प्रवास रामगढ़ में करने का आग्रह किया है, ताकि उनके सानिध्य में और भी धार्मिक कार्यक्रम संपादित करवा जा सके। मुनिश्री के कार्यक्रमों में समाज के अध्यक्ष राजेंद्र चुड़ीवाल, राजू पाटनी, संजय सेठी, देवेंद्र गंगवाल, राजेश चुड़ीवाल, सुभाष सेठी, राकेश पांडेय, सुशील चूड़ीवाल, रेणु चुडीवाल, ममता गंगवाल, पुष्पा अजमेरा, अरुणा जैन, सुनीता सेठी , प्रेमलता काला, श्रीकांता गंगवाल, प्रिया पाटनी, खुशबू चुड़ीवाल, उषा अजमेरा, मीडिया प्रभारी श्रवण जैन, गुड्डू जैन आदि शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के करांजी पेट्रोल पंप के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की अपराह्न लगभग दो बजे स्कूटी व कार के बीच हुई आपसी टक्कर में स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बेड़ो दिघिया गांव निवासी 35 वर्षीय सुनील लकड़ा पिता गैब्रियल लकड़ा व 28 वर्षीय अभिषेक लकड़ा पिता स्व अजित कुमार लकड़ा है। जिन्हें घायलावस्था में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

### विद्यार्थियों की चिंता करें शिक्षक, आपकी चिंता सरकार करेगी: सुदीप गुड़िया



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सफलता का कोई शार्ट कट रास्ता नहीं है। सफलता का एक ही मंत्र है ईमानदारी से मेहनत करना। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित करें तथा उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करें। विधायक गुरुवार को श्रीहरी उच्च विद्यालय, तोरपा में शिक्षकों और विद्यार्थियों से बात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ले रहे थे। उन्होंने सभी समस्याओं के निराकरण का भरोसा शिक्षकों और छात्रों को दिया। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आप बच्चों की चिंता करें, आपकी चिंता सरकार करेगी। मौके पर मुखिया जॉन तोपनो, प्रधानाध्यापिका किरण हेरेंज, विद्यालय प्रबंध समिति की संचिता सांगा, संजय यादव, निकोलस भेंगरा आदि उपस्थित थे। विधायक सुदीप गुड़िया ने विद्यालय प्रबंध समिति के साथ बैठक कर विद्यालय की समस्याओं की जानकारी ली और सीओ पूजा बिन्हा को विद्यालय के जमीन के कागजात की जांच कर तथा रैयत से बात कर मामले का निष्पादन करने को कहा।

## सरस्वती पूजा चंदा को लेकर युवकों ने ट्रक का तोड़ा शीशा

**लगभग एक घंटा से अधिक समय तक सड़क रही जाम**

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** मेन रोड सिल्ली बस स्टैंड के समीप सरस्वती पूजा के नाम पर वाहनों से चंदा उठाने के क्रम में चंदा नहीं देने पर युवकों ने ड्राइवर से गाली गलौज करते हुए ट्रक का शीशा तोड़ दिया। इस दौरान लगभग एक घंटा से अधिक समय तक सड़क जाम रहा। सुचना पाकर पहुंची सिल्ली पुलिस ने हस्तक्षेप के बाद सड़क जाम हटाया गया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार प्रातः 4 बजे सिल्ली के स्थानीय युवकों द्वारा बस स्टैंड के समीप वाहनों से सरस्वती पूजा के नाम पर चंदा वसूली कर रहे थे। इसी क्रम में रामगढ़ से सीमेंट खाली कर वापस जमशेदपुर लौट रही ट्रक नंबर जे एच 05 सीए 7205 के चालक से सिल्ली बस स्टैंड के समीप युवकों ने दौ सौ रुपए की मांग की। कम पैसे देने पर एक युवक द्वारा ट्रक के शीशे पर पत्थर मार दिया जिससे शीशा टूट गया। तभी चालक ने ट्रक को सड़क पर आडे तिरछे लगाकर खड़ा कर दिया। जिससे एक घंटा से अधिक समय तक रांची पुरुलिया मार्ग जाम हो गया तथा वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर दलबल के साथ पहुंचे तथा जाम को हटाया। इधर चंदा उठा रहे सभी युवक पुलिस की आते ही भाग निकले। ट्रक चालक लुकेश कुमार ने बताया कि वह कई जगहों पर चंदा देते हुए आ रहा है। इससे पहले इस जगह पर भी चंदा दिया गया है। अगर सारा पैसा चंदा में ही खर्च हो जाएगा तो क्या बचाएगा। इसी बात पर युवक भड़क गए एवं उनके ट्रक पर पत्थर चला दिए।इस संबंध में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि ट्रक चालक द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। इसलिए घटना कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई परंतु चंदा को लेकर आए दिन छोटे-मोटे घटनाएं हो रही है इस पर रोक लगाया जाएगा एवं चंदा वसूलने वालों पर कानून कारवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन गेमिंग छोड़, मैदान के खेल में आगे बढ़ना चाहिए : देवेंद्रनाथ महतो



**सोनाहातू।** प्रखंड के तेतला पंचायत के सालसुद गांव में युवा संघर्ष समिति के तत्वाधान में दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट खेल का आयोजन संपन्न हुआ। टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में बारेंदा की टीम से बासाहातू की टीम को एक गोल से पराजित किया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस दौरान इन्होंने कहा कि राज्य के युवा को ऑनलाइन गेमिंग से बाहर निकल कर शारीरिक दक्षता वाले मैदानी खेल में आगे बढ़ना चाहिए। विशेष कर फुटबॉल खेल से हमें अनुशासनीक टीमवर्क का ज्ञान मिलता है। मौके बार आयोजन के अध्यक्ष मानकी वज्र किशोर मुंडा , संयोजक रूप सिंह महतो, एवं वक्ता बुधन लाल सिंह मुंडा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भाजपा नेताओं ने चलाया सदस्यता अभियान



**खूंटी।** भाजपा नेताओं ने गुरुवार को ग्रामीण मण्डल की सिलादोन पंचायत के विभिन्न गांवों में सदस्यता अभियान चलाया। कार्यक्रम में खूंटी जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने उपस्थित लोगों को बताया कि हमारी पार्टी भाजपा के अलावा कोई राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से हर छह साल में सदस्यता अभियान नहीं चलाता। उन्होंने सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा के संविधान के मुताबिक हर छह साल बाद नए सिरे से सबको पार्टी का सदस्य बनाया जाता है। जिला महामंत्री संजय साहू ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं, बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा यह संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने विशाल परिवार के साथ मनाती है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अभियान प्रभारी सह मीडिया प्रभारी महावीर राम ने किया। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, खूंटी प्रखंड प्रमुख छोटूराम मुंडा, भागीरथ दादुर, बिरसा मुंडा, गौरसिंग मुंडा, विश्वनाथ मुंडा, रीता मुंडा, अनीता देवी, मुंगला देवी अंजलि देवी, उषा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुष्ठ रोगियों की 225 गांवों में खोज करेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** विश्व कुष्ठ दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग खूंटी के जरिये गुरुवार को बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ जिले में कुष्ठ रोग जागरूकता सह खोज अभियान का शुभारंभ हुआ।
अभियान 13 फरवरी 2025 तक चलेगा। जिले के प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य सहिया और एएनएम के माध्यम से ग्रामसभा का आयोजन कर लोगों को कुष्ठ का इलाज के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि यथाशीघ्र कुष्ठ के रोगियों की खोज कर इलाज किया जा सके और उन्हें विकलांगता से बचाया जा सके। कुष्ठ रोग जागरूकता सह खोज अभियान के सफल संचालन के लिए 225 टीम जिले के 225 ग्राम में जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेगी। मौके पर डॉ एन मांझी सिविल सर्जन ने बताया कि कुष्ठ न अभिशाप और न ही वंशानुगत रोग है। जल्द जांच और इलाज से कुष्ठ से निजात मिल जाती है। उन्होंने कुष्ठ के लक्षणों की चर्चा करते हुए बताया कि चमडे के रंग से हल्का अथवा फीके रंग अथवा लालीमा लिए हुए छोटा या बड़ा दाग का होना, दाग में सूनापन तथा दाग में दर्द अथवा खुजलाहट नहीं होना, कान, चेहरा, धड़, हाथ अथवा पैर के चमड़े का मोटा होना, चमड़े का रंग लाल हो अथवा चमडे में छोटा-छोटा गांठ निकल जाना, हाथ अथवा पैर में कमजोरी या विकृति पैदा होना, हाथ की तलहथी अथवा पैर के तलवे में घाव होना, आंखों की पलकों में कमजोरी के कारण आंख पूरी तरह बंद नहीं हो सकना, कुष्ठ रोग के लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि एमडीटी के सारी खुराक का सेवन नियमित रूप से किया जाए, तो यह पूर्णतः ठीक हो सकता है। उपचार एवं इसकी दवा (एमडीटी) सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त दी जाती है। मौके पर डॉ नमिता टोप्पो, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, रंजत कुमार, बीरसिंह पूर्ति, शशि भूषण हेमरोम सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### सदर अस्पताल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रामगढ़ सदर अस्पताल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सिविल महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिले में चलाये जा रहे कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी गयी। कुष्ठ पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी के द्वारा विशेष कार्यक्रम सभी प्रखण्डों में करने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया। सभी सहिया को घर-घर जा कर कुष्ठ के रोगियों की जांच करने, साथ ही ग्राम प्रमुख के जरिये शपथ घोषणा-पत्र को समूह में पढ़े जाने के लिए कहा।
इस समारोह में रॉची के डॉ सानिध्य भार्गव, एनएसआरआईएफए झारखण्ड़, डॉ काशीनाथ चक्रवर्ती एनएलआर कोर्डिनेटर उपस्थित हुए। इस आयोजन में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, चिकित्सक, जिला कार्यक्रम सहायक एवं सभी कर्मचारी उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त

### सबसे पतला स्मार्टफोन गैलेक्सी एस25

**रांची।** गैलेक्सी एस25 सबसे पतला और सबसे टिकाऊ स्मार्टफोन है, जो बेजोड़ कैमरा और बैटरी हार्डवेयर के साथ आता है। ये गैलेक्सी के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला कस्टमाइज्ड प्रोसेसर भी दिया गया है। उक्त, बातें सैमसंग कंपनी के अध्यक्ष और मोबाइल एक्सपीरियंस डिवीजन के हेड टीएम रोह ने कही।

### झारखंड को बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है : मंत्री

**रांची।** रांची के पशुपालन निदेशालय में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को जीव जंतु कल्याण बोर्ड और बीज निगम को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि पशु के कल्याण को लेकर धरातल पर काम करने वाले एनजीओ के साथ बहुत जल्द एक वृहद सेमिनार आयोजित किया जाएगा। पशु से संबंधित बहुत सारी जानकारी विभाग के पास भी नहीं है, पर एनजीओ इस पर लगातार काम कर रही है। जमीनी स्तर पर इनका काम दिखता भी है इसलिए एनजीओ के अनुभव और पशु कल्याण को लेकर किए गए अध्ययन का लाभ विभाग लेगी। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज देश के कई राज्य बीज उत्पादन में ना सिर्फ आत्म निर्भर हैं, बल्कि वो अन्य राज्यों को भी बीज सप्लाई कर रहे हैं।झारखंड आज भी बीज के मामले में दूसरे राज्य पर निर्भर है। विभाग हर साल लाखों-करोड़ों रुपये बीज खरीद और वितरण पर खर्च करता है। विभाग का लक्ष्य आने वाले समय में झारखंड को बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है।

### वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को

**रांची :** झालसा के निर्देशनुसारन्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को आयाजित होगा। वादकारी दिनांक 08.01.2025 से 07.03.2025 तक कार्यालय अवधि में उपरोक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पारस्परिक संतुष्टि (आपसी सहमति/समझौता) के आधार पर अपने केस का सुलभ एवं त्वरित निपटारा करा सकते है एवं इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए न्यायायुक्त एवं डालसा सचिव की ओर से न्यायिक दंडाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं पुलिस प्रशासन एवं इंशुरेंश कंपनी के अधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठकों की दौर जारी है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर बल दिया जा रहा है। यह भी ज्ञात हो कि 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

# रांची रेलवे स्टेशन से 45 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से कुल आठ बोरियों में 45 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में बिहार के बक्सर निवासी चंदा कुमार चौधरी, अभिषेक प्रधान और उपेंद्र चौधरी शामिल है।

आरपीएफ निरीक्षक शिशुपाल कुमार ने गुरुवार को बताया कि रांची रेल मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लगातार मादक पदार्थों और शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की फ्लाइंग टीम, आरपीएफ रांची तथा सीआईबी रांची की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। रांची



स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ओवरब्रिज के नीचे तीन संदिग्ध व्यक्तियों को बैगों में भारी सामान के साथ बैठे देखा गया। संदेह होने पर तीनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके बैग की जांच की गई। इनके पास कुल 8 बोरियों में 45 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

सहायक सुरक्षा आयुक्त, अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी पैकेटों की डीडी किट से जांच की गई, जो पॉजिटिव पाई गई। बरामद गांजा की कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये बताया गया है।

सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, गांजा और संदिग्धों के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सौंप दिया गया। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

टीम में उपनिरीक्षक सोहन लाल और कमल दास स्टाफ पवन कुमार, एएसआई रवि शेखर, स्टाफ एमडी अलीम, आर.के. सिंह, हेमंत, डी के जीतरवाल, वी एल मीना शामिल थे।

### कोल इंडिया के नए चेयरमैन की तलाश शुरू

**रांची।** कोल इंडिया के नए चेयरमैन की तलाश शुरू हो गई है। इसके लिए लोक उद्यम चयन बोर्ड ने आवेदन मांगे हैं। वर्तमान में इस पद पर पीएम प्रसाद कार्यरत हैं। लोक उद्यम चयन बोर्ड के अनुसार यह पद शिड्यूल ए का है। इसका वेतनमान 2.00 से 3.70 लाख है। यह पद 1 नवंबर, 2025 को खाली हो रहा है। इसके लिए 25 फरवरी, 2025 तक आवेदन मांगे गये हैं।

जारी विज्ञापन के अनुसार कोल इंडिया और सहायक कंपनी में कार्यरत अफसरों के लिए आवेदन करने की अधिकतम उम्रसीमा 58 साल है। अन्यस कंपनियों के लिए यह 57 साल तय है। आवेदनकताओं की न्यूनतम उम्र 45 वर्ष है।

# रांची के दस अंचलों में दाखिल खारिज शिविर दो फरवरी को

**अनगड़ा, अरगोड़ा, बड़गाईं, बेड़ो, बुण्डू, बुढ़मू, चान्हो, हेहल, ईटकी एवं नगड़ी में होगा शिविर का आयोजन**




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के 10 अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिनों और आपत्ति के साथ 90 दिनों के मामलों के निष्पादन के लिए दाखिल-खारिज शिविर का आयोजन रविवार को किया जायेगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शिविर के आयोजन के संबंध में समाहरणालय स्थित सभागार से ऑनलाइन मीटिंग करते हुए एवं संबंधित अंचल अधिकारियों/वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**आवेदकों को करेक्शन स्लिप निर्गत करने का निर्देश**

रविवार को रांची जिला के अनगड़ा, अरगोड़ा, बड़गाईं, बेड़ो, बुण्डू, बुढ़मू, चान्हो, हेहल, ईटकी एवं नगड़ी अंचल में दाखिल-खारिज के मामलों मे निष्पादन के लिए शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इन सभी मामलों का अंचल निरीक्षक और कर्मचारी स्तर से भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। उपायुक्त ने बैठक में सभी अंचल अधिकारियों को आवेदकों को सूचित करते हुए शिविर में करेक्शन स्लिप निर्गत करने का निर्देश दिया।

**वरीय पदाधिकारी किये गये नामित**

रविवार को आयोजित किये जानेवाले दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों को नामित किया गया है। उपायुक्त द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को ससमय शिविर स्थल में उपस्थित होकर लंबित दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है।

**बिचौलियों की जानकारी स्थानीय थाना को दें**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों से अपने कार्यालय का पूरी तरह से नियंत्रण सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी बिना पूर्व सूचना के कार्यालय में अनुपस्थित न रहें, यह सुनिश्चित करें। कार्यालय में बिचौलिये के सक्रिय होने की जानकारी पर उन्होंने स्थानीय थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सभी पदाधिकारी/कर्मचारी कार्यालय की साफ-सफाई में योगदान दें। सप्ताह में एक दिन समय पूर्व कार्यालय आकर यथासंभव साफ-सफाई का प्रयास करें।

## केंद्र सरकार के आगामी बजट पर एसबीयू में गोष्ठी



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार के आगामी बजट को लेकर सरला बिरला विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय में अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों के बीच 30 जनवरी को गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. आरोही आनंद और प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर श्वे ता कुमारी को आमंत्रित किया गया था। चर्चा का संचालन सहायक प्राध्यापक सुश्री जागृति ने अनिमेष प्रियदर्शी एवं आदर्श कुमार के सहयोग से किया। चर्चा का प्रारंभ छात्रा शिवीका नारायण ने बजट का परिचय देते हुए किया। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद ने बजट के व्यवहारिकता और दैनिक जीवन में बजट की महत्ता पर प्रकाश डाला। सहायक प्राध्यापक सुयश प्रभाकर ने आजादी से अबतक के बजट का एक संक्षिप्त परिचय दिया।

विद्यार्थियों ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य में बजट की वृद्धि की बात की। साथ ही कृषि एवम उससे संबंधित क्षेत्रों में भी बजट बढ़ोतरी की मांग की गई। मुख्य रूप से आम आदमी के लिए टैक्स स्लैब में बढ़ोतरी पर व्यापक एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

## सॉफ्ट स्किल पर चल रही कार्यशाला का समापन



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला विश्वविद्यालय) के तत्वावधान में विवि प्रेक्षागृह में सॉफ्ट स्किल पर दो दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ।


इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्थान की प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा ने छात्रों से कार्यशाला के दौरान मिली सीख को अपने जीवन में उतारने की अपील की। ऐसे अनुभवों को उनके छात्रों के करियर के लिए उपयोगी करार दिया।

कार्यशाला के दूसरे दिन प्रो. राजन तिवारी और प्रो. मानोशी रॉय ने लीडरशिप पर अपना वक्तव्य रखा। इस अवसर पर डॉ. संजीव श्रीवास्तव एवं डॉ. नम्रता सिंह ने ग्रुप डिस्कशन और प्रेजेंटेशन पर उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष अपना विचार प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक और कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया।

कार्यक्रम में धन्यवाद संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने दिया। कार्यशाला के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बिजय कुमार दलान समेत राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## रांची में एक साथ चार फ्लैट्स का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के एकलव्य टावर में एक साथ चार फ्लैट का ताला तोड़कर चोर लाखों के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना गुरुवार अहले सुबह की है। जानकारी के अनुसार चार की संख्या में आए चोरों ने यहां फ्लैट नंबर 406, 502, 507 और 304 का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इन फ्लैट्स के मालिक घरों में ताला बंद कर बाहर गए हुए थे। घरों से 10 लाख से ज्यादा के जेवरात और 5 लाख से ज्यादा की नकदी चोरी की गई है।

एकलव्य टावर की सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने वाले सभी चोरों की तस्वीर कैद हुई है। चोर हाथ में हथौड़ी और ताला तोड़ने वाले दूसरे औजार लेकर अपार्टमेंट में घुसे थे। चोरों ने अपना चेहरा छुपाने के लिए मंकी कैप पहन रखा था। एकलव्य टावर में रहने वाले कौशल कुमार ने बताया कि अपार्टमेंट की रखवाली के लिए गार्ड रखा गया है। रात में गार्ड मौजूद भी था लेकिन उसम समय वह सोया हुआ था। फिलहाल पुंदाग पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुंदाग ओपी प्रभारी कृष्ण तिवारी ने बताया कि चोरी के संबंध में अभी तक लिखित आवेदन नहीं आया है। सभी बंद घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। मामले में अपार्टमेंट के गार्ड से भी पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अदिति मेवाड़ा बनीं जेसीआई रांची उड़ान की अध्यक्ष

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई रांची उड़ान का 13वां शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को होटल ली लेक में हुआ। इसमें अदिति मेवाड़ा ने अपनी टीम के साथ जेसीआई रांची उड़ान की कमान संभाली। कार्यक्रम में जेसीआई रांची उड़ान की आईपीपी ट्विंकल छावनीका ने अदिति मेवाड़ा को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इसके बाद अदिति मेवाड़ ने अपनी टीम को शपथ दिलाई।

नई टीम में उपाध्यक्ष राखी खिरवाल, कोमल रुंगटा, निधि बियानी, पलक नरेडी, विनीता पोद्दार, श्रेष्ठा वालिया, सचिव प्रिया लखोटिया, कोषाध्यक्ष अंजना अग्रवाल, सह सचिव खुशी पाटोदिया, निदेशक अर्पिता पोद्दार, रिंकू चौधरी, रेखा रायका, खुशबू बागला, प्रिया बुधिया, प्रियंका साबू, ज्योति पोद्दार और कंचन पोद्दार शामिल हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ नम्रता मानसरिया ने नई टीम को



बधाई और शुभकामनाएं दी। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि जेसीआई रांची उड़ान के सदस्य कई सामाजिक कार्य करती आ रहीं है। यह कार्य लगातार आगे बढ़ता रहना चाहिए।

जेसीआई रांची उड़ान की फाउंडर अध्यक्ष राखी जैन ने भी नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए हर तरह का सहयोग देने की बात कही।

इस अवसर पर जेसीआई रांची के अध्यक्ष प्रतीक जैन, जेसीआई रांची उड़ान की पूर्व अध्यक्ष आभा भंडारी, अर्चना मुरारका, वृंदा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, निधि सराफ, राखी गंगवाल के अलावा संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर जीतो, झारखंड चैंबर, मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा, जेसीआई नियो, जेसीआई यूथ समेत अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### डीजी मुख्यालय आरके मल्लिक को दी गयी विदाई

**रांची।** रांची के डोरंडा स्थित झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप-1) के परेड मैदान में डीजी मुख्यालय राज कुमार मल्लिक के सेवानिवृत्ति के अवसर पर गुरुवार को विदाई परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान मल्लिक ने परेड का निरीक्षण किया। परेड में विभिन्न वाहिनियों से कुल 08 (आठ) प्लाटूनें शामिल थी।

# बूथ से लेकर प्रदेश तक बनाएं सर्व स्पर्शी भाजपा : बाबूलाल मरांडी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज संगठन महापर्व के तहत आगामी संगठनात्मक चुनावों को लेकर प्रदेश एवं जिला टोली की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने की और बतौर मुख्यातिथि के रूप में राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद संबित पात्रा शामिल हुए।

कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता विधायक सीपी सिंह सहित संगठन चुनाव के लिए गठित प्रदेश एवं जिला की टोली शामिल हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी की सांगठनिक सदस्यता अभियान और सांगठनिक चुनाव एक महापर्व है, जिसे हमें स्वस्थ और प्रसन्नता के वातावरण में उत्सव की तरह मनाना है। मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की व्यस्तता के बाद प्रदेश में पार्टी ऑनलाइन सदस्यता अभियान चला रही है, जिसमें लोग बढ़चढकर शामिल हो रहे। उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा ही मजबूत झारखंड का निर्माण कर सकती है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करती है।उन्होंने कहा कि संगठन महापर्व के तहत हम सभी को मिलकर सर्व स्पर्शी भाजपा बनाना है।

मौके पर राष्ट्रीय चुनाव सह अधिकारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद




संबित पात्रा ने कार्यशाला में सांगठनिक चुनाव की बारीकियों और प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा आंतरिक और बाह्य दोनों लोकतंत्र में विश्वास करती है। इसलिए संगठन की चुनाव प्रक्रिया भी लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न करानी है। उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा की मजबूत भूमि है। भाजपा की सरकार ने ही अटल वाजपेयी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार किया। हमें मजबूत जनाधार को और आगे बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है। उन्होंने बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर की चुनाव प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए संगठन नहीं बनाती बल्कि हमें राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि भारत को राष्ट्र विरोधी शक्तियां कमजोर देखना चाहती है। जिनके मंसूबों को हमें ध्वस्त करना है। हमें गांव गांव बूथ बूथ पर सभी वर्ग समाज से जुझारू सक्रिय विचारवान कार्यकर्ता खड़ा करना है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि समयबद्ध तरीके से संगठन महापर्व के कार्यों को पूरा करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान की गति को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन महापर्व के तहत चुनाव प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए जिला स्तर पर गठित आब्जर्वर, रिटर्निंग अधिकारी, सह रिटर्निंग अधिकारी की घोषणा की। सिंह ने जिला और मंडल स्तर पर प्रदेश के तर्ज पर कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। आगामी 1 से 3 फरवरी तक जिला एवं 4 से 6 फरवरी तक मंडलों में कार्यशाला आयोजित कर सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। कार्यशाला का संचालन एवं विषय प्रवेश प्रदेश चुनाव अधिकारी एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने किया।

वर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को आगे बढ़ाने केलिए देश में करोड़ों भाजपा कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने संगठन महापर्व में सांगठनिक चुनाव को उमंग और उत्साह में संपन्न कराने का आह्वान किया।

**ये बनाए गए हैं चुनाव आब्जर्वर**

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी रांची महानगर, पूर्व सांसद पीएन सिंह रांची ग्रामीण, अजय मारू और सत्येंद्र तिवारी गुमला, बीडी राम सिमडेगा, किशुन दास लोहरदगा, नीरा यादव पलामू, डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी गढ़वा, सीमा शर्मा चतरा, नीलकंठ सिंह मुंडा लातेहार, समीर उरांव हजारीबाग, सुदर्शन भगत रामगढ़, विकास प्रीतम कोडरमा, अनंत ओझा गिरिडीह, राज पलिवार धनबाद, बालमुकुंद सहाय धनबाद ग्रामीण, बड़कुवर गगराई और लक्ष्मण सिंह बोकारो, भानु प्रताप शाही जामताड़ा, संजय सेठ दुमका, विद्युत वरण महतो पाकुड़, आदित्य साहू देवघर, दीपक प्रकाश साहेबगंज, ब्रजमोहन राम गोड्डा, बिरंची नारायण जमशेदपुर महानगर, सुनील सिंह पूर्वी सिंहभूम, निशिकांत दुबे पश्चिम सिंहभूम, अमर बाउरी सरायकेला के चुनाव आब्जर्वर बनाए गए हैं।

## संक्षिप्त

### पिकअप वैन ने हाइवा को मारी टक्कर, एक की मौत

**बोकारो।** जिले के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के एनएच-32 स्थित काशीझरिया काजू वन के समीप गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे एक पिकअप वैन (जेएच09एटी-7345) को एक हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिकअप वैन के चालक चास के सुखदेव नगर निवासी सपन पाल (39) की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पिंड्राजोरा पुलिस को इसकी सूचना दी तो पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और चालक को उठाकर सदर अस्पताल ले गई। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त पिकअप वैन पुरुलिया की ओर से चास की ओर से जा रही थी। वहीं हाइवा चास से पुरुलिया की ओर जा रही थी। सुबह-सुबह काफी कुहासा होने के कारण दोनों वाहनों के चालक एक-दूसरे को देख नहीं पाए और उनमें सीधी टक्कर हो गई।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बच्चों ने निकाली रैली

**बोकारो थर्मल।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तत्वावधान में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गुरुवार को बोकारो थर्मल स्थित संत पॉल मार्डन स्कूल के आठवीं और नौवीं कक्षा के स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन किया गया। स्कूल से बच्चों और शिक्षकों द्वारा निकाली गई रैली को स्कूल के निदेशक सुरेश गायकवाड़ और प्राचार्य स्वाति प्रियंका ने रवाना किया। सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर निकाली गई रैली जीएम कॉलोनी, थाना चौक, महावीर मंदिर, गुरुद्वारा, पानी टंकी से होकर स्कूल परिसर पहुंचकर समाप्त हो गई। स्कूल के शिक्षक मिथिलेश सिंह और इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने सभी स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा और इसकी अवहेलना कर होने वाली जानलेवा दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी दी।

### शांतिपूर्वक संपन्न हुईं जेईई मेन -1 की परीक्षाएं

**बोकारो।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के पहले सत्र की परीक्षाएं गुरुवार को संपन्न हो गईं। बोकारो में 22-30 जनवरी, 2025 की अवधि में दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 3350 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कुल आवंटित 3485 अभ्यर्थियों में 135 अनुपस्थित रहे। 31 जनवरी को कोई पेपर नहीं है। इस तिथि को एनटीए ने स्पेयर डे के रूप में रिजर्व रखा था। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षाएं पूरी तरह से शांतिपूर्ण और बिना किसी कदाचार के संपन्न हुईं। कहीं से भी किसी गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ-साथ विशेष रूप से जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने 150 छात्रों को प्रदान किया ज्योति फेलोशिप

**अंतिम चयन प्रक्रिया के बाद कई और छात्रों को यह पुरस्कार मिलने की उम्मीद है**

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सुकिंदा/जमशेदपुर।** टाटा स्टील के सुकिंदा क्रोमाइट माइन परिसर में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी के दौरान आज टाटा स्टील फाउंडेशन ने 150 मेधावी एससी/एसटी छात्रों को ज्योति फेलोशिप से सम्मानित किया। ये सभी छात्र कलिंगानगर-बामनीपाल-सुकिंदा क्षेत्र से चयनित किए गए हैं।

कक्षा कसे क्कतक के छात्रों को दी जाने वाली यह फेलोशिप उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ उनके भविष्य को संवारने की दिशा में एक अहम कदम है। टाटा स्टील के फेरो अलॉय और मिनरल्स डिवीजन के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज कुमार सतीजा, पद्म दैतारी नायक (जिन्हें 'ओडिशा के नहर पुरुष' के नाम से भी जाना जाता है), राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक शुभाष चंद्र राउत, स्टेम लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड के क्लस्टर मैनेजर सयंतन मित्रा, ओडिशा के बाईसिंगा स्थित खैरबनी आश्रम स्कूल की प्रधानाचार्या बिनिता दास और अन्य व्यक्तियों ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर टाटा स्टील के फेरो अलॉय और मिनरल्स



डिवीजन के एग्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा ने कहा, ₹हम मेधावी छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उन्हें सफलता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पहल हमारी समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जो निरंतर सीखने और सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित है, ताकि हम हर छात्र को एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक के रूप में विकसित कर सकें। संगोष्ठी में दिनभर विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनमें यह दिखाया गया कि कैसे कीड़े रेशम बनाने में मदद करते हैं, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पहुंच को सुलभ बनाने के उपाय, और स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के महत्व को प्रमुखता से उजागर किया गया। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार की 'स्किल इंडिया' पहल के तहत क्षमता निर्माण के अवसरों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। छात्रों ने जल संरक्षण पर एक विशेष सत्र में भाग लिया, जिसमें इस अमूल्य संसाधन को बचाने और इसके विविध उपयोगों को बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया गया।

दैतारी नायक ने जल संरक्षण के लिए नवोन्मेषी और सरल तरीकों के बारे में बताया, साथ ही इसके समुदाय और पर्यावरण के लिए महत्व को भी उजागर किया। इस संगोष्ठी में नवीन श्रीवास्तव, सरूआबिल और कमरदा के ट्विन माइंस के हेड, आदर्श अग्रवाल, एफएपी बामनीपाल के हेड, प्रमोद कुमार, एफएएमडी के एडमिन हेड, अंबिका प्रसाद नंदा, टाटा स्टील फाउंडेशन के सीएसआर हेड, डॉ. जयंत त्रिपाठी, सुकिंदा-बामनीपाल क्लस्टर के हेड, और देबांजन मुखर्जी, कलिंगानगर इम्पैक्ट क्लस्टर के हेड सहित फाउंडेशन के कई अन्य टीम सदस्य भी उपस्थित थे। ज्योति फैलोशिप टाटा स्टील फाउंडेशन की एक छात्रवृत्ति पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को कक्षा IX से II तक अतिरिक्त कोचिंग और समर्थन प्रदान कर उन्हें अपनी पसंदीदा करियर दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। पिछले एक दशक में, सुकिंदा-बामनीपाल-कलिंगानगर क्षेत्र में 13,500 छात्रों, जिनमें 5,000 से अधिक लड़कियां शामिल हैं, को ज्योति फेलोशिप प्राप्त हुई है।

## अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 7 लोग गिरफ्तार, सामग्रियां बरामद



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिले के कानेडीह गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के हॉस्टल में गुरुवार को एक अवैध शराब फैक्ट्री का पदार्फाश हुआ। उपायुक्त विजया जाधव को मिली गुप्त सूचना और निर्देश पर, सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद टीम ने छापेमारी की।

इस कार्रवाई में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल के नेतृत्व में पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने मिलकर कई महत्वपूर्ण सामग्रियां बरामद की। टीम ने मौके से भारी मात्रा में तैयार अवैध शराब, शराब बनाने की सामग्री और अन्य संबंधित सामान जब्त किया। जब्त की गई सामग्रियों में विभिन्न ब्रांड के स्टीकर, खाली बोतलें, शराब के ढक्कन, 100 लीटर स्पिरिट और 1300 लीटर विदेशी शराब शामिल हैं। इन सामग्रियों की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 27 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई में टीम ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें शंकर सवंकार, गोविंद साव, शुभम श्रीवास्तव, अजीत कुमार, दीपक कुमार, गौतम कुमार और शिवम साव शामिल हैं। सभी आरोपियों पर उत्पाद अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंद्रपुरा महेश दास और पेटरवार थाना प्रभारी सहित पुलिस बल भी मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने छापेमारी में कुछ वाहन भी जब्त किए हैं, जिनमें मारूति सुजुकी सुपर कैरी (जेएच 02बीएच 5876), बजाज पल्सर (जेएच 09 बीएच 4920), हीरो स्पलेंडर (जेएच 09 बीएच 0614), होंडा एसपी साइन (जेएच 09 एआर 8949) और हीरो डिस्टनी (जेएच 09 बीजी 3958) शामिल हैं।

### साइबर जागरुकता को ले एक मंच पर जुटे विभिन्न तबके के लोग

# ठगी से बचाने के लिए बोकारो पुलिस हरसंभव सहयोग को तत्पर : एसपी

**साइबर अपराध आज देश के लिए बड़ी चुनौती**

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** साइबर अपराध आज देश के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। इसकी चपेट में लोगों को आने से बचाने के लिए बोकारो में पुलिस जहां जागरुकता अभियान पर बल दे रही है, वहीं दूसरी ओर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से समाज के विभिन्न तबके के लोगों को एक मंच पर लाने की अनूठी पहल की जा रही है।

इसी के तहत गुरुवार को चैंबर ने वकील, शिक्षाविदों, बैंककर्मियों एवं साइबर विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर गहन विचार-मंथन के लिए आमंत्रित किया। चैंबर द्वारा साइबर पुलिस बोकारो, बैंकिंग संस्थान एवं डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के सहयोग से आगामी चलाए जाने वाले साइबर जागरूकता अभियान



के क्रियान्वयन पर विचार हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में सभी हितधारकों, विशेषज्ञों एवं साइबर पुलिस की कार्यशाला आयोजित की गई।

साइबर क्राइम जैसे ज्वलंत विषय पर लोगों को जागरूक करने के विषय पर बतौर मुख्य अतिथि बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने चैंबर के प्रयास की सराहना की। उन्होंने लोगों के इस ठगी के झांसे में लोगों को बचाने की दिशा में बोकारो पुलिस की तरफ से भरपूर सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने उन्होंने विभिन्न तरह के साइबर क्राइम के बारे में बताया। यह भी कहा आज हमारे लिए शर्म की बात है साइबर क्राइम करने वाले पुलिस के वेश में ही तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर ठगी कर रहे हैं। ठगी से बचने के विभिन्न तरह के उपाय भी उन्होंने बताए। साथ ही, विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। कार्यशाला में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक (मु0) सह प्रभारी साइबर थाना अनिमेष कुमार गुप्ता ने आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा पर अपने विचार रखे एवं उन्होंने टीम बनाकर जागरूकता करने पर बल दिया।

कार्यक्रम के संयोजकद्वय राजकुमार एवं प्रशांत के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा प्राप्त सुझावों के अनुसार आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम को चैम्बर अध्यक्ष मनोज चौधरी, संरक्षक संजय बैद, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक आफ इंडिया आबिद हुसैन, पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक कृष्ण मोहन झा, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रदीप कुमार पंकज, अधिवक्ता परिषद के विजयनाथ कुंवर, इमामुल हक लॉ कॉलेज की सुचित्रा राणी ठाकुर, गुरु गोविंद सिंह टेक्निकल कैंपस से रश्मि ठाकुर, अपूर्वा सिन्हा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं सभी उपस्थित लोगों का स्वागत सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के महासचिव तथा जीजीपीएस - 5 के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती ने किया। मौके पर पुलिस निरीक्षक, साइबर थाना अशोक कुमार, अवर निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा, विश्वजीत महतो, उज्ज्वल, राकेश आनंद, हेमंत राज, अनुप कुमार महतो, ब्रजेश कुमार महतो, संदीप नायक, मधु कुमारी, जया सहगल, धनंजय कुमार सिंह, संजय कुमार सेन के साथ विभिन्न संस्थान से आए हुए प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शहीद दिवस पर प्रार्थना सभा आयोजित, लोगों ने राष्ट्रपिता को किया नमन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-4 स्थित गांधी चौक पर गुरुवार को देश के महान स्वतंत्रता सेनानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व झारखंड प्रदेश ओबीसी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा राकेश कुमार महतो ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुशवाहा राकेश महतो ने कहा कि बापू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं में से एक थे। महात्मा गांधी का संपूर्ण जीवन सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर



आधारित था। बिना किसी हथियार के ब्रिटिश शासन के खिलाफ अहिंसक आंदोलन खड़ा किया। आज हम महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मना रहे हैं, जिन्हें हम प्यार से बापू कहते हैं। गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई। उनका जीवन सादगी, त्याग और निष्ठा का प्रतीक था। उन्होंने स्वदेशी, स्वराज और छूआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई।

उन्होंने कहा कि बापू को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब भारत देश में संविधान पर हो रहे खतरे का मुकाबला बापू की राहों पर चलकर करेंगे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में गांधी वादी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम भजन गाया गया। फिर 10.55 में बापू को पुष्प अर्पित कर 11:00 बजे 2 मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में गंगा नारायण यादव, धीरेंद्र सिंह, गणेश शर्मा, अशोक महतो, रघुनाथ महतो, विदेशी महतो, ठाकुर महतो, भारत महतो, मोहम्मद अब्दुल रऊफ, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष दीपू जी, सहदेव, तारा लाल महतो, ज्योति लाल महतो, सहदेव महतो, देव मुनि सिंह, प्रेम कुमार, अमर राय, शकुंतला देवी, विशेश्वर महतो, कुंवर सिंह, सुनील गांधी, अवधेश कुशवाहा, भगवान सिंह आदि ने भाग लिया। जगदीश बावला के म्यूजिकल ग्रुप ने रघुपति राघव राजा राम का भजन गायन किया।

## वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन और भी रोचक रही प्रतियोगिता

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**कांड्रा।** कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव प्रति वर्ष सरस्वती पूजा के अवसर पर हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाता है।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन छात्रों की अंधा दौड़, मेढ़क दौड़, छात्राओं की चम्मच में कांच की गोली रखकर दौड़ ,बैलून दौड़ कर उड़ाते हुए एक जगह जाकर बैठ कर सबसे पहले फोड़ना, गणित हल करने और एक मिनट में स्कीपिंग प्रतियोगिता हुई। एसकेजी मैदान वर्ग



7 से 10 के छात्रों का क्रिकेट मैच हुआ, जिसमें आदित्य गोराई की टीम विजयी रही, जबकि रवीन्द्र मंडल की टीम उपविजेता रही। मेन ऑफ द मैच आदित्य मिश्रा रहे, मेन ऑफ द सीरिज सुबोध प्रमाणिक रहे। रेफरी शिक्षक रंजीत श्रीवास्तव थे। सभी विजयी विद्यार्थियों को सरस्वती पूजा के दिन पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर उच्च और मध्य विद्यालय के प्रभारी जेडी महतो, विनोद वार्ष्णेय, डोमन चंद्र साव, केसी महतो, पीएल महतो, कुमारी तुलसी, कुमारी संजू और आदेशपाल मधुसुदन महतो उपस्थित थे।

### बीएसएल में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन और कोल केमिकल्स विभाग में दिनांक गुरुवार को कार्यस्थल की सुरक्षा को और मजबूत बनाने तथा सक्रिय जोखिम प्रबंधन की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभाग की कुल नौ टीमों ने भाग लिया और सुरक्षा उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अपने विचार साझा किए।

## परीक्षा का तनाव : कारण व समाधान



जया सुबोध कृष्णा
कक्षा- 8
दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो।

**परीक्षा** का नाम सुनते ही कई विद्यार्थियों के मन में घबराहट, चिंता और तनाव का भाव उत्पन्न हो जाता है। यह एक ऐसा अनुभव है, जिससे हर विद्यार्थी कभी न कभी गुजर चुका है, चाहे वह कक्षा में प्रथम आने वाला विद्यार्थी हो या अंतिम आने वाला वाला व्यक्ति ही क्यों न हो। परीक्षा का तनाव आज के समय में एक बड़ी समस्या बना चुका है, खासकर आकांक्षी युवाओं के बीच। यह न केवल मानसिक, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालता है। परीक्षा के तनाव के कई कारण हो सकते हैं, जैसे - उच्च अपेक्षाएं, हमारे माता-पिता, शिक्षक व समाज हमसे बहुत सारी अपेक्षाएं रखते हैं। जब विद्यार्थी के लिए यही अपेक्षाएं बहुत ज्यादा हो जाती हैं तो उनके मन में असफलता का डर बैठ जाता है, जो विद्यार्थियों के लिए तनाव का विषय है। समय-प्रबंधन की कमी भी तनाव का एक मुख्य कारण है। अधिकतर छात्र परीक्षा के लिए समय पर तैयारी नहीं कर पाते। आखिरी समय में पढ़ाई करने से तनाव व घबराहट बढ़ जाती है। प्रतिस्पर्धा भी तनाव का एक कारण है। आज के युग में शिक्षा-क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बहुत बढ़ गई है। यह प्रतिस्पर्धा विद्यार्थियों को मानसिक रुप से थका देती है। परिणाम का डर भी तनाव का एक विशेष कारण हो सकता है। परीक्षा का परिणाम छात्रों के भविष्य को प्रभावित करता है। इसी कारणवश विद्यार्थी असफल होने या कम अंक आने के डर से तनाव में आ जाते हैं।

परीक्षा के तनाव के लक्षण चिंता व घबराहट, नींद की कमी (अनिद्रा), भूख न लगना, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास की कमी, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, सिरदर्द व पेटदर्द इत्यादि हैं। परीक्षा के तनाव से बचने के प्रभावशाली व कुशल समाधान की चर्चा करें तो समय-प्रबंधन अर्थात समय का सही उपयोग तथा समय पर अपनी पढ़ाई करते रहना तनाव को कम करने में मदद करता है। एक व्यवस्थित समय-सारणी बहुत आवश्यक है। अध्ययन का सही तरीका अपनाकर विषय को रटने की बजाय समझने का प्रयास करना चाहिए। विषयों को छोटे-छोटे भागों में विभाजित करके पढ़ना उपयोगी रहेगा। पर्याप्त नींद लें। यह तनाव को कम करने में सहायक होगी। पौष्टिक तथा संतुलित भोजन भी तनाव को कम करेगा। परीक्षा के नजदीकी दिनों में अपनी सोच सकारात्मक रखें। यदि तनाव अधिक हो तो अपने मित्रों तथा परिवारजनों से साझा करें। माता-पिता तथा शिक्षकों को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि हर बच्चा अलग होता है और उसकी क्षमताएं भी अलग होती हैं। विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव डालने से बचें और उन्हें प्रोत्साहित करें। साथ ही बच्चों को यह अहसास दिलाएं कि परीक्षा केवल जीवन का एक हिस्सा है, पूरा जीवन नहीं। ह्यपरीक्षाह्ण शब्द का अर्थ ही यही है अन्य की इच्छा और इसी बात का तो तनाव है। हम नहीं जानते कि प्रश्न-पत्र बनाने वाले व्यक्ति कैसे प्रश्न देंगे। परीक्षा का तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन इसका समाधान किया जा सकता है। परीक्षा केवल ज्ञान व मेहनत का मापदंड है, न कि आपकी सारी क्षमताओं का, इसलिए तनाव से बचें और अपनी पूरी मेहनत और लगन से परीक्षा की तैयारी करें। सफलता आपके कदम चूमेगी।

## बोकारो स्टील प्लांट में 51 वर्ष पुराने ब्लास्ट फर्नेस गैस नेटवर्क का पुनरुद्धार शुरू

# ऊर्जा दक्षता एवं पर्यावरण मैत्री उत्पादन में आएगी वृद्धि

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ऊर्जा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को परिचालन दक्षता और स्थिरता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 51 वर्ष पुराने ब्लास्ट फर्नेस गैस नेटवर्क के पुनरुद्धार और मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया।

इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) चित्तरंजन महापात्रा ने किया। इस अवसर पर गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग), प्रकाश मंडल, महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग), ओंकारेश बनर्जी,



महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री महापात्रा ने इस परियोजना को बोकारो स्टील प्लांट के ऊर्जा अनुकूलन (एनर्जी ऑप्टिमाइजेशन) प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए ऊर्जा प्रबंधन विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल संयंत्र की ऊर्जा दक्षता को बढ़ाएगी, बल्कि सुरक्षा मानकों को भी सुदृढ़ करेगी, जिससे उत्पादन प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं पर्यावरण अनुकूल बनेगी। उल्लेखनीय है कि इस पुनरुद्धार परियोजना के तहत कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें कॉम्पेन्सेटर्स का नवीनीकरण, मुख्य हेडर के लिए आइसोलेशन सिस्टम की स्थापना, बीएफ गैस लाइन की मरम्मत एवं क्लैडिंग और प्लेटफार्म व सहायक संरचनाओं को मजबूत करना शामिल है। इन सुधारों से गैस उपयोग की दक्षता में वृद्धि होगी, साथ ही संयंत्र की सुरक्षा और ऊर्जा प्रबंधन में स्थिरता भी सुनिश्चित होगी। इस इन-हाउस परियोजना का नेतृत्व गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। परियोजना समन्वय में राकेश कुमार ओझा, सहायक महाप्रबंधक, बिनीत तिर्की, सहायक महाप्रबंधक, प्रेम रंजन, सहायक महाप्रबंधक एवं भानु प्रताप सिंह राणा, सहायक महाप्रबंधक सहित ऊर्जा प्रबंधन विभाग के अन्य अधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बीएफ गैस नेटवर्क के पुनरुद्धार की यह पहल बीएसएल के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, दक्षता सुधार और सुरक्षित एवं सतत औद्योगिक संचालन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## निःशुल्क मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**बोकारो।** गुरुवार को कुमार्या फाउंडेशन अन्तर्गत निःशुल्क मिथिला (मधुबनी) पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-5 एवं कॉपरेटिव कॉलोनी में राज रानू, बसंत पंडित एवं अरुण कुमार सहनी की अध्यक्षता तथा रुचि प्रेरणा के नेतृत्व में प्रारंभ हुई 15 दिवसीय इस निःशुल्क मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा, साहित्यकार अरुण पाठक एवं डॉ नीलम सिंहा के द्वारा कीट वितरण कर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 60 प्रशिक्षणार्थियों को मिथिला पेंटिंग की कलाकार रुचि प्रेरणा प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रशिक्षण उपरान्त सभी को सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। मुख्य अतिथि सीमा झा ने मिथिला पेंटिंग की खूबियों पर प्रकाश डाला।

# दिल्ली में दलित ओबीसी मतदाता बनायेंगे सरकार



रमेश सर्राफ धमोरा

**दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आआप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे।**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने में अब कुछ दिनों का समय ही शेष रह गया है। वहां चुनाव प्रचार पूरे शबाब पर है। सभी दलों के बड़े नेता अपनी-अपनी पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पूरी दिल्ली में चुनावी चौसर बिछी हुई है। सट्टा बाजार में राजनीतिक दलों की हार-जीत के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसका पता तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही चल पाएगा।

मगर दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार बड़ी कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सरकार बनाने के प्रयास में लगी हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी चाहती है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उनकी पार्टी की सरकार बने ताकि केंद्र व राज्य का झगड़ा समाप्त हो। कहने को तो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह पूरे अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है।

दिल्ली में बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 2020 के



विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने चुनाव जीता था। इसलिए आम आदमी पार्टी का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है।

पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडिया गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आम आदमी पार्टी लगातार जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही है।

भाजपा ने 12 आरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मटिया महल से दीप्ति इंदौरा व बल्लीमारन से कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह भाजपा ने कुल 14 सीटो पर दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने भी नरेला से अनुसूचित जाति की अरुणा कुमारी को टिकट देखकर कल 13 सीटों पर दलित प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा व कांग्रेस की रणनीति है कि दलित मतदाताओं को आम आदमी पार्टी से दूर किया जाए। आम आदमी पार्टी ने 12 आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों को टिकट दी है। हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक बार फिर दलित मतदाताओं का रुझान भाजपा की तरफ होने के चलते वहां भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है।

दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। इस बार भाजपा आम आदमी पार्टी से इन सभी 10 सीटों को छीन कर अपनी वापसी का प्रयास कर रही है। भाजपा ने इस बार करीबन 14 टिकट जाट नेताओं को दी है। जिनमें पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। वही आप सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे कैलाश गहलोत भी बीजेपी टिकट पर बिजवासन से चुनाव लड़ रहे हैं। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने से आप के पास कोई बड़ा जाट नेता नहीं रह गया है जो जाट मतदाताओं को आप पार्टी से जोड़े रख सके। जबकि भाजपा ने पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को अरविंद केजरीवाल के सामने खड़ा कर दिल्ली के चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में गुर्जर मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है। इनके प्रभाव वाली छतरपुर, मुस्तफाबाद, तुगलकाबाद, घोंडा, गोकुलपुरी, ओखला पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। वहीं बदरपुर, करावल नगर व पालम पर भाजपा का कब्जा है। दिल्ली के पूर्व सांसद व बड़े गुर्जर नेता रमेश बिधूड़ी को भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के खिलाफ चुनाव मैदान में उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में मदनलाल खुराना व साहिब सिंह वर्मा के बाद हमेशा बाहरी व्यक्ति ही मुख्यमंत्री बनता रहा है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, अरविंद केजरीवाल, अतिशी मालेर्ना जैसे लोग दिल्ली के मूल निवासी नहीं है। इसलिए दिल्ली के लोग चाहते हैं कि अब की बार दिल्ली का ही रहने वाला नेता दिल्ली का मुख्यमंत्री बने ताकि उसे दिल्ली की असली नब्ज व समस्याओं की बखूबी जानकारी हो। जाट मतदाता चाहते हैं कि साहिब सिंह वर्मा के बाद एक बार फिर उनके बेटे प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया जाए ताकि दिल्ली का सर्वांगीण विकास हो सके। वही गुर्जर मतदाता रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री बनाने की का मांग कर रहे हैं। कहने को तो कांग्रेस भी पूरी सक्रियता से चुनाव लड़ रही है। मगर इंडिया गठबंधन में उनके साथी दलों द्वारा आम आदमी पार्टी को समर्थन देने के बाद कांग्रेस का मनोबल कमजोर हुआ है। इसी के चलते कांग्रेस का चुनाव प्रचार भी ज्यादा गति नहीं पकड़ पाया है। ऐसे में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के मध्य माना जा रहा है।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आआप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे। जिस पार्टी के पक्ष में दिल्ली के मतदाता मतदान करेंगे। वही पार्टी दिल्ली में सरकार बनाएगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

## संपादकीय

### दूर की सोचें राहुल गांधी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी दोनों के प्रति अब समान रूप से हमलावर हो गए हैं। दिल्ली में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने साफ-सुथरी राजनीति की बात की थी, लेकिन उनकी सरकार में सबसे बड़ा शराब घोटाला (आबकारी घोटाला) हो गया और वह 'शीश महल'' में रहने लगे। इसी तरह उन्होंने भाजपा, मोदी और आरएसएस पर एक बार फिर देश में नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया।



सच तो यह कि राहुल गांधी को अपनी नीतियों को लेकर स्पष्ट होना चाहिए और यह समझ बनानी चाहिए कि उन्हें कब किसका और किस मुद्दे पर विरोध करना है। केजरीवाल पर उनका हमला लगभग वैसा ही है, जैसा भाजपा के होते हैं। तो क्या यह माना जाना चाहिए कि जो भाजपा का शत्रु है वह राहुल गांधी का भी शत्रु है। यह हास्यास्पद स्थिति है कि केजरीवाल के मामले में राहुल गांधी भाजपा की लाइन ले रहे हैं। जब केजरीवाल जेल में थे तो वह उनकी रिहाई की मांग कर रहे थे और जब दिल्ली के चुनाव में उनकी पार्टी के साथ गठबंधन या समझौता नहीं हुआ तो उन पर तीखा हमला कर रहे हैं। अब राहुल गांधी को यह तय करना चाहिए कि ऐसा करके वह किसको फायदा पहुंचा रहे हैं और किसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अब उनकी मोहब्बत की दुकान वाला जुमला अर्थहीन हो चुका है। जब उनकी मोहब्बत की दुकान उनके गठबंधन 'इंडिया' यानी विपक्षी दलों के गठबंधन के साझेदारी को ही मोहब्बत नहीं दे पा रही है तो बाकी किसे देगी। शायद उनकी मोहब्बत सिर्फ उनके लिए है जो आंख मूंदकर उनके साथ आ जाए और जो उनका अपना ही क्यों ना हो, अगर उनके विरोध में आता है तो वहां उनकी मोहब्बत की दुकान बंद हो जाती है। दरअसल, जरूरत इस बात की है कि कांग्रेस अपने छोटे-छोटे दली स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एजेंडा तैयार करे और उसी के अनुसार अपने राजनीतिक दोस्त और दुश्मन को तय करे। अन्यथा इस समय राहुल गांधी जो कर रहे हैं उससे उनके दोस्त भी दुश्मन होते चले जाएंगे और इसकी भारी कीमत उनकी पार्टी कांग्रेस को चुकानी पड़ेगी?

## चिंतन-मनन

### एकता में भाषा भी अवरोध

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है।

उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती। आर्थिक-सामाजिक वैषम्य तथा जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रीय एकता की स्थाई समस्याएं हैं। इनका समाधान हुए बिना राष्ट्रीय एकता का आधार मजबूत नहीं हो सकता। क्या हित-सिद्धि के भेद की भित्ति पर अभेद का प्रासाद खड़ा किया जा सकता है? क्या हीनता और उच्चता की उबड़-खाबड़ भूमि पर एकता के रथ को ले जाया जा सकता है? ऐसे कभी नहीं हो सकता।

# स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनायेंगे उनके उत्तराधिकारी



डॉ श्रीगोपाल नारसन

स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी डॉ. प्रह्ललाद प्रसाद प्रजापति के कुशल नेतृत्व में देश के दो करोड़ स्वतंत्रता सेनानी परिवार एकजुट होने के रास्ते पर चल रहे है,ताकि उनकी ताकत के बल पर स्वतंत्रता सेनानियों के सपनो का भारत बनाया जा सके।इसी मुद्दे को लेकर 16 फरवरी को झारखंड की राजधानी रांची में स्वतंत्रता सेनानी महापरिषद राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रही है।कानपुर के स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी हरिराम गुप्ता की शिकायत है कि सरकार स्वतंत्रता सेनानी परिवारों तरफ ध्यान नहीं दे रही है,जबकि इन्ही परिवारों के बलबूते आज देश आजाद है और हम खुले मन से आजादी की सांस ले पा रहे है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की संगठन शक्ति बढ़ाने के लिए देश के सभी जिले के स्वतंत्रता सेनानी परिवारो को संगठन की वकालत की।उनका मानना है कि आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के लोगो को देश की अग्रिम पंक्ति का नागरिक माना जाना चाहिए ।उनकी दृष्टि में आज के जीवित स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान भारत रत्न की तरह होना चाहिए।वही उत्तराखंड में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी अवधेश पंत का कहना है कि उत्तराखंड में जो सुविधाएं तत्कालीन हरीश रावत सरकार द्वारा शुरू की गई थी,उन सुविधाओं को देश के हर राज्यों में स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों को मिलनी चाहिए,क्योंकि देश के महान स्वतंत्रता इतिहास को और उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भुलाया नही जा सकता।जिन्होंने इस देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी थी ।लेकिन आज उनके नाम और काम को भारत के इतिहास से मिटाने का षड्यंत्र भिन्न-भिन्न तरीकों से किया जा रहा है। मीसा बंदियों को महिमा मंडित कर उन्हें लोकतंत्र सेनानी बताकर उनको स्वतंत्रता सेनानियों से ऊपर करके सम्मानित किया जा रहा है।वही सरकार स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों का अपमान कर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश में लगी है।लेकिन वह अब तक इसलिए सफल हो पाई है क्योंकि देशभर में फैले स्वतंत्रता सेनानियो व शहीदों परिवारों के लगभग दो करोड़ परिवारो की शक्ति अब एकजुट हो गई है ।स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिवारों को एक माला में पिरोकर उन्हें अपने पूर्वजों के मान-सम्मान और अपने स्वयं के अस्तित्व की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ही प्रतिबद्धित और संकल्पित किया जा रहा है।स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों की शौर्य गाथाएं हमारे देश को उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूर्व से लेकर पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती हैं ।यही इस महापरिषद का एकमात्र उद्देश्य भी है कि हम अपने पूर्वज स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के बलिदान को याद रखें, उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा लेती रहें तथा उनका बलिदान कभी भी विस्मृत न होने पाए। इसी लिए महापरिषद के पहल पर स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर देश के विभिन्न महानगरों व नगरों में मार्गो का नामकरण हो रहा है,साथ ही सार्वजनिक स्थलों व भवनों के नाम भी स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर हो ऐसी कोशिश की जा रही है।देश के 26 राज्यो में संगठनात्मक रूप से सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद ने राष्ट्रीय स्तर पर जहां 21 पदाधिकारियों को संगठन को आगे बढाने की जिम्मेदारी सौंपी है,वही राज्य स्तर पर भी संगठन की



मजबूती के लिए पदाधिकारी नियुक्त किये गए है,जिनमे नारी शक्ति को भी शामिल किया गया है।महापरिषद के महासचिव के रूप में कुमार पटेल संगठन की धुरी बने हुए है,जो हर माह वर्चुअल माध्यम से संगठन को गति देने के लिए पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे है,वही रांची सम्मेलन को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(लेखक राष्ट्रहित चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता है)

# महाकुंभ के महत्व पर उठते कई सवाल



विनोद तकियावाला



भौतिकवादी इस युग में जहाँ प्रत्येक क्षेत्र में आज विज्ञान का तुती बोल रही है,वही वैश्विक मानचित्र के पटल पर इनदिनों एक बार फिर से भारत की चर्चा चहुँ दिशाओं हो रही है।अवसर है आस्था व आध्यात्म के अविस्मरणीय स्वर्णिम पल की।सर्व विदित रहे कि इन दिनों तीर्थराज्य की राजधानी धर्म नगरी प्रयागराज स्थित गंगा युमना व सरस्वती की पवित्र संगम स्थली पर भव्य व दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है।यूँ तो कुंभ चार वर्ष व महाकुंभ 12 बर्ष में लगता है।देश में सिर्फ चार जगहों पर 12 वर्ष के अंतराल में लगता है।

ये चार शहर है हरिद्वार,प्रयागराज, उज्जैन और नासिक।इसी वजह से इन शहरों को कुंभनगरी कहा जाता है।जिनका उल्लेख प्राचीन हिंदू शास्त्रों व पुराणों में भी मिलता है,पौराणिक ग्रन्थ के अनुसार आदिकाल में जब समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश निकला था,जिसे पाने के लिए देवताओं व असुरों में होड़ मच गई थी।तब स्वंय भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया और असुरों को छलकर अमृत देवताओं को ही पिलाया था लेकिन इस दौरान कलश के अमृत की कुछ बूंदें छलककर धरती पर आ गिरी थीं।ये बूंदें हरिद्वार,प्रयागराज,उज्जैन और नासिक और इसी वजह से इन्हीं चार स्थलों महाकुंभ का आयोजन होता है।

आप के मन उठना स्वामिक है कि हर 12 साल के बाद ही क्यों आता है।तो आप को बता दे कि अमृत के लिए असुरों और देवताओं के मध्य 12 दिनों का युद्ध हुआ था।मै स्पष्ट कर दूँ कि उस समय के12दिव्य आज के एक दिन 12 साल के बराबर है।इसी कारण महाकुंभ का आयोजन पूरे12साल के अंतर पर होता है।पौराणिक मान्यता के अनुसार कुंभ मेले में स्नान करने से मोक्ष मिलता है व इंसान के सारे पापों का अंत हो जाता है।एक विशेष पक्ष का मानना है कि यह महाकुंभ न केवल धार्मिक आयोजन है,बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत प्रदर्शन भी है।हालाकि यथार्थ की घरातल ये सभी बातें कोपल कलपित लगती है।एक ओर तो हम पृथ्वी से इसरो चन्द्रयान 3 व आदित्या एल वन चाँद व सूर्य की तस्वीर भेज रहे हो।मै यहाँ स्पष्ट कर दुं कि मै कोई धर्म विरोधी या नास्तिक व्यक्ति नही हूँ।आध्यात्म व धर्म आस्था व धारण की अवधारणाओ पर आधार्रित होता है।आज जो महाकुम्भ के नाम की ब्राण्ड,मॉकेट्रिग व विज्ञापन पोस्टर बाजी,खबरिया चैनल के माध्यम पताल भैरवी राग अलापे जा रहे है,वही दूसरी तरफ शोसल मीडिया के ओछी मानसिकता व हरकतों से कुछ लोग नाराज देख रहे है।इसका बड़ा उद्धाहरण हर्षा रिछारिया,मोनालिसा और आईआई टीन बाबा के नाम से प्रसिद्ध अभय सिंह,ये तीनों ही चेहरे महाकुंभ में ना केवल चर्चित व चर्चा में रहे बल्कि बेलगाम शोसल मीडिया के द्वारा अपने नीजी स्वार्थ सिद्धि के कारण कई चेहरों ने सोशल मीडिया पर सुर्खियां तो खुब बटोरीं टी आर पी व अपनी ब्यूबर की संख्या मिलयन में पहुंचाने के कारण इन चर्चित चेहरो को अध्यात्म व आस्था के संगम को बीच में ही छोड़कर जा चुके हैं।महाकुंभ की शुभारम्भ से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हर्षा रिछारिया को सबसे सुंदर साध्वी का तगमा तक दे दिया गया,लेकिन जब निरंजनी अखाड़े के रथ पर भी बैठ कर शाही सवारी करते नजर आईं तो इसे लेकर संत समाज में विवाद शुरू हो गया। कुछ संतों ने तो हर्षा के संग रथ पर बैठने और भगवा वस्त्र धारण करने पर अपनी आपत्ति तकजताई।यह मामला इतना तुल पकड़ गया है कि हर्षा रिछारिया ने रोते हुए महाकुंभ छोड़ने तक का ऐलान कर दिया।वहीं दूसरी ओर मोनालिसा भी महाकुंभ छोड़कर चली गई है।बताया जा रहा है कि ऐसा करने के लिए उसके पिता ने कहा था।मोनालिसा खूबसूरती की वजह से चर्चा में आई।सर्वविदित रहे कि इंदौर की रहने वाली मोनालिसा रुद्राक्ष की माला बेचने कर कुछ पैसे कमाने के लिए यहाँ आई थी।ताकि वहअपने परिवार के भरण पोषण में मदद करे सके,लेकिन महाकुंभ में उनकी खूबसूरती के कारण चर्चा में आ गई।जिसके कारण कुछ लोक उसकी तुलना सिनेजगत व स्वर्ग लोक की परी व कलाकारों से कर रहे हैं।वही सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उसकी आंखों पर काफी रिएक्शन आए।मोनालिसा की बहन ने बताया कि वह तो माला बेचने आई थी,यहाँ के लोग मोनालिसा को माला बेचने नहीं देते थे और वीडियो छुप छुप के बनाते थे,इसी के चलते वह चली गई।इसी तरह आई आई टी एन बाबा के नाम से चर्चा में आए अभय सिंह ने आई आई टी बॉम्बे से पढ़ाई की थी।उनपर आरोप है कि उन्होंने गुरु के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया था।इसी के चलते बाबा को अखाड़ा शिविर और उसके आस- पास आने पर रोक लगा दी गई है।इस पूरे मामले को लेकर अखाड़े का कहना है कि संन्यास में अनुशासन और गुरु के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण है।इसका पालन न करने वाला संन्यासी नहीं बन सकता है।

उपरोक्त उदाहरण एक छोटा किन्तु कटु सत्य है।जिसकी अनदेखी नही की जा सकती है।कुछ लोगो ने तो महाकुंभ को आस्था व भावना से खिलवाड़ व एक राजनीतिक दल नीजी स्वार्थ से जोड़ दिया है।उनका तर्क है कि अगले वर्ष राज्य में विधान सभा के चुनाव होने वाले है,महाकुंभ के नाम सरकारी खजानों व सरकारी तंत्र व जिस तरह से पानी तरह से बहाया जा रहा है।व्यवस्था के नाम श्रुद्धालुओ के लिए सुविधा के नाम सिर्फ और सिर्फ खाना पुर्ति की गई है।वह सच्चे-संत साधुओं श्रुद्धाओं को कठिनाईयों का समाना करना पड़ रहा है।मौनी अमावस्या के अवसर महत्वपूर्ण के पूर्व घटित घटना ना केवल कई मासूम को जान गवाना पड़ा इसके पूर्व टेन्ट में आग लगी थी। जिसकी खबरे छन छन कर आ रही है।गोदी मीडिया अपने आकाओं की गुनगान व टी आर पी को बढ़ाने के ब्रेकिंग न्यूज देते थक नही रहें। परिणाम स्वरूप महाकुम्भ की महत्व पर कई सवाल उठाए जा रहे। वही भारत जैसे विकासशील देश के लिए सिर्फ ऐसे आयोजन जहाँ करोड़ो जनता को 5 किलो अनाज के लिए लाईनों मे खडा रहना पड़ता है।शिक्षा व स्वास्थ्य व रोजगार के लिए सड़को पर आये दिनो आन्दोलन करना पड़ता हो,धर्म की आड़ में अपने चेहते की फैक्टरी चलें,एक वर्ग के मतदाताओ को रिझा -बहका कर अपने पक्ष में वोट करवा सके। महाकुंभ की महता कम सरकार व उनके चेहते पूँजीपतियों के लिए प्रचार प्रसार के संग मार्केट्रिग कर रहें। एक संत ने तो सबाल उठाते हुए यहाँ तक कह दिया कि क्या बात पुरे कुम्भ मेला क्षेत्र सिर्फ दो व्यक्तियों की फोटो लगी।वही विपक्षी दल के नेता ने कहाँ कि कुम्भ में डुबकी लगाने से महंगाई,भुखमरी व बेरोजगारी देश से समाप्त नही होने वाली है।महाकुंभ की महत्व पर उठते कई सवाल राष्ट्र व समाज के लिए सोचने को मजबुर करती है।क्या यह वही भारत है जिसकी कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व आजादी के दीवाने, हमारे स्वतंत्रता सेनानी व संविधान निमाताओं की थी ,जिन्होने भारत को धर्म निरपेक्ष व लोकतांत्रिक देश बनाने की सपना देखा था।

# सर्दियों में स्किन का ख्याल रखता है गुड़, इन तीन तरीकों से करें इस्तेमाल



**सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है।**

ठंड के मौसम में हम सभी गुड़ का सेवन जरूर करते हैं। यह शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। लेकिन क्या आपको पता है कि गुड़ ठंड के दिनों में आपकी स्किन का ख्याल भी रख सकता है। सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है।

गुड़ को आप कई अलग-अलग तरीकों से अपने विंटर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि ठंड के दिनों में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप गुड़ का इस्तेमाल किस तरह करें-

गुड़ और शहद से बनाएं फेस मास्क

ठंड के मौसम में अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने और डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप गुड़ और शहद की मदद से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।

आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच गुड़ पाउडर या कुचला हुआ

1 बड़ा चम्मच शहद

इस्तेमाल का तरीका-

सबसे पहले गुड़ को शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाएं।

अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और स्किन को मॉइश्चराइज करें।

गुड़ से बनाएं लिप बाम

ठंड के मौसम में होंठों के रूखेपन या फटने की समस्या बेहद आम है। ऐसे में आप गुड़ की मदद से लिप बाम बनाएं। यह आपके होंठों की नमी को बनाए रखने में मदद करेगा।

आवश्यक सामग्री-

1 चम्मच गुड़

1 चम्मच घी या नारियल का तेल

इस्तेमाल का तरीका-

गुड़ को घी या नारियल के तेल के साथ मिक्स करें।

अब इसे अपने होठों पर लगाएं।

आप हर दिन इसका इस्तेमाल कर सकती हैं और सर्दियों में भी होंठों को मुलायम बनाए रख सकती हैं।

गुड़ से बनाएं स्क्रब

गुड़ की मदद से स्क्रब भी बनाया जा सकता है। आप इसके साथ ओट्स या चीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच गुड़

1 बड़ा चम्मच पिसा हुआ ओट्स या चीनी

1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल

स्क्रब बनाने का तरीका-

सबसे पहले गुड़ को पिसे हुए ओट्स या चीनी के साथ मिक्स करें।

अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं।

इसे अपने चेहरे या शरीर पर लगाकर मसाज करें और धो लें।

# हेल्दी डाइट के बाद भी कम नहीं हो रहा वजन तो आज से ही शुरु कर दें यह काम, एक हफ्ते में दिखेगा असर

**वेट लॉस करना चाहते हैं और इसके लिए एक्सरसाइज भी करते हैं। हेल्दी खाना भी खाते हैं। लेकिन फिर भी मनचाहा रिजल्ट नहीं मिल रहा। इसके लिए कई बार लाइफस्टाइल की बहुत छोटी बातें जिम्मेदार होती हैं। इस बारे में फिटनेस कोच शितिजा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि कैसे वर्कआउट करने के बाद भी वजन कम नहीं हो रहा।**

आखिर क्यों दिखता है बढ़ा हुआ वजन

अगर आपका वजन भी रोज एक किलो के करीब ज्यादा दिख रहा तो इसके लिए कई फैक्टर जिम्मेदार होते हैं।

-रात को हाई कार्बोहाइड्रेट वाला डिनर

-स्ट्रेस

-बहुत ज्यादा हैवी वर्कआउट, जिसकी वजह से मसल्स लॉस होने की बजाय स्ट्रेंथ पाती हैं।

-रात को देर से खाना

-पीरियड्स के दौरान भी कुछ महिलाओं का वजन बढ़ा हुआ दिखता है।

-अगर आपकी नींद ठीक से पूरी नहीं हो रही तो भी वेट गेन होगा।

-वेट नापते वक्त आपका पेट खाली होना चाहिए। अगर आप शौच के लिए जाने वाले हैं तो वजन ना तौलें। ऐसे वक्त में भी वेट ज्यादा दिखता है।

-ज्यादा नमक और सोडियम रिच फूड्स खाने की वजह से शरीर में वाटर रिटेंशन की प्रॉब्लम हो जाती है और वजन ज्यादा दिखने लगता है।

कैसे पता करें कि हो रहा वेट लॉस

-अगर आप वजन नापने वाली मशीन पर खड़े होने पर वजन घटा हुआ नहीं पाते तो घबराएं नहीं। रोज वजन घटने की बजाय बढ़ा हुआ दिख रहा तो इस तरह पता करें कि आपकी एक्सरसाइज असर दिखा रही है।

-आपके कपड़ों की साइज बदल गई है और फिटिंग चेंज हो गई है।

-शरीर ज्यादा फ्रेश और स्ट्रांग महसूस करता है। जैसे कि सीढ़ियां चढ़ते वक्त या फिर वेट ट्रेनिंग करना अब पहले से आसान लगता है।

रोज-रोज वजन फलक्चुएट हो रहा लेकिन लंबे समय में वजन घटा है तो इसका मतलब है कि आपकी डाइट और एक्सरसाइज असर दिखा रही है।





# स्वेटर-शॉल पर आ गए हैं रोएं तो निकालने के लिए अपनाएं ये तरीके

**गर्म कपड़ों में रोएं निकलने से हर कोई परेशान रहता है। एक-दो धुलाई के बाद वूलेन कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। जिसकी वजह से महंगे से महंगा कपड़ा पुराना नजर आने लगता है। लेकिन आप कुछ आसान हैक्स की मदद से आप इनको आसानी से हटा सकते हैं।**

दिसंबर और जनवरी का महीना आते-आते कई राज्यों में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। सर्दी से बचने के लिए हम सभी ऊनी कपड़ों का सहारा लेते हैं। लेकिन गर्म कपड़ों में रोएं निकलने से हर कोई परेशान रहता है। एक-दो धुलाई के बाद वूलेन कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। जिसकी वजह से महंगे से महंगा कपड़ा पुराना नजर आने लगता है। लेकिन आप कुछ आसान हैक्स की मदद से आप इनको आसानी से हटा सकते हैं। इसके साथ ही आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। जिससे कि इन कपड़ों में रोएं न लगें। वहीं रोएं की वजह से आपका कपड़ा खराब हो रहा है, तो आप कंघी वाली ट्रिक आजमा सकती हैं।

कपड़ों से क्यों निकलते हैं रोएं

कपड़ों को गलत तरीके से धोने या सुखाने से रोएं निकलने लगते हैं।

ऊनी कपड़े पहनकर सोने से भी कपड़ों में रोएं निकलने लगते हैं।

ऊनी कपड़ों को गर्म पानी से धोने से रोएं भी निकलने लगते हैं।

सस्ती और खराब क्वालिटी का ऊन होने पर रोएं निकल सकते हैं।

## कंघी से हटाएं रोएं

आप कंघी की मदद से भी वूलेन कपड़ों से रोएं हटा सकती हैं। सबसे अच्छी बात ये है कि इसमें किसी तरह का कोई खर्च नहीं आता है। आप रोएं वाली जगह पर कंघी को घुमाना होगा। ऐसे में कंघी में रोएं फंसकर साफ हो जाएंगे। ध्यान रखें कि रोएं निकालने के लिए पतली कंघी लेनी होगी।

## इन ट्रिक्स से निकालें रोएं

आप पैकिंग टेप की सहायता से आसानी से रोएं निकाल सकते हैं। इसके लिए रोएं पर टेप लगाएं।

इसके अलावा वूलेन कपड़ों को विनेगर में भिगोकर रखें, इससे रोएं आसानी से निकल सकते हैं।

आप शेविंग रेजर की सहायता से भी रोएं निकाल सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि रोएं निकालते समय कपड़े को कोई नुकसान न हो।

वहीं अगर आपके पास लिंट रिमूवर है, तो यह बेस्ट ऑप्शन होगा।

## ऐसे धोएं ऊनी कपड़े


बता दें कि बहुत सारे लोग ऊनी कपड़ों को गर्म पानी से धोते हैं, जिसकी वजह से कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। बल्कि गर्म पानी से धोने से इसकी बनावट भी खराब हो जाती है। इसलिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप वूलेन कपड़ों को गर्म पानी से धोएं। वहीं अगर आप वूलेन कपड़ों को वॉशिंग मशीन में धोते हैं, तो आपको वूल या डेलिकेट मोड ऑन करें। अगर आप हाथ से इन कपड़ों को धोते हैं, तो ज्यादा बेहतर रहेगा। गर्म कपड़ों को सही तरीके से धोने से गर्म कपड़ों में रोएं की कोई परेशानी नहीं होती है।

# साइकिल चलाते समय न करें ये गलतियां

**अधिकतर लोग खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चलाना पसंद कर रहे है और फिटनेस के लिए इसे अपनी रूटीन में शामिल कर रहे है। वैसे भी फिट और एक्टिव रहने के लिए साइकिल चलाना बेस्ट माना जाता है। यदि नियमित रूप से साइकिल चलाई जाए तो इससे बॉडी की पूरी एक्सरसाइज होती है। और टोन्ड और परफेक्ट फिगर पा सकते है। लेकिन साइकिल चलाते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। वरना सेहत से जुड़ी अन्य समस्या हो सकती हैं।**

- कुछ लोगों की आदत होती है कि वे बार-बार पानी पीते है, ये बिलकुल अच्छी बात है लेकिन साइकिल चलाते समय अधिक मात्रा में पानी नहीं पीना चाहिए। क्योंकि साइकिल चलाते वक्त अधिक मात्रा में पानी पीया जाएं तो इससे मतली की समस्या होने लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने से बार-बार पेशाब आएगी। जिससे पेट में दर्द हो सकता है। इसलिए साइकिल चलाते वक्त पानी न पीएं।
- साइकिल चलाना फिट रहने के लिए एक बेस्ट विकल्प है। इसलिए साइकिल चलाते वक्त फास्ट फूड या फिर जंक फूड से दूरी रखना ही बेहतर होता है, क्योंकि अनहेल्दी खाने से शरीर में फेट बढ़ता है। इससे आप सुस्त महसूस करेंगे।
- साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग न करें। वैसे आमतौर पर वर्कआउट से पहले स्टेचिंग की सलाह दी जाती है। लेकिन साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग न करें। इससे मांसपेशियां कमजोर हो सकती है और उनमें खिंचाव आ सकता है। यदि आप स्टेचिंग करना चाहते है तो कम से कम आधे घंटे पहले करें।
- कई बार ऐसा होता है कि हम साइकिल राइड को मजेदार बनाने के लिए स्टंट करना शुरू कर देते हैं। इससे एक्सीडेंट होने की संभावना अधिक रहती है।





# सर्दियों में लहसुनी पालक का लुत्फ उठाएं

सर्दियों के दौरान हरी सब्जियां खाना काफी पौष्टिक माना जाता है। पालक खाना सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होती। ठंड के मौसम में लहसुनी पालक का लुत्फ उठाएं, स्वाद इतना गजब सब करेंगे तारीफें।

ठंड के मौसम में साग, पालक और मेथी की सब्जी खूब खाई जाती है। सब्जी मंडी में इस समय पूरे बाजार में हरी सब्जियां नजर आती है। हरी सब्जियां सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। पालक के सेवन करने से शरीर को कई पोषक तत्व मिलते हैं। पालक में भरपूर न्यूट्रिशन पाए जाते हैं। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, कैल्शियम, प्रोटीन और फाइबर मौजूद होता है। इस विंटर सीजन में लहसुनी पालक की सब्जी बनाएं, जो स्वाद और हेल्थ के लिए बढ़िया है। आइए आपको लहसुनी पालक रेसिपी बताते हैं।

लहसुनी पालक बनाने के लिए हमें क्या चाहिए?

- 1 बड़ा कटोरा पालक, उबालकर कटा हुआ
- 1 बड़ा चम्मच घी
- 1/4 छोटा चम्मच जीरा
- 2 बड़ा चम्मच कटा हुआ लहसुन
- 1 छोटा कटा प्याज
- 1 चम्मच कटी हरी मिर्च
- 2 साबुत सूखी लाल मिर्च
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/4 चम्मच मिर्च पाउडर
- स्वादानुसार नमक

तड़का के लिए

- 1 बड़ा चम्मच शुद्ध घी
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा
- 1 छोटा चम्मच कटा हुआ लहसुन
- 1 साबुत सूखी लाल मिर्च
- कटा हुआ टमाटर

लहसुनी पालक कैसे बनाएं

– सबसे पहले आप एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा, कटा हुआ लहसुन और साबुत सूखी लाल मिर्च डालें। कुछ समय तक भूने, फिर आप कटा हुआ प्याज डालें, जब तक यह ग्लोडन ब्राउन न हो जाए।

– अब कटी हुई हरी मिर्च, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर डालें। कुछ सेकंड के लिए भूनें, फिर कटा हुआ पालक और स्वादानुसार नमक डालें। कुछ मिनट तक भूनते रहें, और परोसने के बर्तन में निकाल लें।

– फिर आफ तड़का के लिए शुद्ध घी, जीरा, कटा हुआ प्याज और साबुत सूखी लाल मिर्च के साथ तड़का तैयार करें। जब तक लहसुन सुनहरा भूरा ने हो जाए तब तक इसे भूनें।

– अब आप इस तैयार किए हुए तड़के को लहसुनी पालक में डाल दीजिए और कटे हुए टमाटर से गार्निश करें।

# चंदा विवाद को लेकर गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला मुजफ्फरपुर



**पटना/मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अन्तर्गत पोस्ट ग्रेजुएट छात्र हॉस्टल में सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर आज सुबह 12 राउंड गोली चलने से हड़कंप मच गया। सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर हुए विवाद के बाद उपद्रवियों द्वारा तकरीबन एक दर्जन राउंड गोली दहशत फैलाने के लिए चलाने की बात सामने आ रही है। मामले की सूचना प्राप्त होते ही कई थानों की पुलिस मौक़े पर पहुंच मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में बीते दिनों सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर एक हॉस्टल के छात्रों द्वारा पास के ही एक हॉस्टल के छात्रों के साथ मारपीट की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले को शांत करा दिया था। लेकिन आज अहले सुबह एक बार फिर कुछ असमाजिक तत्व द्वारा करीब एक दर्जन राउंड गोली चलाकर दहशत व्याप्त किया गया । जिसके बाद एक हॉस्टल के तमाम छात्र दहशत में नजर आ रहे हैं। इस घटना की सूचना जैसे ही जिले के वरीय अधिकारियों को मिली मोके पर कई थानों की पुलिस पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ टाउन सीमा देवी भी मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेज से असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है ।

पूरे मामले को लेकर एसडीपीओ टाउन सीमा देवी ने बताया कि कुछ उपद्रवी तत्वों के द्वारा एक हॉस्टल पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से तीन राउंड फायरिंग की गई है । पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और जल्द ही उपद्रवियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## चरस तस्करी मामले में दो को चौदह वर्षों का सश्रम कारावास



**पूर्वी चंपारण।** एनडीपीएस कोर्ट 2 के विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद दो अभियुक्त को चौदह वर्षों का सश्रम कारावास व प्रत्येक को एक एक लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा घोड़ासहन थाना के पकही निवासी समीर शाह उर्फ चेलवा तथा सलमान शाह उर्फ बैला को हुई है। मामले में घोड़ासहन थाना में मामला दर्ज किया गया था,जिसमें कहा गया था कि 11 सितंबर 2012 को 10.30 बजे दिन में घोड़ासहन के बलान मोड़ के पास गुप्त सूचना के आलोक में वाहन जांच किया जा रहा था। उसी दौरान नेपाल की ओर से अपाची बाईक पर दो व्यक्ति भारत में प्रवेश किया। पुलिस बल ने बाइक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान दोनों युवकों के पास से एक काले रंग के बैग में रखे तीन किलो चार सौ ग्राम चरस बरामद किया गया। एनडीपीएस वाद संख्या 89/2021 विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक प्रभाष त्रिपाठी ने बारह गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर साक्ष्य कराया। न्यायाधीश ने सुनवाई पुरी कर नामजद दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाए है।

## कुंभ मेला से घर लौट रहे पति-पत्नी सहित तीन की सड़क हादसे मे मौत



**पूर्वी चंपारण।** गोरखपुर जिला के सिकरीगढ़ के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिंक एक्सप्रेस-वे पर प्रयागराज कुम्भ मेला से लौट रही कार डंपर के चपेट मे आ गयी कार सवार तीन लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, जबकी एक युवक गंभीर रुप से घायल है। मृतकों की पहचान पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सटहां कचहरी टोला निवासी गोपाल यादव व उनकी पत्नी सोना देवी व तेजपुरवा पंचायत के वार्ड चार अहिरौलिया निवासी महेन्द्र भगत के पुत्र अरविन्द कुमार के रुप मे किया गया, घायल युवक अरुण यादव मृतक गोपाल यादव का पुत्र है जिनका इलाज चल रहा है । बताया जाता है की बुधवार को 6 लोग गोपाल यादव के वैगन आर कार से कुंभ स्नान के लिये गये थे लौटने समय यह हादसा हुआ है। मृतक अरविन्द कुमार के परिजनो ने रोते हुये बताया की वे तीन भाई मे सबसे छोटे थे। उनको एक 3 वर्ष की एक पुत्री है। स्थानीय लोगो ने बताया की सिकरीगंज थाना द्वारा सूचना के बाद परिजन गोरखपुर पहुंचे है। जहाँ जिला अस्पताल गोरखपुर मे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है पोस्टमार्टम के बाद शव घर आयेगा।

## सीएम ने मधेपुरा जिले को दी 299 करोड़ से अधिक की सौगात

- 69 योजनाओं का किया उद्‌घाटन एवं शिलान्यास




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में मधेपुरा जिले के चौसा प्रखंड की रसलपुर धुरिया पंचायत स्थित गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, उदाकिशुनगंज परिसर से कुल 2 करोड़ 99 लाख 56 हजार49 लाख रुपये की कुल 69 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्‌घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 103 करोड़ 17 लाख .7 हजार रुपये की 40 योजनाओं का उद्‌घाटन और 196 करोड़ 39 लाख 48 हजार रुपये की 29 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने चौसा प्रखंड स्थित रसलपुर धुरिया पंचायत में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चौसा प्रखंड स्थित आईटीआई, उदाकिशुनगंज के परिसर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने 5,251 स्वयं सहायता समूह को 33 करोड़ 98 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 7685 स्वयं सहायता समूह को 82 करोड़ 55 लाख रुपये का सांकेतिक चेक और 1,232 जीविका दीदियों के परिवार को 6 करोड़ 55 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों द्वारा लगाए गए शैक्षणिक कार्यों से संबंधित स्टॉलों को देखा और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाए गए सेंटर फॉर एक्सीलेंस का फीता काटकर उद्‌घाटन किया। उद्‌घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने वहां वर्कशॉप का निरीक्षण किया और आधुनिक तकनीक पर आधारित लगायी गयी मशीन एवं उनकी कार्य पद्धति की जानकारी ली। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के बगल के मैदान में मुख्यमंत्री ने 5652.42 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।

इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को डिजाइन के माध्यम से अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण अच्छे ढंग से कराएं ताकि बगल में खेल मैदान का स्वरूप भी बना रहे और छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने रघुनाथ विद्या मंदिर प्लस 2 विद्यालय, क्लासन के परिसर से 9.94 लाख रुपये लागत के खेल मैदान (गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के बगल में) का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्‌घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खेल मैदान का जायजा लिया और खिलाड़ियों से बातचीत कर उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने इसी विद्यालय परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, श्रम संसाधन विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया।

## सीएम पर भरोसा नहीं कब कहां क्या बोल देंगे: तेजस्वी यादव

**सीवान।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को सीवान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रेसवार्ता कर एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया है। बिहार में पूरी तरह से अराजकता का माहौल है। हर दिन गोलियां चल रही है। मर्डर हो रहा है। क्या यही सुशासन है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि सम्राट चौधरी ही नहीं बल्कि दोनों चौधरी और एक अधिकारी सीएम नीतीश कुमार को बोलने से रोकते नजर आते हैं। घेराबंदी भी उसी हिसाब से की जाती है। उनको भी अपने मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं है कि कब क्या बोल देंगे।

## नवादा में इनामी नक्सली कमांडर उमेश गिरफ्तार ,10 वर्षों से थी पुलिस को तलाश




**नवादा।** पुलिस ने 10 वर्षों से फरार 50 हजार का इनामी उग्रवादी उमेश रविदास को पुलिस ने नाटकीय ढंग से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। इसे पुलिस एक बड़ी सफलता मान रही है। नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के सेखोदेवरा में 30 जनवरी 2015 को 150 से 200 के संख्या में हथियार से लैस नक्सलियों ने दो ट्रैक्टर बीच बाजार में जला दिया था, साथ ही मोटरसाइकिल छीन लिया था। सरकार द्वारा चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान का विरोध किया जा रहा था। जिस कारण भारत बंद घोषित कर स्थानीय लोगों से मारपीट भी किया गया था ।इसका नेतृत्व नक्सली कमांडर कौवाकॉल निवासी उमेश रविदास ने किया था। घटना के बाद पुलिस द्वारा प्राथमिक की दर्ज कर अनुसंधान आरंभ किया गया । प्राथमिकी में नामजद अभियुक्त के गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी ।इसके लिए 50 हजार का ईनाम भी रखा गया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नक्सली कमांडर नामजड़ अभियुक्त उमेश रविदास को नवादा सदर अस्पताल के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद गिरफ्तार उमेश रविदास ने 10 वर्ष पूर्व हुई घटना अपनी संलिप्त स्वीकार की है। गिरफ्तार अभियुक्त कौवाकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी पुना रविदास का पुत्र है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में चल रहे नक्सली अभियान के विरोध में भारत बंद का आयोजन किया गया था ।जिसके तहत कौवाकोल बंद कराया जा रहा था ।आम नागरिकों द्वारा नहीं बंद करने पर आम नागरिकों की बेरहमी से पिटाई कर दो ट्रैक्टर को जलाया गया था। उसके बाद कुख्यात नक्सली उमेश रविदास भाग कर दिल्ली में चावल व्यवसाय का कारोबार कर रहा था। कई राज्यों में नक्सली गतिविधियों में भी शामिल था।

## पेज एक का शेष

### झारखंड के रामगढ़...

उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया और कहा गया कि उनका मोबाइल नंबर और आधार कार्ड बंद कर दिया जाएगा। अगर उन्हें इस बारे में ज्यादा जानकारी चाहिए, तो दिल्ली पुलिस से बात करनी होगी, ताकि उनका मोबाइल नंबर और आधार कार्ड बंद ना हो। इस बातचीत के बाद उनका कॉल एक दूसरे नंबर पर ट्रांसफर किया गया। फिर व्हाट्सएप से मैसेज और वीडियो कॉल आना प्रारंभ हो गया।

वीडियो कॉल से सुरेंद्र प्रसाद को बताया गया कि उनका नाम मनी लॉन्ड्रिंग में सामने आया है। यह देश का सीक्रेट मिशन है, इसको वह किसी से भी शेयर नहीं करेंगे। इसके बाद उन्हें अरेस्ट का कागज भेजा गया, जिससे वे काफी डर गए। इसके बाद लगातार वीडियो कॉल और मैसेज आना प्रारंभ हो गया। इस दौरान उनसे पैसे की जांच के नाम पर 28 जनवरी को एक अकाउंट नंबर भेजा गया, जो फेडरल बैंक का था।

अकाउंट होल्डर विकास यादव के नाम पर 29 जनवरी को उन्हें पैसे भेजने को कहा गया। सुरेंद्र प्रसाद इतना डर गए थे, कि उन्होंने अपने अकाउंट से 8 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। बाद में उन्हें शक हुआ कि उनके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### संसद का बजट...

संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक खत्म होने के बाद बताया कि इसमें 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए थे।'

**किरेन रिजिजू ने दी जानकारी** : संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बजट सत्र के लिए कुल 16 बिल और 19 बिजनेस पहले से ही संसद में लिस्ट हैं। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई और जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टी.आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन समेत कई नेता शामिल हुए।

**कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने क्या कहा** : कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस'(इंडिया) संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक से बाहर निकलते हुए प्रमोद तिवारी ने महा कुंभ के कथित राजनीतिकरण की भी आलोचना की और कहा कि महा कुंभ के दौरान अतिविशिष्ट लोगों के लिए आवाजाही से आम आदमी के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं।

**महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने साधा निशाना** : विपक्षी दलों ने कहा कि वे महा कुंभ में कुप्रबंधन का मुद्दा उठाएंगे, जिसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई। विपक्षी दलों ने कहा कि उन्हें मृतकों और घायलों की आधिकारिक गणना में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। सपा ने कहा कि कुंभ को केवल अधिक तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने के लिए महाकुंभ कहा जा रहा है। विपक्ष ने कहा कि वो वक्फ समिति के ₹पक्षपातपूर्ण₹ कामकाज का, रुपये में गिरावट और यूजीसी नियमों का मुद्दा उठाएंगे। वहीं, लोजपा ने बिहार के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग की है।

### मंईयां सम्मान योजना...

**बंगाल के यूसुफ के बैंक खाते से 95 बार हुआ फर्जीवाड़ा** : सत्यापन के क्रम में यह स्पष्ट हुआ है कि बैंक खाता संख्या 100253387047, जिसके खाता धारक का नाम यूसुफ है, उसका पता- पतागोड़ा, बड़ाखांती, उत्तर दिनाजपुर, राज्य-पश्चिम बंगाल है। इस खाता का इस्तेमाल कुल 95 बार अलग- अलग नाम से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया गया है। इस दौरान दर्ज राशन कार्ड की संख्या भी फर्जी अंकित है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जांच के क्रम मं इसकी पुष्टि की है। वहीं, सभी नामों के उपनाम में किस्कू, हांसदा और मुर्मू शब्द जोड़ा गया है। 21 नवंबर 2024 को एक ही साथ कई बार आवेदन किया गया है। उपायुक्त ने खाताधारक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।

**कई आवेदनों को बीडीओ/सीओ ने दी स्वीकृति** : जांच के क्रम में यह भी खुलासा हुआ है कि स्वीकृति के क्रम में कई आवेदनों को बीडीओ/सीओ स्तर से स्वीकृत भी किया गया है। लेकिन, उपायुक्त के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा द्वारा एक से ज्यादा बार एंट्री एक ही खाता की संवीक्षा के बाद राशि हस्तांतरित करने की स्वीकृति पर रोक लगाए जाने के कारण राशि का हस्तांतरण खातों में नहीं किया गया।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) के सत्यापन के क्रम में जिले में ऐसे कुल 11,200 डुप्लीकेट आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसका पुनः एक बार आंगनबाड़ी कर्मियों से भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद संबंधित लोगों को चिह्नित कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अमेरिकाः प्लेन व...

अब इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए वॉशिंगटन के फायर चीफ ने बताया कि इस हादसे में सभी 67 लोगों की मौत हो गई है। वॉशिंगटन डीसी के फायर चीफ का कहना है कि विमान और हेलीकॉप्टर की टक्कर में कोई जिंदा नहीं बचा है। वाशिंगटन डी सी फायर एंड ईएमएस के चीफ जॉन डोनली ने कहा कि हम लोग रेस्क्यू ऑपरेशन को अब एक रिकवरी ऑपरेशन में बदल रहे हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि हादसे में कोई जिंदा बचा है।

**टक्कर के बाद हुए प्लेन के तीन टुकड़े** : एपी के रिपोर्ट के अनुसार ट्रांसपोटेशन सेक्रेटरी ने बताया कि हादसे के बाद अमेरिकी एयरलाइंस का विमान पोर्टेमाक नदी में तीन टुकड़ों में पड़ा मिला।

**प्लेन में सवार थे 64 यात्री** : अधिकारियों का मानना है कि अमेरिकी ईगल फ़्लाइट 5342 जो रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। फ्लाइट में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई और वे सर्च और रेस्क्यू टीमों को रिकवरी ऑपरेशन के काम में लगा रहे हैं। इससे पहले रेस्क्यू टीम ने नदी से 19 शवों को बाहर निकाला।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह छोटा पैसेंजर प्लेन था जो कंसास से वॉशिंगटन आ रहा था। विमान में 65 लोगों के बैठने की क्षमता थी। कहा जा रहा है कि हादसे के समय प्लेन में 64 यात्री थे। जबकि सेना के हेलीकॉप्टर में तीन लोग थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे अमेरिकी सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर उससे टकरा गया। इसके बाद दोनों क्रैश होकर पोटोमैक नदी में गिर गए। प्लेन की जिस हेलीकॉप्टर से टक्कर हुई, वह Sirosky H-60 हेलीकॉप्टर था।

### अब जेटेट...

यह फैसला राइट टू एजुकेशन (आरटीई) कानून के प्रावधानों को ध्यान में रखकर लिया गया।

**क्या था मामला** : दिसंबर 2023 में झारखंड हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया था कि सीटेट या अन्य राज्यों के टीईटी पास अभ्यर्थी भी सहायक शिक्षक भर्ती में बैठ सकते हैं। इसके खिलाफ जेटेट पास कुछ अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। उनका कहना था कि जेटेट में क्षेत्रीय भाषाओं की परीक्षा होती है, जो दूसरे टीईटी में नहीं होती।

**अदालत ने क्या कहा** : याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील गोपाल शंकर नारायण और अमृतांश वत्स ने तर्क दिया कि झारखंड के स्कूलों में बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाना जरूरी है। अगर बाहरी राज्यों के शिक्षक आएंगे, तो वे इस जिम्मेदारी को नहीं निभा पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को मानते हुए हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया।

**अप्रैल में ही मिल चुका था संकेत** : इससे पहले अप्रैल 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को आदेश दिया था कि वे बिना अनुमति के भर्ती परीक्षा का रिजल्ट न छापें। यह आदेश तब दिया गया था, जब जेटेट पास अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी।

### हिन्दी टिप्पण प्रारूपण...

सभी कार्यालय प्रधान अपने अधीनस्थ कर्मियों की सेवापुस्ति की जांच कर सेवापुस्ति में यह प्रमाण पत्र अंकित कर देंगे कि सेवापुस्तिका की जांच की गयी है। स्वीकृत वेतनवृद्धि एवं निर्धारित वेतन नियमों एवं सरकारी निर्णयों के आलोक में है।

भविष्य में यदि इस प्रकार की अनियमितता प्रकाश में आती है तो इसके लिए संबंधित कार्यालय प्रधान और वेतन निर्धारण को सत्यापित करने वाले लेखा पदाधिकारी दोषी माने जाऐंगे। अनियमित रूप से नियम के विरूद्ध वेतनवृद्धियों की स्वीकृति वेतन निर्धारण से जितनी अधिक राशि का भुगतान होता है, उसकी वसूली कार्यालय प्रधान स्वीकृति देने वाले पदाधिकारी से की जाएगी। गलत रूप से स्वीकृत वेतनवृद्धियों/वेतन निर्धारण को सत्यापित करने वाले लेखा पदाधिकारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोप में...

कोतवाली नगर पुलिस ने राठौर को उनके आवास से गिरफ्तार किया। उस समय वह मामले पर प्रेस के सामने बयान दे रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में ही पुलिस वहां पहुंची और राठौर को अपने साथ ले गई। बता दें कि हाई कोर्ट ने बुधवार को वकीलों की दलीलें सुनने के बाद राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पुलिस के अनुसार, सांसद राठौर को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कोर्ट में वकीलों ने क्या दी दलील : बता दें कि इसके पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने रेप के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी थी। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की सिंगल मेंबर बेंच ने यह आदेश सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता ने यह मुकदमा 4 साल के बाद दर्ज करवाया है और उनके मुवक्किल को इस मुकदमे में झूठा फंसाया गया है। शिकायतकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने दलील दी कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर एक दबंग नेता हैं, जिसके डर के कारण उनकी मुवक्किल ने केस देर से दर्ज करवाया।

सरेंडर के लिए मांगा था समय : राठौर के वकील ने सरेंडर के लिए कोर्ट से समय मांगा, जिस पर अदालत ने दो हफ्ते के अंदर सांसद को सेशन कोर्ट में सरेंडर करने को कहा। राठौर ने इससे पहले सीतापुर के सेशल कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। पुलिस ने 17 जनवरी को एक महिला की शिकायत के बाद राठौर के खिलाफ केस दर्ज किया था। महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राठौर शादी का झांसा देकर पिछले 4 साल से उसका यौन शोषण कर रहा है। अपनी याचिका के खारिज होने के बाद जैसे ही राठौर मीडिया के सामने आए, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव...

हालांकि एक दिलचस्प बात यह भी रही कि महज तीन सीट सदन में रखने वाली कांग्रेस के हाथ सीनियर डिप्टी मेयर का पद लगा है। कांग्रेस कैंडिडेट जसबीर सिंह बंटी को 19 वोट हासिल करके जीत मिली है। उनके मुकाबले भाजपा की बिमला दुबे 17 वोट ही पा सकीं।

हरप्रीत बाबला के पति देविंदर सिंह बाबला ने कहा कि हमें पहले ही भरोसा था कि भाजपा को जीत मिलेगी। अब तक मेयर कुलदीप कुमार ने निगम में लूट मचाकर रखी थी। वह सिर्फ अपने लिए कमाने में जुटे थे। उनके पार्षद भी व्यवहार से नाराज थे। इसी के चलते इन लोगों ने भी हमें वोट दिया। अभी यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले पार्षद आम आदमी पार्टी के हैं या फिर कांग्रेस के हैं। इलेक्शन में पहला वोट सांसद मनीष तिवारी ने डाला।

अदालत से राहत के बाद कुलदीप कुमार भी पहुंचे वोट डालने : इसके अलावा अब तक मेयर रहे कुलदीप कुमार ने भी मतदान किया है, जिन्हें हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली है। उन पर भ्रष्टाचार के केस में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी, लेकिन अदालत से राहत के बाद वह भी मतदान के लिए पहुंचे। सीक्रेट बैलेट के माध्यम से यह इलेक्शन हुआ है। इस दौरान सभी मतदाताओं को आदेश था कि वे अपने बैलेट पेपर का अगला हिस्सा किसी को भी वोटिंग के दौरान नहीं दिखाएंगे।

वोटिंग के दौरान मोबाइल, कैमरा तक ले जाने पर थी रोक : इसके अलावा मोबाइल फोन, कैमरा, हथियार, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, पेन और पेंसिल ले जाने पर भी रोक लगाई गई थी। 35 सदस्यों वाले चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा 16 पार्षदों के साथ सबसे बड़ा दल है, लेकिन आम आदमी पार्टी के 13 और कांग्रेस के 6 पार्षद हैं। दोनों दलों का गठबंधन है और इस तरह वे मिलकर 19 सदस्यों का समर्थन रखते हैं। इसके अलावा सांसद मनीष तिवारी भी मतदान का अधिकार रखते हैं, जो कांग्रेस के हैं। उन्हें शामिल करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन के पास कुल 20 वोट थे।

### महाकुंभ में भगदड़...

**प्रयागराज में गाड़ियों की एंट्री पर लगी रोक** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे के बाद स्थिति को काबू में करने के लिए तुरंत कदम उठाए हैं। उन्होंने मेला क्षेत्र में आने-जाने वाली गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने और सभी वीआईपी पास रद्द करने के निर्देश दिए हैं। 4 फरवरी तक श्रद्धालुओं को पैदल ही संगम तक जाने की इजाजत होगी। प्रयागराज शहर में भी 4 पहिया गाड़ियों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। शहर में सिर्फ बाइक, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को जाने की अनुमति होगी। साथ ही मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है।

**हादसे के कारणों की जांच के निर्देश** : सीएम योगी ने इस हादसे के कारणों की जांच के लिए निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान के कारण पॉन्टून पुल बंद कर दिए गए थे, जिससे भारी भीड़ संगम पर इकट्ठा हो गई। इसके अलावा, एंट्री और एग्जिट के रास्ते एक ही होने के कारण भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। प्रशासन ने अब इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए हैं और मेला क्षेत्र में व्यवस्था में बदलाव किए हैं।

मेला क्षेत्र के भीतर वन-वे हुए रास्ते : मौनी अमावस्या के हादसे से सबक लेते हुए सरकार ने मेला क्षेत्र के भीतर रास्तों को वन-वे कर दिया है। अब श्रद्धालुओं को स्नान के बाद दूसरे रास्ते से वापस भेजा जाएगा। इसके अलावा, प्रयागराज में आने वाले 8 प्रमुख बॉर्डर्स को बंद कर दिया गया है, जिससे भीड़ नियंत्रण में मदद मिलने की उम्मीद है। इन कदमों के जरिए प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

**बुधवार को 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान** : हादसे के बावजूद, महाकुंभ में श्रद्धालुओं का स्नान जारी है। बुधवार रात तक संगम समेत 44 घाटों पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरे प्रयागराज में 60000 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि वे जहां हैं, वहीं स्नान करें और संगम क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ से बचें।

### अपनी आंखों से दुनिया...

"द डायरी ऑफ मणिपुर" में निभाएगी लीड रोल : डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि उन्होंने मोनालिसा को अपनी आगामी फिल्म "द डायरी ऑफ मणिपुर" के लिए चुना है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित है और मोनालिसा इसकी दो नायिकाओं में शामिल होंगी। मिश्रा के मुताबिक मोनालिसा की सादगी से प्रभावित होकर उन्होंने उसे अपनी फिल्म में मौका देने का फैसला किया। उन्होंने बताया मैंने मोनालिसा और उसके परिवार से उनके घर जाकर मुलाकात की है। वे मोनालिसा के मेरी फिल्म में काम करने के लिए राजी हो गए हैं।

अप्रैल में फिल्म की शुरू होगी शूटिंग : उन्होंने कहा कि यह सच है कि मोनालिसा ने अपने जीवन में कभी अभिनय नहीं किया है, लेकिन इसे उन्होंने एक चुनौती के रूप में लिया है। मिश्रा ने कहा कि हम ट्रेनिंग के जरिये मोनालिसा को अभिनय का प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद अप्रैल में उसके साथ फिल्म शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि इन दिनों सोशल मीडिया पर कई युवतियां सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए अश्लील रील बना रही हैं। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि मोनालिसा सरीखी एक गरीब परिवार की सादगी भरी लड़की भी मनोरंजन जगत में काम करके आगे बढ़ सकती है।

सनोज मिश्रा क्यों मशहूर : लखनऊ के रहने वाले सनोज जाने-माने लेखक और निर्देशक हैं। करीब तीन दशक तक असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में कार्य करने के दौरान सनोज ने करीब 15 फिल्में बनाईं हैं। साल 2023 में डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल बनाने के बाद काफी चर्चा मं आए थे। इसके लिए उन्हें लीगल नोटिस भेजा गया था। इसमें कहा गया था कि उन्होंने फिल्म के माध्यम से पश्चिम बंगाल की छवि बिगाड़ने का प्रयास किया है। इसके बाद अचानक वह लापता भी गए थे। सनोज की गुमशुदगी की रिपोर्ट लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार पुलिस स्टेशन पर उनकी पत्नी श्रुति मिश्रा ने दर्ज कराई थी। उनकी पत्नी ने बताया था कि फिल्म के संबंध में पूछताछ को कोलकाता पुलिस ने उन्हें कोलकाता बुलाया था। 14 अगस्त को वो भतीजे के साथ एयरपोर्ट के लिए निकले थे। वहां से गुवाहाटी और फिर कोलकाता पहुंचे पर 15 अगस्त को हो उनका फोन बंद हो गया था और कोई सम्पर्क नहीं हो पा रहा था।

इसके बाद उन्हें वाराणसी के अस्सी घाट पर स्पॉट किया गया था। इसके बाद उन्हें ढूंढकर उनकी पत्नी के हवाले कर दिया गया था। तब सनोज ने पुलिस को बताया था कि फिल्म को लेकर पूछताछ से वो डर गए थे। उन्हें गिरफ्तारी का डर था। इसलिए कोलकाता में ही मोबाइल तोड़कर फेंक दिया और ट्रेन पकड़कर वाराणसी चले आए।

## स्वीडन में कुरान जलाने वाले सलवान मोमिका की गोली मारकर हत्या

स्टॉकहोम। यूरोपीय देश स्वीडन में मस्जिद के सामने कुरान जलाने वाले प्रदर्शनकारी सलवान मोमिका की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना बुधवार रात स्टॉकहोम के पास सॉडेटेलिए इलाके में हुई, जहां वह अपने अपार्टमेंट में सोशल मीडिया पर लाइव सेशन कर रहा था। 38 वर्षीय सलवान मोमिका पिछले कुछ समय से अपने प्रदर्शन और धार्मिक ग्रंथों को जलाने को लेकर चर्चा में थे। उनकी गतिविधियों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। उनके कृत्यों के कारण स्वीडन को भी अंतरराष्ट्रीय विरोध का सामना करना पड़ा था। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। स्वीडिश मीडिया के अनुसार स्टॉकहोम की एक अदालत गुरुवार को यह फैसला सुनाने वाली थी कि क्या सलवान मोमिका ने कुरान जलाकर जातीय घृणा भड़काया था या नहीं लेकिन उससे एक दिन पहले ही उसकी हत्या कर दी गई। अब कोर्ट ने फैसला 03 फरवरी तक के लिए टाल दिया है और कहा है कि श्चूंकी सलवान मोमिका की मृत्यु हो गई है, इसलिए फैसला सुनाने के लिए अब ज्यादा समय की जरूरत है। गौरतलब है कि सलवान ने 28 जून 2023 को ईद के दिन स्टॉकहोम की सबसे बड़ी मस्जिद के सामने कुरान को जलाया था।

## बाहुबली अनंत सिंह को जमानत के लिए अभी और करना होगा इंतजार

पटना। मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह को एमपीएमएल कोर्ट से गुरुवार को राहत नहीं मिली है। गोलीबारी कांड में सिंह को अदालत से जमानत के लिए अभी इंतजार करना होगा। सिंह की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान अदालत ने पटना पुलिस से केस डायरी मांगी है। अदालत से जमानत नहीं मिलने पर फिलहाल सिंह को जेल में ही रहना होगा। अब तय हैं कि अदालत केस डायरी को देखने के बाद ही सिंह की याचिका पर अगला आदेश देगी। पटना सिविल कोर्ट के वकील दिनकर दुबे ने कहा कि गोलीबारी के मामले में बाहुबली सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई है। अदालत ने मामले की सुनवाई कर केस डायरी की मांग की है और अगली सुनवाई केस डायरी आने के बाद होगी। पूर्व विधायक सिंह के वकील सुनील कुमार ने नियमित जमानत अर्जी एमएमएलए कोर्ट में दायर की थी। अनंत सिंह अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद 24 जनवरी 2025 से जेल में बंद हैं। बाढ़ से मामला स्थानांतरित होकर पटना की विशेष अदालत में आया था। छोटे सरकार' के नाम से मशहूर सिंह एक बाहुबली नेता हैं, जिन्होंने बिहार की मोकामा विधानसभा सीट का कई बार प्रतिनिधित्व किया है। उनकी पत्नी और मोकामा की मौजूदा विधायक नीलम देवी हाल ही में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) छोड़ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) में शामिल हुई थीं।

## लखनऊ में गिराये जायेंगे 81 अपार्टमेंट

लखनऊ । लखनऊ में अवैध तरीके से बने 81 अपार्टमेंट गिराए जाएंगे। इन सभी में एलडीए ने नोटिस लगा दी है। इन्हें 14 दिनों का नोटिस दिया गया है। इसके बाद गिराने का काम शुरू हो जाएगा। पहले दो अपार्टमेंट तोड़े जाएंगे। 83 अपार्टमेंट में लगभग 2,000 फ्लैट बने हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर इन्हें गिराया जा रहा है। इनका निर्माण 2002 से 2012 के बीच में हुआ था। हाईकोर्ट में वर्ष 2012 में अवैध निर्माण पर एक पीआईएल दाखिल हुई थी, जिसमें 81 बिल्डिंग अवैध बनने की रिपोर्ट दी गई थी। एलडीए ने इन अपार्टमेंट के खिलाफ उस समय सीलिंग की कार्रवाई की थी। ध्वस्तीकरण का आदेश भी था लेकिन इमारतें तोड़ी नहीं जा सकीं।

## वेतन की मांग को ले दिहाड़ी मजदूरों ने सीएम उमर के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

जम्मू ।जम्मू-कश्मीर के वन्यजीव विभाग के दिहाड़ी मजदूरों ने गुरुवार को बेहतर वेतन और नियमित मासिक मजदूरी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें अन्य विभागों की तुलना में कम वेतन मिल रहा है, इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान, मजदूरों ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की, ताकि उन्हें समय पर और बेहतर वेतन मिल सके। एक प्रदर्शनकारी नेता ने बताया कि 2017 में पिछले सरकार द्वारा जारी परिपत्र में मासिक वेतन 9,300 निर्धारित किया गया था, लेकिन उन्हें केवल 2,000-3,000 प्रति माह ही मिल रहा है, जो इस मंहगाई में काफी कम है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पहले विभाग में 1,500 दिहाड़ी मजदूर थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 750 रह गई है, और इनमें से किसी को भी नियमित मासिक वेतन नहीं दिया जा रहा है। वे अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, और उनके बच्चों की स्कूल फीस भी नहीं चुका पा रहे हैं।

## महाकुंभ में तैनात दारोगा अंजनी राय की तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

प्रयागराज। महाकुंभ में तैनात बहराइच जिले के उप निरीक्षक अंजनी कुमार राय का बुधवार को निधन हो गया। वे महाकुंभ के मेला क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात थे। जानकारी के मुताबिक बुधवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहराइच जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने बताया कि अंजनी कुमार राय की मृत्यु महाकुंभ में खराब तबीयत के कारण हुई। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम किया गया है और बहराइच पुलिस प्रयागराज पुलिस के संपर्क में है। परिजनों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। मृतक अंजनी राय मूल रूप से गाजीपुर जिले के रहने वाले थे और वर्तमान में बहराइच जिले में तैनात थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से शुरू होगा संसद का बजट सत्र

### कल पेश होगा बजट, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी लगातार आठवां बजट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई।

संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके।

6 फरवरी को पीएम मोदी देंगे जवाब

बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा।

16 बिल ला सकती है सरकार

बजट सत्र में सरकार ने वक्फ (अमेंडमेंट) बिल के अलावा तीन नए बिल को सूचीबद्ध किया है। वक्फ बिल पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी गुरुवार को अपनी रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी है। इस सत्र में बजट और वक्फ बिल सहित कुल 16 बिलों पर कार्यवाही हो सकती है। इसमें से 12 बिल 2024 के मानसून और शीतकालीन सत्र में पेश किए जा चुके हैं। वहीं बजटीय प्रावधानों के फाइनेंस बिल सहित चार नए बिल इस सत्र में पेश हो सकते हैं। इसमें प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट इन एयरक्राफ्ट ऑब्जैक्ट्स,त्रिभुवन यूनिवर्सिटी बिल और इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल शामिल हैं।



## हनीप्रीत को डेरे की फुल पावर देगा राम रहीम, पावर ऑफ अटॉर्नी देने की तैयारी

सिरसा। राम रहीम के डेरा सच्चा सौदा के साढ़े 7 साल बाद सिरसा स्थित हेडक्वार्टर आने की बड़ी वजह सामने आई है। डेरे के टॉप सोर्सेज के मुताबिक राम रहीम डेरे की गद्दी को लेकर चल रहे विवाद के निपटारे के लिए यहां पहुंचा है। यह विवाद पहले राम रहीम के परिवार और मुख्य शिष्या हनीप्रीत के बीच चल रहा था। जिसके बाद परिवार विदेश चला गया। अब हनीप्रीत और डेरा मैनेजमेंट कमेटी के बीच विवाद चल रहा था। सूत्रों के मुताबिक विवाद को खत्म करने के लिए राम रहीम अपनी मुख्य शिष्या और मुंहबोली बेटी हनीप्रीत को डेरे की पावर दे सकता है। इसके लिए डेरे के मैनेजमेंट से लेकर फाइनेंस वगैरह तक की पावर ऑफ अटॉर्नी हनीप्रीत को दी जा सकता है। हालांकि डेरा मैनेजमेंट फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। डेरे से जुड़े सोर्सेज के मुताबिक डेरे की गतिविधियों को लेकर किसी बात पर तुरंत फैसला लेना होता है तो उसमें काफी परेशानी होती है। इसके लिए डेरा मैनेजमेंट कमेटी को राम रहीम के पैरोल पर आने का इंतजार करना पड़ता है। ज्यादा देरी होने पर डेरा कमेटी को जेल में राम रहीम से मिलना पड़ता है। हालांकि इसमें उन्हें काफी परेशानी होती है। हनीप्रीत को राम रहीम का सबसे करीबी और राजदार माना जाता है। ऐसे में डेरे में आंतरिक तौर पर भी यह चर्चा है कि हनीप्रीत को डेरे की कमान सौंपी जा सकती है।

## श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रोजाना 18 घंटे खुल रहा है अयोध्या का रामलला मंदिर



**अयोध्या (एजेंसी)।** प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने अयोध्या का रुख किया है। यही वजह है कि यहां लाखों की संख्या में रोज श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रामलला के दरबार में भक्तों की भीड़ को देखते हुए कि राममंदिर ट्रस्ट को व्यवस्थाएं बदलनी पड़ी। बीते सात दिनों में रामलला के दरबार में 18 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जबकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद सात दिनों में करीब 16 लाख श्रद्धालु आए थे।

बीती 26 से 29 जनवरी के बीच औसतन रोजाना तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर खुल रहा है। इससे पहले मंदिर सुबह सात बजे से रात 9:30 बजे तक खुलता था। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि राममंदिर इन दिनों रोजाना 18 घंटे खुल रहा है। भीड़ नियंत्रण के लिए गेट नंबर तीन को भी खोल दिया गया है। अब श्रद्धालुओं की निकासी रामजन्मभूमि पथ के बजाय गेट नंबर तीन से ही हो रही है। एटीएस, सीआरपीएफ, पीएसी, पुलिस के जवान राममंदिर की सुरक्षा में लगे हैं। हाईटेक कंट्रोल रूमें से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। लाउड स्पीकार के माध्यम से श्रद्धालुओं को हर सुविधा की निरंतर जानकारी दी जा रही है। खोया पाया कैंप भी परिसर में स्थापित किया गया है। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि ट्रस्ट के 200 स्वंय सेवक श्रद्धालुओं की सेवा में लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं को पानी भी पिलाया जा रहा है। तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में बीमार श्रद्धालुओं का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। ट्रस्ट की टीम 24 घंटे व्यवस्थाओं की मानीटरिंग कर रही है।

## मनोज जरांगे करेंगे अनशन खत्म, अब बनाएंगे अलग रणनीति

### बोले- मैं सीएम देवेंद्र फडणवीस को चैन से नहीं बैठने दूंगा

**मुंबई (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन आज यानी गुरुवार को खत्म कर देंगे। उन्होंने आरक्षण की मांग को आगे बढ़ाने के लिए एक अलग रणनीति पर अमल करने का फैसला लिया है। जरांगे के अलावा महिलाओं समेत 104 कार्यकर्ताओं ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर 25 जनवरी से भूख हड़ताल शुरू की थी।

मनोज जरांगे ने आरक्षण के अलावा बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल लोगों के लिए मौत की सजा की मांग की है। संतोष देशमुख का 9 दिसंबर 2024 को अपहरण कर उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई थी। मनोज जरांगे ने बुधवार रात कहा कि वह गुरुवार को अनशन वापस लेंगे, क्योंकि इसे आगे बढ़ने के लिए एक अलग रणनीति अपनाने का फैसला किया है।

सरकार को यह साफ करना चाहिए कि क्या उसका मराठा समुदाय को आरक्षण देने का इरादा है। मनोज जरांगे ने



महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस पर मराठा समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह सीएम फडणवीस से शाम तक अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था लेकिन वह चुप रहे। मेरा अनशन इस बात से पर्दा उठाने के लिए था कि वास्तव में इस मुद्दे का समर्थन कौन करते हैं और कौन नहीं।

जरांगे ने कहा कि मैं सीएम को चैन से नहीं बैठने दूंगा। मराठा समुदाय अब जानता है कि गलती किसकी है। सत्ता में आने के बाद फडणवीस ने मराठों को धोखा दिया और आरक्षण के मुद्दे पर चुप रहे लेकिन मैं उन्हें नहीं छोड़ूंगा। महाराष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक इससे पहले दिन में बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद उन्होंने नसों के जरिए से तरल पदार्थ लेने से इनकार कर दिया था। अनशन के पांचवें दिन उनकी सेहत बिगड़ गई। मनोज जरांगे ने लोगों के अनुरोध पर सोमवार रात को थोड़ा पानी पीना स्वीकार किया था। वह मंगलवार को भी संतोष देशमुख के परिवार के अनुरोध के बाद पानी पीने के लिए राजी हुए थे।

मनोज जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगे सोयरे' यानी रक्त संबंधी माना है ताकि उन्हें ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण दिया जा सके। जरांगे ने शनिवार को उम्मीद जताई थी कि सीएम फडणवीस मराठा समुदाय की मांगों को मानेंगे। यह एक सितंबर 2023 के बाद से उनका सातवां अनिश्चितकालीन अनशन है। उस समय पुलिस ने अंतरवाली सराटी में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया था।

## तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिए अमेरिका जाएगी एनआईए की टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। आज गुरुवार को एनआईए की टीम राणा को लाने के लिए अमेरिका रवाना होगी। इधर तिहाड़ जेल में राणा को रखने की भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एनआईए ने गृह मंत्रालय को अधिकारियों के नाम सौंपे हैं और विदेश मंत्रालय को भी सूचित किया है। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि एनआईए टीम वर्तमान में अमेरिकी अधिकारियों के साथ कॉर्डिनेट कर रही है। यह टीम विदेश मंत्रालय से यात्रा की अंतिम पुष्टि का इंतजार कर रही है। इस टीम में आईजी, डीआईजी रैंक के अधिकारी



शामिल हैं, जो तहव्वुर राणा की भारत वापसी की निगरानी करेंगे।

इस बीच दिल्ली जेल विभाग ने तिहाड़ जेल में उनकी हिरासत के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारत आने के बाद आतंकी राणा को एक उच्च-सुरक्षा वार्ड में रखा जाएगा, जहां उसके सेल में उसकी गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। उसके ऊपर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में शामिल होने का आरोप है, जिसमें 166 लोग मारे गए थे। इस मामले में वह दोषी करार है। उसे पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जोड़ा गया था, जो हमले के मास्टरमाइंड में से एक था। आतंकी राणा के प्रत्यर्पण को उसके कानूनी चुनौतियों के खारिज होने के बाद मंजूरी दी गई, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को उनकी याचिका को खारिज कर दिया। अमेरिकी सरकार ने तर्क दिया कि राणा को प्रत्यर्पण से राहत नहीं मिलनी चाहिए। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी प्रेलोगर ने कहा कि राणा को इस मामले में कोई और कानूनी उपाय नहीं मिलना चाहिए।

## 24 हफ्ते तक के गर्भपात के लिए कोर्ट की अनुमति जरूरी नहीं

### -दुष्कर्म पीड़िता के मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दुर्व्यवहार पीड़िताओं के लिए 24 हफ्ते तक के गर्भपात (एमपीटीपी) के लिए कोर्ट की अनुमति की जरूर नहीं। यह फैसला एक दुष्कर्म पीड़िता के मामले में दिया गया, जिसका गर्भ 6-7 हफ्ते का था। कोर्ट ने एमपीटीपी के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। अगर गर्भकाल 20 हफ्ते या उससे कम है तो एक रजिस्टर्ड डॉक्टर एमपीटीपी कर सकता है। 20 से 24 हफ्ते के बीच के गर्भकाल के लिए दो रजिस्टर्ड डॉक्टरों की जरूरत होगी। 24 हफ्ते से ज़्यादा के गर्भपात मामलों में ही हाईकोर्ट का अधिकार क्षेत्र आता है, जो कानूनी तौर पर प्रतिबंधित है।

न्यायमूर्ति विशाल धगत की पीठ ने यह दिशा-निर्देश दिए। यह मामला एक दुर्व्यवहार पीड़िता का था, जिसका गर्भ 6-7 हफ्ते का था। कोर्ट ने कहा कि संबंधित थाने का एसएचओ पीड़िता की गर्भावस्था की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उसे ज़िला अदालत भेजेगा ताकि वे जल्द अपनी रिपोर्ट जमा कर सकें। यह रिपोर्ट इस बारे में होगी कि पीड़िता का गर्भपात किया जा सकता है या नहीं।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि जिला अदालत मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़िता और उसके माता-पिता को सूचित करेगी। साथ ही सीधे नजदीकी हाईकोर्ट रजिस्ट्री को रिपोर्ट करेगी। रजिस्ट्री इसे एक रिट याचिका के रूप में दर्ज करेगी और मामले को तुरंत सूचीबद्ध करेगी ताकि गर्भपात के संबंध में बिना देरी के आदेश दिया जा सके। हाईकोर्ट के आदेश में यही लिखा है। इस मामले में अदालत ने देखा कि भ्रूण 6-7



हफ्ते का है। इसलिए एमटीपी मेडिकल कॉलेज में किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि आदेश की एक प्रति महाधिवक्ता के कार्यालय, महानिबंधक और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रमुख सचिव को अनुपालन के लिए भेजी जाए। इस फैसले से दुर्व्यवहार पीड़िताओं को तुरंत मदद मिल सकेगी।

## सीएम मान के आवास पर दिल्ली पुलिस की रेड, आतिशी ने जताया विरोध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस पर छापा मारा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि बीजेपी कार्यकर्ता खुलेआम पैसे, जूते और चद्दर बांट रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इसके विपरीत, एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर पुलिस की रेड की जा रही है। आतिशी ने कहा, कि दिल्ली की जनता आगामी 5 फरवरी को इस कार्रवाई का जवाब देगी।

यहां आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग की एक टीम तलाशी के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवान मान के दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस आवास पर पहुंची है। यहां बताते चलें कि बुधवार को दिल्ली पुलिस ने पंजाब सरकार' के स्टिकर लगा एक वाहन पकड़ा था। वाहन में कैश, शराब और आम आदमी पार्टी (आप) के पर्चे होने की बात कही गई हैं। पुलिस ने इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरु की है। इससे संबंधित जानकारी एक अधिकारी ने मीडिया को दी है। उक्त आधिकारिक सूत्र का कहना है कि चुनाव आयोग के पोर्टल के माध्यम से एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कपूरथला हाउस से नकद राशि वितरित की जा रही है। इसी आधार पर जांच करने के लिए पुलिस की एक टीम वहां पहुंची।

बताया गया है कि चुनाव आयोग की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) ने मामले की जांच करने के लिए 03 लोगों को अंदर जाने की अनुमति मांगी है। इस टीम में एक कैमरापर्सन और दो चुनाव अधिकारी शामिल हो सकते हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडेय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने के बाद एफएसटी टीम भेजी गई थी, लेकिन उन्हें अंदर प्रवेश नहीं मिला। इसलिए मैं स्वयं यहां पहुंचा हूं। हमें इस शिकायत को 100 मिनट के भीतर निपटाना होता है। हमारी टीम जांच कर जल्द ही लौट जाएगी।

### राजनीतिक विवाद गहराया

इस घटना के बाद दिल्ली की राजनीतिक गलियारे में हलचल पैदा हो गई है। मुख्यमंत्री आतिशी के इस दावे के बाद आप और बीजेपी के बीच टकराव और बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग का अभियोग एक रणनीतिक भूल

### -फोर्ब्स लेख में कहा- अमेरिका अपनी भू-राजनीतिक स्थिति को कर रहा कमजोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अरबपति गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) का अभियोग एक रणनीतिक भूल है। इसके गंभीर भू-राजनीतिक परिणाम होंगे। भारत में एक दूरगामी अभियोग के साथ अमेरिका पश्चिम के गठबंधनों को नुकसान पहुंचाता है। यह बात फोर्ब्स में कही। एक लेख में लेखक मेलिक कायलन ने तर्क दिया कि अभियोग, जिसमें रिश्वतखोरी और वित्तीय गलतबयानी का आरोप लगाया गया है। ऐसे समय में भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचाने का जोखिम है, जब चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए वाशिंगटन एक मजबूत गठबंधन की तलाश कर रहा है।

लेख में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भारत पश्चिम के लिए एक अहम भागीदार है, खासकर भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी पहलों में एक परिवर्तनकारी बुनियादी ढांचा परियोजना, जिसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल को टक्कर देने के लिए बनाया गया है, लेकिन न्याय विभाग की कार्रवाई एक मोड़ पर आर्थिक सहयोग और विश्वास को कमजोर करती है, जो संभावित रूप से भारत को रूस और चीन के करीब ले जाती है।

फोर्ब्स के मुताबिक ऐसा करके अमेरिका अनजाने में अपनी भू-राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर रहा है, जिससे उसके प्रतिद्वंद्वी अपने प्रभाव को मजबूत कर रहे हैं। लेख में तर्क दिया गया है कि यह अभियोग पश्चिमी अतिक्रमण का एक और उदाहरण प्रस्तुत करता है, जहां अमेरिकी सीमा-पार कानूनी कार्रवाइयां वैश्विक साझेदारी को बाधित करती हैं।

लेख में चिंता जताते हुए कहा गया है कि ऐसे कदमों से अमेरिका और यूरोप अपने सहयोगियों को कमजोर कर रहे हैं और उनके विरोधी आर्थिक, सैन्य और तकनीकी रूप से आगे बढ़ रहे हैं। लेखक ने साफ कहा है कि वे बीजिंग में हंस रहे होंगे। सारांश के रूप में लेख में कहा गया अडानी के खिलाफ न्याय विभाग की कार्रवाई न केवल एक कानूनी निर्णय है, बल्कि एक कूटनीतिक गलत अनुमान है, जो ऐसे समय में भारत को अलग-थलग करने का जोखिम उठाता है, जब वैश्विक स्थिरता के लिए पश्चिम के साथ उसका गठबंधन अहम है।





# शार्दुल ठाकुर ने इतिहास की किताब में दर्ज करवाया नाम

## रणजी ट्रॉफी में ली हैट्रिक

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गुरुवार को यहां शरद पवार क्रिकेट अकादमी में मेघालय के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए हैट्रिक लेकर इतिहास की किताब में अपना नाम दर्ज करवाया। मेघालय के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद मुंबई के लिए गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए ठाकुर ने तीसरे ओवर में अनिरुद्ध बी, सुमित कुमार और जसकीरत को आउट किया और फिर पारी की चौथी गेंद पर निशांत चक्रवर्ती को आउट किया। वह पांडिचेरी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के ऋषि धवन के बाद 2024/25 रणजी ट्रॉफी सीजन में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए।

33 वर्षीय यह खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले मुंबई के पांचवें गेंदबाज बन गए। अन्य चार गेंदबाजों में जहांगीर बेहरामजी खोत (बॉम्बे) बनाम बड़ौदा 1943/44 में, उमेश नारायण कुलकर्णी (बॉम्बे) बनाम गुजरात 1963/64 में, अब्दुल मूसाभॉय इस्माइल (बॉम्बे) बनाम सौराष्ट्र 1973/74 में और रॉयस्टन हेरोल्ड डायस (मुंबई) बनाम बिहार 2023/24 सीजन शामिल हैं।

# विराट कोहली की रणजी ट्रॉफी में वापसी

- खचाखच भरा था स्टेडियम, सुरक्षा घेरा तोड़ स्टार बल्लेबाज के पैर छुए
- रेलवे 241 पर ऑलआउट, मुंबई से शार्दुल की हैट्रिक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली का क्रेज इतना ज्यादा है कि रणजी ट्रॉफी में 12 साल बाद जब वह वापसी पर उतरे तो अरुण जेटली स्टेडियम में फैंस उनकी एक छलक पाने को उमड़ पड़े। गुरुवार को दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के लिए हजारों प्रशंसक उमड़ पड़े जो घरेलू क्रिकेट में शायद ही कभी देखा गया। इस दौरान कोहली का फैन सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में जा पहुंचा और उनके पैर छुए। हालांकि बाद अधिकारियों ने उसे वहां से हटा दिया।

यह घटना रेलवे की पारी के 12वें ओवर में हुई, जब कोहली दूसरी स्लिप पर खड़े थे। जैसे ही प्रशंसक उनकी ओर दौड़ा, भीड़ ने कोहली-कोहली चिल्लाना शुरू कर दिया। सुरक्षाकर्मी घुसपैठिए को हटाने के लिए दौड़े, लेकिन कोहली ने हमेशा की तरह शांत रहने के लिए उन्हें इशारा किया। इस क्षण ने कोहली के 12 साल से अधिक समय में पहली बार घरेलू लाल गेंद वाले मैच को लेकर उत्साह को दर्शाया।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने कोहली की वापसी पर लगभग 10,000 प्रशंसकों के आने की उम्मीद की थी, जो रणजी ट्रॉफी के लिए एक असाधारण संख्या थी। हालांकि जैसे-जैसे सुबह हुई तो यह स्पष्ट होता गया कि अनुमान कम पड़ गए। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की है कि स्टेडियम में मैच देखने के लिए 15,000 से अधिक प्रशंसक मौजूद हैं। यहां गौर करने योग्य है कि मैच के लिए कोई टिकट नहीं रखा गया था और सभी के लिए फ्री एंट्री थी।

## अंडर-19 विश्वकप का सेमीफाइनल आज

# इंग्लैंड पर भारत का पलड़ा भारी

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी। निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था। आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर चार, वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देकर तीन और तृषा ने छह रन देकर तीन विकेट लिए। वैष्णवी अब तक 12 और आयुषी दस विकेट ले चुकी हैं।



### टीमें

**भारत** – निक्की प्रसाद (कप्तान), सानिया शाल्के, जी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी धृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।

**इंग्लैंड** – एबी नोरग्रोव (कप्तान), फीबी ब्रेट, ओलिविया ब्रिसडेन, टिली कोर्टीन कोलमैन, ट्रूडी जॉनसन, कैटी जोंस, चार्लोस लैम्बार्ट, इव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पेंस, चार्लोट स्टब्स, अमृता सुरेनकुमार, पृषा थानावाला, एरिन थॉमस, ग्रेस थाम्पसन।

**समय** – दोपहर 12 बजे से।

# भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच बने जेरी होलनेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं। कई ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता एलेन थॉम्पसन और नेस्टा कार्टर जैसे एथलीट का मार्गदर्शन करने वाले जमैका के मशहूर एथलेटिक्स कोच जेरी ली होलनेस को भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस साल कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिसे देखते हुए होलनेस को नियुक्त किया गया। वह सोमवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 'लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन' में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए।

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं। उन्होंने जमैका में कुछ बेहतरीन एथलीट को कोचिंग दी है जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता शामिल हैं। वह भारतीय महिला 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे जो इस समय तिरुवनंतपुरम में है। होलनेस का कार्यकाल शुरु में 2026 तक हागा और उनके प्रदर्शन के आधार पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है।

# जोश इंगलिस ने डेब्यू टेस्ट में ठोका दूसरा सबसे तेज शतक, धवन का रिकॉर्ड बाल-बाल बचा

**गाले (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपने डेब्यू टेस्ट मैच में 93 गेंदों पर 102 रनों की तूफानी पारी खेली। इंग्लिस ने अपना पहला टेस्ट शतक सिर्फ 90 गेंदों पर पूरा किया, जिससे यह क्रिकेट इतिहास में टेस्ट डेब्यू पर दूसरा सबसे तेज शतक बन गया। इससे पहले पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 2013 में मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों पर शतक बनाया था।



### डेब्यू पर सबसे तेज टेस्ट शतक

शिखर धवन (भारत) – 85 गेंद बनाम ऑस्ट्रेलिया (2013)
जोश इंगलिस (ऑस्ट्रेलिया) – 90 गेंद बनाम श्रीलंका (2025)
ड्वेन स्मिथ (वेस्टइंडीज) – 93 गेंद बनाम दक्षिण अफ्रीका (2004)

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में गेंद को बैकफुट से पंच करके तीन रन के लिए अपना शतक पूरा किया। हालांकि वह कुछ ही देर बाद आउट हो गए, जब मेहमान टीम 600 के करीब पहुंच रही थी, तब लय बनाए रखने की कोशिश में उन्होंने कवर पर कैच दिया और 93 गेंदों पर 102 रन बनाकर अपनी पारी समाप्त की।

29 वर्षीय यह खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी में तीसरा शतक बनाने वाला खिलाड़ी बना। इससे पहले दिन में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (232) ने स्टीव स्मिथ के 141 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया। इंगलिस की इस उपलब्धि ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक दिलचस्प चलन को जोड़ा। डेब्यू टेस्ट पर शतक बनाने वाले पिछले तीन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सभी पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से थे जिसमें 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एडम वोजेस, 2011 में श्रीलंका के खिलाफ शॉन मार्श और 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मार्कस नॉर्थ।

## भारत-इंग्लैंड के बीच चौथा टी-20 मैच आज

# भारत के लिए दो बड़ी चिंता : रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन हो रहे फेल

**पुणे (एजेंसी)।** तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले श्रृंखला जीतने का एक और मौका है।

सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी20 सत्र की शुरूआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा श्रृंखला में उनका स्कोर 26, 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने तसकीन अहमद, तंजीम हसन शाकिब की गेंदें खेलीं थी जबकि दक्षिण अफ्रीका के एंडिले साइमलेन और लुथो सिपाम्ला की गेंदों का उन्होंने सामना किया। ये बहुत खतरनाक तेज गेंदबाज नहीं हैं और सैमसन ने उन्हें बखूबी खेला।



वहीं इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिए परेशानी का कारण बन गई है। तीनों मैचों में वह फिल साल्ट को कैच देकर पवेलियन लौट गए। सैमसन मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में से है और समझा जा रहा है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए वह उन पर भरोसा बनाए रखेंगे। लेकिन उन्हें तकनीकी कमियों से पार पाना होगा।

रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया लेकिन वह इस प्रारूप में फिट नहीं हो पा रहे। रिंकू को पहले दो मैचों में आराम दिया गया और वह चौथे मैच तक फिट हो सकते हैं। वैसे रिंकू भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गंभीर जब कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर बने तब रिंकू को 2024 आईपीएल में कुल 70 गेंद खेलने को मिली और वह टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके।

अपनी गेंदबाजी के दम पर शिवम दुबे को टीम में जगह मिली थी। भारतीय मध्यक्रम भी इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को नहीं खेल पा रहा है और ऐसे में देखना है कि क्या दुबे को मौका मिलता है। तीसरा विकल्प रमनदीप सिंह है जो फिनिशर होने के साथ दुबे से बेहतर तेज गेंदबाज है। लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजों के सामने उनकी भी परख नहीं हुई है। मोहम्मद शमी काफी समय बाद टीम में लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की। देखना यह है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में क्या भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह मिलती है तो पावरप्ले में सफलता दिला सकते हैं।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत** – संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, रमनदीप सिंह, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह

**इंग्लैंड** – बेन डकेट, फिल साल्ट, जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी स्मिथ, जेमी ओवरटन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

**समय** – शाम 7 बजे से।

# रिटायरमेंट के 6 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी के प्रोमो में दिखे धोनी, फैंस बोले– मजा आ गया

**चेन्नई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें महेंद्र सिंह धोनी का रूप देखकर फैंस बेहद खुश हैं। टीम इंडिया ने आखिरी बार महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में ही साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इस ट्रॉफी के साथ ही धोनी तीनों आईसीसी ट्रॉफीज (वनडे, टी20 और चैंपियंस ट्रॉफी) जीतने वाले दुनिया के पहले कप्तान बन गए थे। अब उनकी एक प्रोमो के जरिए वापसी हुई है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में तीन हफ्ते से भी कम समय रह गया है, ऐसे में पूर्व भारतीय विजेता कप्तान को देखकर फैंस बेहद खुश नजर आए।

प्रोमो जब खुलता है तो दर्शक पाते हैं कि कैसे धोनी बर्फीली हवाओं के बीच बैठे हैं और चैंपियंस ट्रॉफी पर बात करते नजर आते हैं। विज्ञापन में धोनी कहते हैं, जब मैं कप्तान था तो कूल रहना आसान था। लेकिन प्रशंसक बनकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देखना? नहीं। भले ही हमारी टीम मजबूत है, भले ही हम यहां एक मैच भी हार जाएं, तो हम बाहर हो जाएंगे। तनाव ने तापमान इतना बढ़ा दिया है। हर मैच करो या मरो का है। इस प्रोमो के दौरान दौरान धोनी को रैफरल लेते हुए भी दिखाया जाता है। तभी एक ट्रक आता है और बहुत सारी बर्फ धोनी पर ओढेलकर चला जाता है।

उक्त प्रोमो पर जमकर कमेंट्स भी आए। जहां कई फैंस ने प्रोमो पर कैप्टन कूल लिखा तो कईयों ने धोनी की इस अदा को सराहा। एक फैन ने लिखा- चैंपियंस ट्रॉफी के प्रचार वीडियो में महान एमएस धोनी, जिन्हें थाला के नाम से भी जाना जाता है, अपने ब्रांड और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, दूसरे ने लिखा- मैदान पर कैप्टन कूल, फैन बनकर बहा रहे पसीना! यहां तक कि एमएसडी को भी चैंपियंस ट्रॉफी में डीआरएस (धोनी रेफ्रिजरेशन सिस्टम) की जरूरत है! वहीं, एक अन्य ने लिखा- धोनी को इस रूप में देखकर मजा आ गया।

बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलने जा रही है। भारत का अभियान बांग्लादेश के खिलाफ मैच से शुरू होगा। लेकिन इससे पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। इस दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा पर बराबर नजरें होंगी। क्योंकि दोनों की हालिया फार्म इतनी अच्छी नहीं है। रोहित का वनडे सीरीज में प्रदर्शन उनका भविष्य भी तय कर सकता है।

# 11 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी को सौंपा जाएगा गद्दाफी स्टेडियम : पीसीबी सूत्र

**लाहौर (एजेंसी)।** देश में चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन स्थलों की तैयारियों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि यहां का प्रतिष्ठित गद्दाफी स्टेडियम 11 फरवरी को आईसीसी को सौंप दिया जाएगा, जो वनडे प्रतियोगिता के शुरू होने से लगभग एक सप्ताह पहले है।

पीसीबी ने 'एक्स' पर नए रूप वाले स्टेडियम का एक वीडियो पोस्ट किया और लिखा, रोशनी में यह देखने लायक नजारा है!...हम त्रिकोणीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए प्रशंसकों, अधिकारियों और टीमों का स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे हैं। यह मेगा-इवेंट 19 फरवरी से शुरू होगा।



बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान की त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद स्टेडियम को ब्रांडिंग और अन्य चीजों के लिए 11 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सौंप दिया जाएगा। आईसीसी ने तीनों स्टेडियमों - गद्दाफी स्टेडियम (लाहौर), नेशनल स्टेडियम (कराची) और रावलपिंडी स्टेडियम - को सौंपने की समयसीमा 31 जनवरी तय की थी, जो पाकिस्तान में वैश्विक आयोजन की मेजबानी करेंगे।

सूत्र ने कहा कि गद्दाफी स्टेडियम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्र ने कहा, यह एक निर्माण स्थल है और यहां कुछ मलबा होगा, जिसे जल्द ही हटा दिया जाएगा। छह महीने के काम के बाद यह स्टेडियम आकार ले चुका है। आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में आयोजित की जा रही है, लेकिन भारत सुरक्षा चिंताओं के कारण अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा।

पाकिस्तान के प्रमुख अंग्रेजी दैनिक 'डॉन' ने हाल ही में एक रिपोर्ट छापी थी जिसमें कहा गया था कि समय सीमा के भीतर नवीनीकरण कार्य पूरा होने की कल्पना करना बिल्कुल असंभव लगता है, लेकिन जिन कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। पीसीबी ने यह भी जोर दिया है कि कराची में नेशनल स्टेडियम भी समय पर बनकर तैयार हो जाएगा। यह स्थल 19 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले आयोजन के उद्घाटन मैच की मेजबानी करेगा।

पीसीबी ने तीनों स्थलों पर नवीनीकरण, निर्माण और उपकरणों के लिए लगभग 12 बिलियन पाकिस्तानी रुपए खर्च किए हैं।

# उस्मान ख्वाजा ने टेस्ट में लगाया दोहरा शतक

## 38 की उम्र ऐसा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बने

**गाले (एजेंसी)।** उस्मान ख्वाजा टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले 38 साल या उससे अधिक उम्र के दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनकर महान डोनाल्ड ब्रैडमैन के साथ अपना नाम दर्ज करा लिया। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ख्वाजा ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया। ख्वाजा श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले उन्होंने कोलंबो में 2004 में जस्टिन लैंगर द्वारा बनाए गए 166 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था, जो श्रीलंका में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था।

वह 2006 में बांग्लादेश के खिलाफ जेसन गिलेस्पी के प्रसिद्ध 201 नाबाद के बाद एशिया में दोहरा शतक बनाने वाले पहले



ऑस्ट्रेलियाई बन गए। टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले अन्य खिलाड़ी मैथ्यू हेडन (चेन्नई में भारत के खिलाफ नाबाद 201), डीन जोन्स (1986 में मद्रास में बराबरी पर रहे टेस्ट में भारत के खिलाफ 210), ग्रेग चैपल (1980 में फैसलाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ 235 और मार्क टेलर (1998 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ 334 नाबाद) हैं। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल 482/3 पर बल्लेबाजी कर रहा है जिसमें ख्वाजा (208*) और डेब्यू करने वाले जोश इंगलिस (47*) मध्यक्रम में नाबाद हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन बारिश के कारण समय से पहले खेल समाप्त होने के बाद 15 मिनट पहले खेल शुरू करके 330/2 से फिर से शुरुआत की। ख्वाजा और कप्तान स्टीव स्मिथ ने पिछली शाम को जहां से छोड़ा था, वहीं से आगे बढ़ते हुए तीसरे विकेट के लिए 266 रन की साझेदारी की जो श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी टेस्ट साझेदारी है। मेहमान टीम ने नॉन-स्ट्राइकर छोर पर रन आउट के एक मौके को चूकने के बाद ओवरथ्रो के जरिए 400 रन का आंकड़ा पार किया जिससे ख्वाजा 177 रन पर आउट होने से बचे। लेग स्पिनर जेफरी वेंडरसे ने 100वें ओवर में इस मैराथन साझेदारी को तोड़ा, जब श्रीलंका ने स्मिथ के खिलाफ एलबीडब्ल्यू की मांग को सफलतापूर्वक खारिज कर दिया, जो 141 ??रन पर पैड पर लपके गए।

# मारुति सुजुकी इंडिया का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 13 फीसदी बढ़ा, अब तक का सबसे ज्यादा निर्यात

**मुंबई ।**

देश की सबसे बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने 29 जनवरी को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया। शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने बताया कि दिसंबर तिमाही में उसका स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 3,525 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एक साल पहले समान तिमाही में यह 3,130 करोड़ रुपये था। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, मारुति सुजुकी इंडिया का ऑपरेशन से रेवेन्यू 16 प्रतिशत बढ़कर 38,492.1 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 33,308.7 करोड़ रुपये था। कंपनी ने तीसरी तिमाही में कुल 5,66,213 वाहन बिके। घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 4,66,993 यूनिट रही। जबकि निर्यात 99,220 यूनिट्स का रहा, जो किसी भी तिमाही में अब तक का सबसे ज्यादा निर्यात है। पिछले साल सामना अवधि में कंपनी की कुल बिक्री 5,01,207 यूनिट थी, जिसमें घरेलू बाजार में 4,29,422 यूनिट और निर्यात बाजार में 71,785 यूनिट शामिल थे। दिसंबर तिमाही के दौरान, कंपनी ने अब तक की सबसे अधिक नेट सेल दर्ज की, जो 36,802 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 31,860 करोड़ रुपये थी।




मारुति के बोर्ड ने हिसाशी ताकेउची को एक अप्रैल 2025 से तीन साल की अतिरिक्त अवधि के लिए एमडी एवं सीईओ के रूप में फिर से नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ताकेउची को पहली बार एक अप्रैल, 2022 को इन पदों पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने केनिची आयुकावा की जगह ली थी जो 31 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त हो गए थे। ताकेउची जुलाई 2019 से मारुति सुजुकी के निदेशक मंडल का हिस्सा रहे और अप्रैल 2021 से अपनी पदोन्नति तक संयुक्त प्रबंध निदेशक (वाणिज्यिक) थे।

# फरवरी महीने में आठ दिन बैंक में रहेगा अवकाश

**नई दिल्ली।**

नए साल का जनवरी माह खत्म होने वाला है और फरवरी की शुरुआत होने वाली है। फरवरी में बैंकों में छुट्टियों की भरमार रहेगी। इस महीने के 28 दिनों में से 8 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। शनिवार और रविवार के साप्ताहिक अवकाश के अलावा कई त्योहारों और खास दिनों में बैंक बंद रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हर कैलेंडर वर्ष में बैंकों की छुट्टियों की सूची जारी करता है। पूरे देश के बैंक फरवरी में 8 दिन बंद नहीं रहेंगे। आरबीआई द्वारा जारी हॉलीडे लिस्ट में से कई अवकाश राष्ट्रीय स्तर के हैं। उस दिन पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं, कुछ अवकाश स्थानीय या क्षेत्रीय स्तर के होते हैं। उन दिनों को केवल उससे जुड़े राज्यों में ही बैंक शाखाएं बंद होती हैं। रविवार के अलावा हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को भी देशभर के बैंक बंद रहते हैं।

बैंकों में छुट्टी होने से कई बार जरूरी काम अटक जाते हैं, लेकिन अब बैंकों द्वारा ज्यादातर सर्विसेज को ऑनलाइन करने की वजह से ज्यादा दिक्कत नहीं होती है। खास बात यह है कि छुट्टी वाले दिन बैंकों की ऑनलाइन सर्विसेज चालू रहती हैं। इसलिए आप नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग या यूपीआई के जरिए एक बैंक अकाउंट से दूसरे में पैसे ट्रांसफर समेत कई काम कर सकते हैं।

### ये रही छुट्टियों की पूरी लिस्ट

- 3 फरवरी, (सोमवार)- अगरतला में सरस्वती पूजा बैंक बंद
- 11 फरवरी, (मंगलवार)- चेन्नई में थाई पूसाम बैंक बंद
- 12 फरवरी, (बुधवार)- शिमला में गुरु रविदास जयंती बैंक बंद
- 15 फरवरी, (शनिवार)- इंफाल में लुई-नगाई-नी बैंक बंद
- 19 फरवरी, (बुधवार)- बेलापुर, नागपुर और मुंबई में शिवाजी जयंती बैंक बंद
- 20 फरवरी, (गुरुवार)- आइजोल और ईटानगर में राज्य दिवस बैंक बंद
- 26 फरवरी, (बुधवार)- महाशिवरात्रि पर अहमदाबाद, आइजोल, बेलापुर, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, देहरादून, हैदराबाद (आंध्र प्रदेश), हैदराबाद (तेलंगाना), जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोच्चि, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, रायपुर, रांची, शिमला, श्रीनगर और तिरुवनंतपुरम में बैंक बंद
- 28 फरवरी, (शुक्रवार)- गंगटोक क्षेत्र में लोसर के अवसर पर बैंक बंद

# वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों के लिए एसबीआई ने की खास फिक्स्ड डिपॉजिट योजना




**मुंबई ।**

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों के लिए एक खास फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) योजना पेश की है। योजना का उद्देश्य बुजुर्गों की आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करना है। एसबीआई की एसबीआई पैट्रन्स फिक्स्ड डिपॉजिट योजना 80 साल और उससे अधिक उम्र के नागरिकों के लिए है, और इसमें उन्हें सीनियर सिटीजन दरों के ऊपर अतिरिक्त 0.10 प्रतिशत (10 बेसिस पॉइंट्स) ब्याज दर का लाभ मिलेगा। नई योजना के तहत, सुपर सीनियर सिटीजन को ब्याज दर में 10 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी के साथ 4.10 प्रतिशत से लेकर 7.60 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा। हालांकि, वित्तीय सलाहकार के अनुसार, यह बढ़ोतरी स्वागत योग्य कदम है, लेकिन इसका प्रभाव अपेक्षाकृत मामूली है। योजना में न्यूनतम जमा राशि 1,000 रुपये रखी गई है, जबकि अधिकतम जमा सीमा 3 करोड़ रुपये है। यह खाता एकल या संयुक्त रूप से भी खोला जा सकता है, लेकिन संयुक्त खाता धारक की उम्र करीब 80 वर्ष होनी चाहिए।

एसबीआई पैट्रन्स एफडी योजना में निवेश की अवधि 7 दिन से लेकर 10 वर्ष तक हो सकती है, इससे ग्राहकों को लचीलापन मिलता है। इसके अलावा, एसबीआई वरिष्ठ नागरिकों के लिए अन्य योजनाएं भी प्रदान करता है, जिसमें एसबीआई वी-केयर डिपॉजिट योजना शामिल है, जो एक साल के लिए 7.6 प्रतिशत और दो साल के लिए 7.9 प्रतिशत ब्याज देती है। इस प्रकार, एसबीआई की अन्य एफडी योजनाओं जैसे 444 दिनों की अमृत वृष्टि (7.75 प्रतिशत ब्याज) और 400 दिनों की अमृत कलश (7.60 प्रतिशत ब्याज) ने इस योजना से अधिक ब्याज दरें प्रदान की हैं।

# तिलहन के रकबे में गिरावट, इसकी जगह गेहूं बो रहे हैं किसान

**- इस वर्ष ज्यादातर वृद्धि गेहूं और दलहन की मुख्य फसलों में हुई**

**नई दिल्ली।** भारत में किसान तिलहन से ज्यादा गेहूं की फसल पर ध्यान दे रहे हैं। रबी फसलों का कुल रकबा बढ़ा है, लेकिन तिलहनी फसलों में गिरावट आई है। रबी फसलों का कुल रकबा 2024-25 में पिछले फसल वर्ष की तुलना में बढ़ा है लेकिन इस दौरान तिलहन फसलों के रकबे में गिरावट आई है। देश इस समय अपनी जरूरत का 55 फीसदी खाद्य तेल आयात कर रहा है, इसे कम करने के लिए सरकार ने तिलहन की बढ़ते रकबे की ओर ध्यान दिया है। पिछले फसल वर्ष की तुलना में इस वर्ष फसलों का कुल रकबा बढ़ा है, लेकिन ज्यादातर वृद्धि गेहूं और दलहन की मुख्य फसलों में हुई है। इसके विपरीत तिलहन के रकबे में गिरावट देखी गई है। इससे किसानों को बेचने में मुश्किलें आ सकती हैं क्योंकि तिलहन की रकबे में कमी का सीधा प्रभाव उनके मुनाफे पर पड़ सकता है। कृषि मंत्रालय ने आंकड़ों के मुताबिक रबी बुआई सीजन के अंत में तिलहन की रकबे में गिरावट देखी गई है, जो मुख्य तौर पर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, और मध्य प्रदेश में हुई है।




उत्तर प्रदेश योजना आयोग के एक पूर्व सदस्य का कहना है कि गेहूं और दलहन जैसी प्रतिस्पर्धी फसलों की तुलना में तिलहन की कम रिटर्न की वजह से किसान इससे दूरी बना रहे हैं। सरकार को इस मुद्दे पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि किसानों को अधिक प्रोत्साहित किया जा सके और वे उन्हें बेहतर मार्गदर्शन और समर्थन प्राप्त कर सकें।

# उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए बूस्टर है कुंभ 25,000 करोड़ के राजस्व मिलने का अनुमान

**होटल व्यवसायियों, होमस्टे मालिकों, रेस्तरां संचालकों को लाभ**

**प्रयागराज ।**

प्रयागराज में संगम के तट पर 45 दिवसीय महाकुंभ मेला, जिसे पहले पूर्ण कुंभ के नाम से जाना जाता था, 13 जनवरी से शुरु होकर 45 दिनों तक चलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच 40 करोड़ आगंतुकों के आने का अनुमान लगाया है। अनुमान है कि महाकुंभ 2025 से योगी सरकार को 25,000 करोड़ रुपये का राजस्व मिल सकता है, इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 2 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक लाभ हो सकता है। इस आयोजन से स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों, होटल व्यवसायियों, होमस्टे मालिकों, रेस्तरां संचालकों और खाद्य विक्रेताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है,



इसमें डाबर, मदर डेयरी और आईटीसी जैसे प्रमुख ब्रांडों द्वारा 3,000 करोड़ खर्च करने का अनुमान है। आधिकारिक अनुमान है कि 2019 के कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालुओं ने भाग लिया था, जबकि 2013 के पूर्ण कुंभ में, इस तब इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था, 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे। 2016 के उज्जैन कुंभ (सिंहस्थ) में 7.5 करोड़ श्रद्धालु आए थे।

उत्तर प्रदेश में योगी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने महाकुंभ के लिए बुनियादी ढांचे से लेकर स्वच्छता तक 549 परियोजनाओं की शुरुआत की है, इसकी लागत 6,900 करोड़ है। 2019 में, 3,700 करोड़ की लागत से 700 परियोजनाएँ शुरू की थीं। राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है कि महाकुंभ मेला बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हो जाए।

## रुपया गिरावट पर बंद




**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया आठे पैसे की गिरावट के साथ ही 86.63 पर बंद हुआ। आज सुबह फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को स्थिर रखने के बाद शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे गिरकर 86.59 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी और अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के कारण रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर खुला और फिर कमजोर रुख के साथ 86.59 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 86.55 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 107.84 पर था।

## मॉस्को सिटी की 'समूह वीजा-मुक्त यात्रा' के लिए भारत के साथ बातचीत

**मुंबई ।** मॉस्को सिटी टूरिज्म कमेटी ने भारत सरकार के साथ समूह वीजा-मुक्त व्यवस्था के लिए बातचीत करने की खबरों के साथ ध्यान खींच लिया है। इस व्यवस्था के तहत एक समूह में यात्रा करने वाले पर्यटकों को बिना वीजा के रूस में प्रवेश की अनुमति देने की योजना है। मॉस्को सिटी टूरिज्म कमेटी के एक अधिकारी ने इसकी घोषणा की। अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत वीजा की आवश्यकता न सिर्फ कम होगी, बल्कि इसमें एक समूह में यात्रा करने वाले पर्यटकों को भारत सरकार के साथ संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का भी माध्यमिका प्रस्ताव है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए विदेश मंत्रालय के साथ चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार है। इससे पहले हमें चीन में स्रोत देखने के लिए मिला। भारत खर्चे में भी फिर चीन के बाद आता है। 2024 के पहले नौ महीनों के दौरान 61,000 भारतीय ग्राहकों और 1.97 करोड अन्य मेहमानों ने मॉस्को की यात्रा की, जो इस साझेदारी की सफलता का प्रमाण है। यह समूह वीजा-मुक्त व्यवस्था संबंधित प्रतियोगिता बाज़ारों में भारत के पर्यटकों को एक नया राहत प्रदान कर सकती है और जनता के बीच अधिक साझेदारी और आत्मविश्वास के लिए मान्यता प्राप्त कर सकती है।


## एलएंडटी को पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण ठेका मिला

**नई दिल्ली ।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने कहा कि उसकी एक सहायक इकाई ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र में माल ढुलाई संभालने की सुविधा स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण ठेका हासिल किया है। इस ठेके के तहत, एलएंडटी को 1,000 करोड़ से 2,500 करोड़ रुपये के बीच का महत्वपूर्ण काम मिलेगा। जीसीसी क्षेत्र में एक प्रमुख रेलवे कंपनी से संदिग्ध ठेका प्राप्त करने के बाद, एलएंडटी अब उन्नत स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों के साथ माल ढुलाई संभालेगा। इस ठेके में इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और संचालन का काम शामिल है। जीसीसी क्षेत्र में यह ठेका कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा और खाड़ी सहयोग क्षेत्र की अवसंरचना में विकास को प्रोत्साहित करेगा। यह एलएंडटी की स्थिरता और प्रभावकारी कार्यक्षमता की एक और विजय है जो वित्तीय पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ेगा।

## कच्चा तेल सस्ता, फिर भी महंगे हुए पेट्रोल और डीजल

**क्रूड की कीमतें 72.79 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें स्थिर होकर 72 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रही हैं. जहां क्रूड की कीमतें 72.79 डॉलर प्रति बैरल है तो ब्रेंट क्रूड का भाव 76.69 डॉलर प्रति बैरल है। इस बीच देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें अपडेट कर दी हैं। देश के कुछ हिस्सों में गुरुवार को ईंधन के दाम बढ़ गए हैं, जबकि कुछ राज्यों में कीमतें कम हुई हैं। देश के 4 महानगरों में से सिर्फ चेन्नई में कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। आंध्रा प्रदेश और असम समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल महंगा हुआ है तो बिहार और अरुणाचल प्रदेश समेत कुछ प्रदेशों पर ईंधन के दाम कम हुए हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.50 रुपये और डीजल 90.03 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 92.49 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 105.01 रुपये और डीजल 91.82 रुपये प्रति लीटर है। इन शहरों में बदल गए भाव- गुरुग्राम में पेट्रोल 94.99 रुपये और डीजल 87.84 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.23 रुपये और डीजल 92.09 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जयपुर में पेट्रोल 104.91 रुपये और डीजल 90.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है।



# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**सेंसेक्स 227, निफ्टी 86 अंक ऊपर आया**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई हैं। सरकारी पीएसयू कंपनियों और बजाज फाइनेंस के शेयरों में उछाल से भी बाजार ऊपर आया है। टाटा मोटर्स में गिरावट से हालांकि इस तेजी पर कुछ हद तक अंकुश लगा। मंथली एक्सपायरी के दिन बाजार में तेजी का माहौल रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स तेजी के साथ अंत में 226.85 अंक करीब 0.30 फीसदी बढ़कर 76,759.81 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 86.40 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी की बढ़त लेकर 23,249.50 पर बंद हुआ।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दरों को स्थिर रखा। हाल ही में ब्याज दरों में कटौती के सिलसिले को रोकते हुए फेड ने फैसला किया कि आगे के आर्थिक और राजनीतिक हालातों को ध्यान में रखते हुए कदम उठाए जाएंगे। फेड की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी ) ने उम्मीदों के अनुसार अपनी ब्याज दर को 4.25 फीसदी से 4.5 फीसदी के बीच स्थिर रखा।

**वहीं गत दिवस भी बाजार बढ़त पर बंद हुआ था।**

बाजार जानकारों के अनुसार सरकारी पीएसयू कंपनियों के शेयरों और बजाज फाइनेंस में उछाल की वजह से बाजार को बल मिला जिससे उसमें तेजी आई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में उछाल से भी बाजार को लाभ हुआ। वैश्विक बाजारों में आई मजबूती से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।




इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार कमजोर शुरुआत के बाद संभल गए। सरकारी पीएसयू कंपनियों के शेयरों और बजाज फाइनेंस में उछाल की वजह से बाजार हरे निशान में लौट गया। हालांकि, टाटा मोटर्स में गिरावट ने बाजार में तेजी सीमित कर दिया। सेंसेक्स गुरुवार को हल्की तेजी के साथ 76,598 अंक पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी खराब शुरुआत के बाद हरे निशान में लौट गया। वहीं एशिया-पैसिफिक बाजारों में मिलेजुले रुख में कारोबार हुआ। ऑस्ट्रेलियाई बाजारों में तेजी देखने को मिली, जबकि वॉल स्ट्रीट में गिरावट दर्ज की गई। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को स्थिर रखने के फैसले के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई बाजार ने बढ़त बनाई। कई बाजार लूनर न्यू ईयर की छुट्टियों के कारण बंद थे। ताजा जानकारी के अनुसार एएसएक्स 200 में 0.4 फीसदी की तेजी दिखी। वहीं जापान का निक्केई और टॉपिक्स क्रमशः 0.17 और 0.2 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए। फेड के ब्याज दर स्थिर रखने के फैसले के बाद अमेरिकी बाजारों में गिरावट आई।

## भारत में बने 'जिम्नी फाइव-डोर' मॉडल की जापानी बाजार में बिक्री शुरू

**- कंपनी का चालू वित्त वर्ष में जापान को निर्यात किया जाने वाला यह दूसरा मॉडल है**





**नई दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि भारत में बने 'जिम्नी फाइव-डोर' मॉडल की जापानी बाजार में बिक्री शुरू की गई है। विशेष रूप से मारुति सुजुकी के गुरुग्राम स्थित संयंत्र में बने इस एसयूवी को गुरुवार को जापान में पेश किया गया। जिम्नी फाइव-डोर मॉडल वित्त वर्ष 2024-25 में फ्रोंक्स के बाद सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के घरेलू बाजार में पेश किया जाने वाला दूसरा एसयूवी बन गया है। मारुति सुजुकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि भारत में बनी जिम्नी 5-डोर को जापान में पेश किए जाने से हमारी वैश्विक स्तर की विनिर्माण क्षमता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि कंपनी का चालू वित्त वर्ष में जापान को निर्यात किया जाने वाला यह दूसरा मॉडल है। इससे पहले अगस्त 2024 में फ्रोंक्स को जापान में पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे बाजारों में इसकी शानदार सफलता के बाद, हमें भरोसा है कि यह जापान में ग्राहकों को पसंद आएगी। जिम्नी का निर्यात 'मेक-इन-इंडिया' के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।मारुति सुजुकी ने कहा कि जिम्नी का तीन दरवाजे वाला संस्करण जापानी बाजार में पहले से ही बिक्री के लिए उपलब्ध है और पांच दरवाजे वाला संस्करण इसकी लोकप्रियता को और बढ़ाएगा।

# दोगुना से अधिक बढ़ा अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा

**- कंपनी की आय बढ़कर 9,329 करोड़ रुपये हुई**

**अहमदाबाद।**

अदाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश कर दिए हैं। अक्टूबर-दिसंबर में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर दोगुना से अधिक बढ़कर 2,620 करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी की आय बढ़कर 9,329 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 8,129 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि कर्ज के बिना कंपनी की नेट वर्थ 62,535 करोड़ रुपये है। कंपनी के पास 8,755 करोड़ रुपये का कैश मौजूद है। अंबुजा सीमेंट्स के एक अधिकारी ने कहा कि हमें अपनी विकास योजना के अनुरूप तिमाही में टिकाऊ प्रदर्शन रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है। इनोवेशन, डिजिटलीकरण, ग्राहक संतुष्टि और ईएसजी पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हमारा विजन नए भौगोलिक क्षेत्रों में हमारे विस्तार को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हमारे रणनीतिक अधिग्रहणों ने हमारी क्षमता और बाजार उपस्थिति में मजबूत वृद्धि की है। तिमाही में कंपनी ने खावड़ा में 200 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता शुरू की है, जिससे आगामी तिमाहियों में बिजली की लागत में कमी आएगी। कंपनी ने दिसंबर तिमाही के दौरान अतिरिक्त 631 मिलियन मीट्रिक टन (एमटी) चूना पत्थर भंडार रिपोर्ट किया है, जिससे कुल भंडार 8.3 बिलियन मीट्रिक टन हो गया। इस साल की शुरुआत में अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड को अदाणी सीमेंटेशन लिमिटेड के साथ विलय के संबंध में एक्सचेंजों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) मिल गया था। अदाणी सीमेंटेशन और अंबुजा सीमेंट्स के बीच विलय के प्रस्ताव को जून 2024 में बोर्ड से मंजूरी मिल गई थी।




## एमएसएमई के लिए नई ऋण गारंटी योजना : निवेश और निर्यात को मिलेगी मदद

**- योजना से भारतीय निर्यात संगठनों को अधिक वित्तीय पहुंच प्राप्त होगी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने एक नई ऋण गारंटी योजना की घोषणा की है, जिसमें एमएसएमई क्षेत्र को 100 करोड़ रुपये तक के ऋण की सुविधा प्राप्त होगी। यह योजना निवेश, विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेगी। निर्यातकों का मानना है कि एमएसएमई के लिए वित्तपोषण की कमी से परिस्थितियाँ कठिन हो रही हैं, जिससे वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता में रोक हो रही है। योजना के अनुसार उधारकर्ता को कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी, जैसे वैध उद्यम पंजीकरण संख्या वाला एमएसएमई होना, गारंटीकृत ऋण की राशि 100 करोड़ रुपये से अधिक न होना और उपकरणों की परियोजना लागत का कम से कम 75 प्रतिशत होना। इस योजना से भारतीय निर्यात संगठनों को अधिक वित्तीय पहुंच मिलेगी और उन्हें नवीनतम उपकरणों में निवेश करने के लिए महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त होगा। इस नीति के माध्यम से सरकार विनिर्माण को बढ़ावा देने और भारत के ग्लोबल प्रतिस्पर्धा में मदद करने के लिए कदम उठा रही है। यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए सहायक होगी।

# डीएवी गांधीनगर कर छउवामन 'सर्योदय आश्रम' कर करलयं सैछनिक भ्रमन



**रांची।** कांके रोड इस्थित डीएवी गांधीनगर पब्लिक इस्कूल कर बिद्यार्थीमन 'गांधी दर्शन' कार्जकरम कर तहत धुर्वा कर तिरिल इस्थित छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान सर्योदय आश्रम कर सैछनिक भ्रमन करलयं। सामाजिक संस्था रिलेशंस कर दन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कर पुण्यतिथि में उनके भ्रमन करालक।

ई अवसर में मुध गोतिया कर तौर में छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान कर संरछक अभय चौधरी, सचिव भावना चौधरी, डीएवी गांधीनगर कर प्राचार्य प्रदीप कुमार झा उपस्थित रहयं। बिसिस्ट गोतिया कर तौर में सामाजिक संस्था रिलेशंस कर निदेसक आशुतोष द्विवेदी, भजन गायक मनीष सोनी संगे ढेइरे गनमान्य ब्यक्ति उपस्थित रहयं। छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान 1928 में बइन रहे। ई झारखंड कर सउबसे पुरना खादी संस्था हेके। ई अवसर में छउवामन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कर जीवनी उपरे आधारित पूरा आश्रम कर भ्रमन करलयं।

हियां आए के बिद्यार्थीमन चरखा चलायेक, तसर से धागा आउर लुगा बनायेक कर बिधि के बारीकी से जानलयं। मधु कर बिसेसता कर बिस्तृत जानकारी प्राप्त करलयं।

ई अवसर में छउवामन के महात्मा गांधी कर बताल गेल डहर में चलेक कर संकल्प भी देवाल गेलक। गांधी दर्शन कार्जकरम से छउवामन ढेएरे उत्साहित रहयं।

मौका में रांची कर भजन गायक मनीष सोनी गांधीजी कर प्रिय भजन रघु पति राघव राजा राम गाय के उनके श्रद्धांजलि देलयं। ई अवसर में नलिनी, कौशल सिंह, संध्या रानी आदि इस्कूल कर सिछक, सिछिकामन आउर बिद्यार्थी उपस्थित रहयं।

# सहीदमन कर स्मृति में आयुक्त कार्जालय में राखल गेलक मौन

**पलामू।** भारत कर स्वतंत्रता संग्राम में आपन प्रान कर आहुति देवेक वाला सहीदमन कर स्मृति में आइज आयुक्त कार्जालय में 2 मिनट कर मौन राखल गेलक। सहीद दिवस कार्जकरम में आयुक्त बालकिशुन मुंडा कर नेतृत्व में आयुक्त कार्जालय कर पदाधिकारी आउर करमीमन 2 मिनट कर मौन राईख के सहीदमन के याइद करलयं।

आयुक्त रास्ट्रीय एकता कर संदेस देलयं। ऊ कहलयं कि आइज ऊ बीरमन के श्रद्धांजलि देवेक कर दिन आहे, जेमन देस कर आजादी ले आपन प्रान कर आहुति देलयं। ई दिन हमिन सउब के देस कर आजादी में बलिदान देवेक वाला बीर सपूतमन कर आदर्स आउर कर्तब्य के निभाएक कर प्रेरना देवेला। सहीद दिवस कार्जकरम में आयुक्त कर सचिव विजय वर्मा संगे आयुक्त कार्यालय, प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेसक कार्यालय कर पदाधिकारी आउर सउब करमीमन उपस्थित रहयं।



# सहीदमन कर स्मृति में दू मिनट कर राखलयं मौन

**रांची।** रांची समाहरणालय ब्लॉक-ए इस्थित सभागार में 30 जनवरी, 2025 के जिला कर सउब बरीय अधिकारी/पदाधिकारी/करमीमन भारत कर स्वतंत्रता संग्राम में आपन प्रान कर आहुति देवेक वाला सहीदमन कर स्मृति में सहीद दिवस के 2 मिनट कर मौन धारन करते उनके श्रद्धांजलि देलयं। सउब उनकर बलिदान के याइद करलयं।




# मौनी अमावस्या कर बिसेस आस्था कर परब में प्रसाद बितरन

**रांची।** मौनी अमावस्या में इटकी रोड इस्थित राधारानी कुष्ठ आश्रम इटकी रोड़ में रहेक वाला 200 गो कुष्ठ रोगीमन कर बीच दूपहर कर भोजन प्रसाद कर रूप में बितरित करल गेलक। झुमरीतिलैया कर भदानी बिल्डकॉन कर स्व. दयाराम भदानी कर स्मृति में आपन आबा प्रवीण भदानी कर सुभकामना कर संगे श्रेयस भदानी आपन सहजोगी अनन्या मंगल कर हाथ से ई काम करलयं।

सेवा विभाग विश्व हिन्दू परिषद झारखंड कर प्रवक्ता संजय सर्राफ बतालयं कि ई आयोजन कर बेबस्था प्रांत सह-सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल आउर प्रांतीय उपाध्यछ राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा आउर जितेन्द्र महतो आपन सहजोगी संगीमन कइर रहयं। एखन 10 दिन पहिले राधा रानी कुष्ठ आश्रम निवासी राजू कुमार कर प्राकृतिक कारन से देहवासन होय जाए रहे, जेकर दाह संस्कार हरमू घाट में विश्व हिंदू परिषद सेवा बिभाग कर कार्जकर्तामन कर द्वारा करल जाए रहे। स्व राजू कुमार कर आपन बहिन आउर भाभी भी ई कार्जकरम में आपन उपस्थिति दर्ज करालयं। कुष्ठ आश्रम कर स्वर्गीय राजू कर सहजोगीमन कर संगे मिइल के पुण्यात्मा कर सद्गति ले सउब मिइल के प्रार्थना करलयं।

अइसन मान्यता आहे कि मौनी अमावस्या हिंदू आस्था कर एगो प्रमुख परब हेके, मकिल गरीबमन के भोजन आउर अन्नदान बिसेस फलदायी होवेला। ई निमित्त देवल गेल दान बहुते महत्व कर होवेला। सेवा बिभाग विश्व हिंदू परिषद कर प्रवक्ता संजय सराफ बतालयं कि श्रेयस भदानी सनिचर के पहाड़ी मंदिर रांची कर पीछे सृजन हेल्प परिवार कर मंदबुद्धि आउर मुक बधिर छउवामन कर बीच एक फरवरी के प्रसाद भोजन कर रूप में आपन सहजोगी अनन्या मंगल कर संगे बितरित करबयं।



## नागपुरी कविता

### उम्मीद कर फूल



रामदेव बड़ाईक

गरीब घरे जनम ले हिस,
तनि पढ़–लिख मंईंयां,
उम्मीद कर फूल फूलेल ,
दृढ़–संकल्प से हियां ।

सिक्छा कर महातम के,
तोंय नी बूझत हिस,
तोंय का ले.., पढ़े–लिखे,
नी खोजत हिस ।।

संघर्ष आउर साहस ,
तोंय नी करत हिस,
धैर्य बनाय के,
तोंय नी रहत हिस ।

जीवन के उंचाई तक,
सिक्छाय तो लेजेल,
सिक्छाय मान–सम्मान,
सपना साकार करेल ।

सिक्छा आत्मविश्वास के,
बयां हों करेल,
उज्जवल भबिस्य ले ई,
दीया हों बारेल ।

गरीब घरे जनम ले हिस,
तनि पढ़–लिख मंईंयां,
'उम्मीद कर फूल' फूलेल,
दृढ़–संकल्प से हियां ।।

# झामुमो जयनगर कर सम्मेलन एक के, बैठकी में सामिल होलयं पूर्ब बिधायक




**कोडरमा।** बरकट्ठा बिधानसभा छेतर अन्तर्गत जिला कोडरमा कर परखंड जयनगर कर झारखंड मुक्ति मोर्चा, परखंड कमेटी कर सम्मेलन जिला समिति कर निरदेस में 1 फरवरी, 2025 के होवी। पॉवर हाऊस डंडाडीह में परखंड सम्मेलन होवी। इकर में परखंड कमेटि कर गठन होवी। संगे, झामुमो जयनगर परखंड में 25000 सदस्य बनावी।

बैठकी में पूर्ब बिधायक (बरकट्ठा) जानकी प्रसाद यादव कहलयं कि हमिन भले हे चुनाव हाइर जाए ही, मकिल जमीन नई हाइर ही। बरकट्ठा बिधानसभा छेतर कर जनता कर सुख-दुख में हमेसा लखे ठड़ा रहमुं। राइज में अबुआ सरकार बेहतर काम करत हे। राइज कर आधी आबादी के मंईयां सम्मान योजना तहत 2500 रुपये देइ के उनके आर्थिक रूप से स्वालम्बी बनायेक कर चरचा रास्ट्रीय अस्तर में होवत हे।

परखंड सम्मेलन में पूर्ब बिधायक जानकी प्रसाद यादव, जिलाध्यछ बिरेन्द्र पाण्डेय बतौर मुध गोतिया कर रूप में सम्मिलित होंबयं।

# ठंडा में जरूरतमंदमन के समाजसेवी बांटलयं कंबल

**पिठोरिया।** कड़ाके कर ठंडा के देखते जरूरतमंदमन के समाजसेवी देवेंद्र प्रकाश 1000 गो कंबल बांटलयं। ऊ पिठोरिया छेतर कर जीदू, मारवा, चिरूवा, मुरेठा, पतरातू, बरवाटोली आउर पुसु गांव में कंबल बांटलयं।

कार्जकरम में स्वामी देवेंद्र प्रकाश कहलयं कि समाजसेवा कर ई काम आगे भी चलते रही, ताकि बेसी से बेसी जरूरतमंदमन के मदइत पहुंचाल जाए सके। संगे भविस में भी उनकर सुख-दुख में संग देवेक कर वादा करलयं।

कार्जकरम में रुपाश्री गाड़ी, रेखा देवी, दीपा कुमारी, जगत किशोर महतो, अर्जुन महतो, शिव महतो, उदय पासवान, कुशीन्द्र पाहन आउर दिलीप मुंडा संगे आउरोंमन सामिल होलयं। कंबल मिलेक वाला कर चेहरा में खुसी आउर संतोस झलकत रहे।



# दयानंद पब्लिक इस्कूल में ग्रेजुएशन नाइट सेसन कर आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** दयानंद पब्लिक इस्कूल ग्रेजुएशन नाइट सेसन 2024-2025 कर इस्कूल परिसर में सुकरवार के आयोजन होलक। रंगारंग आउर इंज्वाय करेक वाला ई समारोह कर सुरुआत प्रिंसिपल स्वर्णा मिश्रा कर पारंपरिक दीप जलाय के करलयं। ऊ हर छात्र कर करियर में दृढ़ता, नवाचार आउर नैतिक नेतृत्व कर महत्वपूर्न भूमिका उपरे जोर देलयं।

जमशेदपुर आर्य समाज ट्रस्ट कर डॉ. आर.एन. शर्मा स्नातक कर संगे बातचीत करलयं। ई महत्वपूर्न मौका में समिति कर सदस्य स्नातक के आपन आसिरबाद देवेक ले उपस्थित रहयं। ऊ आपन जिनगी कर हर छेतर में वफादारी आउर समर्पन कर मूल्य के बनाए राखेक ले छात्रमन के सुभकामना देलयं। सिछाबिद आउर बिभिन्न अन्य उत्कृष्टता कर प्रति उनकर समर्पन आउर प्रतिबद्धता के स्वीकार करते स्नातक के बिभिन्न पुरस्कार आउर सम्मान परदान करल गेलक।

स्नातक समारोह उपलब्धि आउर प्रत्यासा कर संगे संपन्न होलक, जे न खली एगो सैछनिक यात्रा कर अंत कर बल्कि एगो आसाजनक भविस कर सुरुआत कर प्रतीक हय। स्नातक इस्कूल द्वारा देवल गेल ज्ञान आउर मूल्य से लैस होय के गर्ब कर भावना कर संगे रवाना होलयं, जे सार्थक बनायेक ले तैयार रहयं।



मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशं प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com